सूर्योदय 5:50 सूर्यास्त 6:50

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.5 न्यू | 24.3 अधि |
| धर्मशाला | 15.9 न्यू | 27.3 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73088 .33 |
| निफ्टी | 21147 .00 |
| सोना 72,610 | चांदी 86,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 20 अप्रैल, 2024 | 8 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 122, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

**आज के अंक में**

- जांच के शिकंजे में ब्वॉयज स्कूल हमीरपुर
- जोल गांव में मतदान के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

पृष्ठ 5 पर पढ़ें



- पेड़ों को कील व तार मुक्त करने के डीएफओ के आदेश
- नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

पृष्ठ 6 पर पढ़ें



- घुमारवीं में भरे साबूदाना और आटे के सैंपल
- पांच दिन के बाद भी नहीं मिली सीएमओ को रिपोर्ट

पृष्ठ 13 पर पढ़ें



- हार्दिक पांड्या पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना
- दिल्ली के सामने सनराइजर्स हैदराबाद की चुनौती

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## आज का मैच

दिल्ली कैपिटल्स vs सनराइजर्स हैदराबाद

स्थान : दिल्ली, समय : रात 7:30 बजे

## न्यूज शॉर्ट्स

### हेलिकॉप्टर दुर्घटना में केन्या के सैन्य प्रमुख समेत 10 की मौत

**नैरोबी।** केन्या में एक सैन्य हेलिकॉप्टर उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, इस हादसे में केन्या के सैन्य प्रमुख जनरल फ्रांसिस ओगोला सहित 10 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में सैन्य प्रमुख फ्रांसिस ओगोला के मरने की पुष्टि राष्ट्रपति विलियम रुटो ने अपने एक बयान में की। राष्ट्रपति विलियम रूटो ने रक्षा बलों के दिवंगत प्रमुख जनरल फ्रांसिस ओगोला के सम्मान में तीन दिनों के शोक की घोषणा की है।

### गांधीनगर लोकसभा सीट से अमित शाह ने किया नामांकन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री और गुजरात की गांधीनगर सीट से भाजपा उम्मीदवार अमित शाह ने नामांकन



दाखिल कर दिया है। अमित शाह लगातार दूसरी बार गांधीनगर से चुनाव लड़ रहे हैं। शाह ने कहा कि गांधीनगर की जनता का हमेशा सहयोग मिला है। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि इस सीट का प्रतिनिधित्व लालकृष्ण आडवाणी, अटल जी ने किया और जिस सीट से नरेंद्र मोदी खुद मतदाता हैं। मैं इस सीट से 30 साल तक विधायक, सांसद रहा हूं।

### केजरीवाल की याचिका पर फैसला 22 अप्रैल को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज ऐवन्यू कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। केजरीवाल की भोजन और इंसुलिन वाली याचिका पर अब कोर्ट सोमवार 22 अप्रैल को फैसला सुनाएगा। सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील ने कहा कि अर्जी पर जवाब की कोई जरूरत नहीं है. वहीं ईडी ने कहा कि एम्स के डॉक्टर को केजरीवाल की सेहत की जांच करने दी जाए।

अनंत ज्ञान

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट राइटर और उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**अकाउंट डिपार्टमेंट**

कंप्यूटर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में काम करने वाला अनुभवी अकाउंटेंट चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

**लोकसभा चुनाव-2024 : पहले चरण में छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण तरीके से हुआ मतदान**

# 21 राज्यों की 102 सीटों पर 63% वोटिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** चुनाव-2024 के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को मतदान हुआ। छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण तरीके से हुआ। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और शाम 6 बजे खत्म हुआ।

भारत निर्वाचन आयोग के ऐप टर्न आउट के मुताबिक, पहले चरण में करीब 63 प्रतिशत मतदान हुआ। हालांकि, यह अनुमानिक रुझान है क्योंकि मतदान केंद्रों में आंकड़े प्राप्त होने में समय लगता है और इस रुझान में डाक मत पत्र से मतदान के आंकड़े अभी शामिल नहीं हैं।

लोकसभा चुनाव के पहले फेज के साथ ही अरुणाचल प्रदेश (60 सीटें) और सिक्किम (32 सीटें) पर विधानसभा चुनाव के लिए भी मतदान हुआ। 26 अप्रैल को दूसरे चरण के लिए मतदान होगा। पहले चरण में कुल 1,625 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। इनमें 1,491 पुरुष, 134 महिला कैंडिडेट हैं। आज हुई वोटिंग में आठ केंद्रीय मंत्रियों, एक पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है। चुनाव के नतीजे 4 जून को आएंगे।

- पहले फेज के साथ ही अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा के लिए भी हुआ मतदान
- मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और शाम 6 बजे खत्म
- 26 अप्रैल को होगा दूसरे चरण के लिए मतदान



उत्तराखंड के हल्द्वानी में एक प्राइमरी स्कूल में वोट डालने के लिए जुटी मतदाताओं की भीड़। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में राज्य की पांच सीटों पर वोट पड़े।

### पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा 77.57 प्रतिशत मतदान तो बिहार में 46.32 प्रतिशत वोटिंग

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तमिलनाडु | 62.02 प्रतिशत | नगालैंड | 55.79 प्रतिशत | लक्षद्वीप | 59.02 प्रतिशत | अरुणाचल प्रदेश | 63.44 प्रतिशत |
| त्रिपुरा | 76.10 प्रतिशत | पुडुचेरी | 72.84 प्रतिशत | महाराष्ट्र | 54.85 प्रतिशत | असम | 70.77प्रतिशत |
| यूपी | 57.54 प्रतिशत | राजस्थान | 50.27 प्रतिशत | मणिपुर | 67.66प्रतिशत | बिहार | 46.32प्रतिशत |
| उत्तराखंड | 53.56 प्रतिशत | सिक्किम | 68.06 प्रतिशत | मेघालय | 69.91प्रतिशत | छत्तीसगढ़ | 63.41प्रतिशत |
| पश्चिम बंगाल | 77.57प्रतिशत | मध्य प्रदेश | 63.27 प्रतिशत | अंडमान निकोबार | 56.87 प्रतिशत | जम्मू-कश्मीर | 65.08प्रतिशत |

### बीजापुर में जवान देवेंद्र कुमार शहीद

**छत्तीसगढ़** के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर (यूबीजीएल) का गोला दुर्घटनावश फट जाने से घायल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का जवान शहीद हो गया।

बस्तर के आईजी पी सुंदरराज के मुताबिक, चुनाव ड्यूटी के दौरान यूबीजीएल का सैल फटने से जवान देवेंद्र कुमार घायल हो गए थे। उनका जगदलपुर में इलाज चल रहा था, जहां वह शहीद हो गए।

### प. बंगाल में पथराव, मणिपुर में फायरिंग

**पश्चिम** बंगाल के कूचबिहार में वोटिंग के दौरान पथराव की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि चंदामारी इलाके में पथराव किया गया है। वहीं, मणिपुर में मतदान के बीच फायरिंग और झड़प भी हुई। घटना में एक नागरिक को चोटें भी आई हैं।

### इन दिग्गजों ने डाला वोट



नागपुर में परिवार के साथ नितिन गडकरी ने डाला वोट।



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में डाला वोट।



चेन्नई में वोट डालने के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनकी पत्नी।



केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल बीकानेर में पत्नी के साथ वोट डालने पहुंचे।



वोट डालने के बाद परिवार के साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

## हिमाचल में ओलावृष्टि के साथ तूफान का कहर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में जारी येलो अलर्ट के बीच लाहौल-स्पीति, किन्नौर, चंबा और कुल्लू के ऊपरी इलाकों तथा धौलाधार के पर्वतों पर ताजा हिमपात हुआ है। रोहतांग और शिंकुला दर्रे पर भी बर्फबारी हुई है। वही, ऊना के गगरेट में कई जगह पेड़ गिरने से छह से ज्यादा गाड़ियों और घरों को नुकसान हुआ है।

मनाली में भी देवदार का पेड़ गिरने से दस गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रदेश में कई जगह ओलावृष्टि के साथ तूफान ने कहर मचाया। कई घरों की छतें उड़ गईं।

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से हिमाचल प्रदेश के कई भागों में छह दिनों तक मौसम खराब बना रहने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार शनिवार को प्रदेश के कई भागों में बारिश की संभावना जताई गई। वहीं, चोटियों पर हल्की बर्फबारी हो सकती है। कुछ स्थानों के लिए अंधड़ चलने व ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार प्रदेश के कई भागों में 24 अप्रैल तक बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है।

- चोटियों पर बर्फबारी, गगरेट और मनाली में पेड़ गिरने से कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त



लाहौल-स्पीति में हुए ताजा बर्फबारी का दृश्य।

### तीन वर्षीय बच्ची के सिर पर गिरी ईंट, मौके पर मौत

**डाडासीबा।** तेज तूफान के कारण जसवां-प्रागपुर विधानसभा के तहत गंगोट पंचायत के गांव मोइन में आंगन में खेल रही तीन साल की बच्ची के सिर पर ईंट गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। बच्ची का नाम आयशाना था और अपनी नानी के घर आई हुई थी।

### राज्यसभा क्रॉस वोटिंग मामले में सुनवाई आज

**शिमला ।** अभिषेक मनु सिंघवी द्वारा राज्यसभा क्रॉस वोटिंग में बराबरी के बाद पर्ची सिस्टम से निकाले गए परिणामों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई 20 अप्रैल के लिए सूचीबद्ध की गई है। याचिका में दिए तथ्यों के अनुसार राज्यसभा वोटिंग में दोनों ही उम्मीदवारों को 34-34 वोट प्राप्त हुए थे। इसके बाद पर्ची से नाम निकाले गए, लेकिन इस पर्ची सिस्टम में जिस तरह से भाजपा प्रत्याशी को विजेता घोषित किया गया वह गलत है।

पर्ची निकलने के हिसाब से जिस उम्मीदवार की जीत होनी चाहिए थी, उससे उल्टा दूसरे उम्मीदवार को जितवाया गया। प्रार्थी ने हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट में याचिका दायर की है।

**हाईकोर्ट का धर्मशाला नगर निगम को आदेश**

## कानूनी शक्तियों का इस्तेमाल कर पूरा करें सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश हाईकोर्ट ने धर्मशाला में सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य शीघ्र पूरा करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले भू-मालिकों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 358 का प्रयोग करते हुए कार्रवाई करने के आदेश भी दिए।



मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने हैरानी जताई कि धर्मशाला में सीवरेज लाइन बिछाने के लिए वर्ष 2022 में ठेकेदारों को काम सौंपा गया था, वह आज तक भी पूरा नहीं हुआ है। सीवरेज का कार्य देखने वाले उपमंडल अधिकारी ने स्टेट्स रिपोर्ट के माध्यम से कोर्ट को बताया कि कुछ निजी संपत्ति के मालिक अपनी भूमि अथवा मकान के गेट के भीतर से सीवरेज लाइन नहीं बिछाने दे रहे।

इस कारण सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य रुका हुआ है। इस पर कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए नगर निगम धर्मशाला को उसकी कानूनी शक्तियां दिखाते हुए उनका इस्तेमाल करने के आदेश दिए।

## महिला ने एक साथ दिया तीन बच्चियों को जन्म

**एसपी जैरथ, नाहन**



सिरमौर जिला के डॉ. यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज नाहन में एक महिला ने एक साथ तीन बच्चियों को जन्म दिया है। महिला के पति मदन सिंह ने बताया कि डॉक्टर ने जुड़वा बच्चों के बारे में पहले ही बताया था।

साथ ही ये भी कहा था कि बड़े अस्पताल में डिलीवरी करवाएं। लिहाजा, वह एक माह पहले नाहन आ गए और यहीं अपने भाई के पास रहने लगे थे। गिरिपार क्षेत्र में 'द ग्रेट खली' की पंचायत नैनीधार के कलोग गांव की 28 वर्षीय किरण की गोद में पहले से ही अढ़ाई साल, चार वर्ष व 8 साल की बेटियां हैं। बावजूद इसके नॉर्मल डिलीवरी में एक साथ ही तीन और बेटियों को जन्म देकर 6 बेटियों की मां बन गई हैं। (अनंत ज्ञान)

## एनसीईआरटी के सौरमंडल में 'प्लूटो' अब भी ग्रह

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

एनसीईआरटी के सौरमंडल में 'प्लूटो' अभी भी 9 ग्रहों के रूप में दर्शाया जा रहा है, जबकि इसे वर्ष 2006 में सिलेबस से हटाया जा चुका है।

तब दूरी क्रम के अनुसार यह सबसे ज्यादा दूरी पर स्थित ग्रह था। साल 2006 में अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ की 26वीं महासभा ने इसे ग्रहों की श्रेणी से हटा दिया था, मगर कक्षा छठी की एनसीईआरटी सामाजिक विज्ञान की पाठ्य-पुस्तक पृथ्वी: हमारा आवास में प्रथम पाठ 'सौरमंडल में पृथ्वी' में पहले पेज पर दिए गए सौरमंडल के चित्र में प्लूटो अब भी ग्रह के



त्रुटिपूर्ण यह फोटो अपनी गलती खुद दर्शा रही है।

रूप में दर्शाया गया है। पाठ में भले ही इसका उल्लेख नहीं आया है, मगर नक्शा अब भी प्लूटो वाला ही प्रकाशित किया जा रहा है। इधर राजकीय टीजीटी कला संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर का कहना है कि इस त्रुटि बारे रिपोर्ट एनसीईआरटी को भी भेजी गई है। (अनंत ज्ञान)

### भारत की जनसंख्या भी गलत प्रकाशित

**इसके** अलावा कक्षा आठवीं के भूगोल विषय की पाठ्यपुस्तक 'संसाधन एवं विकास' में पृष्ठ संख्या



45 पर जनगणना का वर्ष 2011 का भी अस्थायी डाटा ही प्रकाशित किया है, जिसमें चीन की जनसंख्या भारत से अधिक है, जबकि गत वर्ष अप्रैल माह में भारत की आबादी चीन से अधिक हो गई थी। भारत सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश बना था।

## भवारना में 50 वर्षीय महिला की गला रेतकर हत्या

**राकेश डोगरा, पालमपुर**

**कांगड़ा** जिले के भवारना में वीरवार देर रात 50 वर्षीय महिला का घर से तीन किलोमीटर दूर संदिग्ध हालत में शव बरामद हुआ। परिजनों के अनुसार, महिला की गला रेतकर हत्या की गई है। एसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

- घर से तीन किलोमीटर दूर मिला शव

भवारना की गदियाड़ा पंचायत के नलोट गांव की कुसुम गुरुवार को पालमपुर के लिए घर से निकली थी, लेकिन रात होने पर भी जब वह घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और पुलिस को सूचित किया। देर रात करीब 10 बजे पुलिया के नीचे महिला का शव बरामद हुआ। मृतक महिला के पति कल्याण चंद ने पुलिस से दोषियों को पकड़ने की गुहार लगाई है। (अनंत ज्ञान)

**खुलासा** गुजरात के कच्छ स्थित खदान में एक विशालकाय सर्प की रीढ़ की हड्डी के मिले अवशेष

# वासुकि नाग के अस्तित्व पर लगी विज्ञान की मुहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

समुद्र मंथन की पौराणिक गाथाओं में मंदराचल पर्वत पर लपेटे गए वासुकि नाग के अस्तित्व को प्रमाणित करने के लिए जरूरी वैज्ञानिक आधार मिल गया है। आईआईटी रुड़की के एक अहम शोध में गुजरात के कच्छ स्थित खदान में एक विशालकाय सर्प की रीढ़ की हड्डी के अवशेष मिले हैं। यह अवशेष 4.7 करोड़ वर्ष पुराने हैं जिसमें सर्प की हड्डी के अवशेष मिले हैं, विज्ञानियों ने उसे वासुकि इंडिकस नाम दिया है।

विज्ञानियों का कहना है कि यह अवशेष धरती पर अस्तित्व में रहे विशालतम सर्प के हो सकते हैं।



खदान में मिले विशालकाय सर्प वासुकि नाग की रीढ़ की हड्डी के अवशेष। (फोटो-एपी)

कच्छ स्थित पनंध्रो लिग्नाइट खदान में विज्ञानियों ने 27 अवशेष खोजे हैं, जो कि सर्प की रीढ़ की हड्डी (वर्टिब्रा) के हिस्से हैं। शोध के मुख्य लेखक और आईआईटी रुड़की के शोधार्थी देबाजीत दत्ता ने बताया कि आकार को देखते हुए कहा जा सकता है कि वासुकि एक धीमी गति से विचरण करने वाला सर्प था, जो एनाकोंडा और अजगर की तरह अपने शिकार को जकड़ कर उसकी जान ले लेता था।

जब धरती का तापमान आज से कहीं अधिक था तब यह सर्प तटीय क्षेत्र के आसपास दलदली भूमि में रहता था। यह सर्प 6.5 करोड़ वर्ष पूर्व डायनासोर का अस्तित्व खत्म होने के बाद आरंभ हुए सेनोजोइक युग में रहता था।

वासुकि करीब नौ करोड़ वर्ष पहले पाए जाने वाले मैडसोइड सर्प वंश का सदस्य था, जो करीब 12,000 वर्ष पहले विलुप्त हो गया। सर्प की यह प्रजाति भारत से निकल कर दक्षिणी यूरेशिया और उत्तरी अफ्रीका तक फैल गई।

### रीढ़ की हड्डी का सबसे बड़ा हिस्सा साढ़े चार इंच का

वासुकि नाग की रीढ़ की हड्डी का सबसे बड़ा हिस्सा साढ़े चार इंच का पाया गया है और विज्ञानियों के अनुसार, विशाल सर्प की बेलनाकार शारीरिक संरचना की गोलाई करीब 17 इंच रही होगी।

इस खोज में सर्प का सिर नहीं मिला है। शोधार्थी देबाजीत दत्ता का कहना है कि वासुकि एक विशाल जीव रहा होगा, जो अपने सिर को किसी ऊंचे स्थान पर टिकाने के बाद शेष शरीर को चारों ओर लपेट लेता रहा होगा। फिर यह दलदली भूमि में किसी अंतहीन ट्रेन की तरह विचरण करता रहा होगा।

## दिनेश कुमार त्रिपाठी होंगे नए नौसेना प्रमुख

**नई दिल्ली ।** वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी देश के नए नौसेना प्रमुख बनने जा रहे हैं। वह मौजूदा नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की जगह लेंगे।



दरअसल, एडमिरल आर हरि कुमार 30 अप्रैल को रिटायर होने जा रहे हैं। उनके रिटायरमेंट के बाद वाईस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी नौसेना का पदभार संभालेंगे।

15 मई, 1964 को जन्मे वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को 1 जुलाई, 1985 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त किया गया था। उनकी पहचान कम्युनिकेशन और इलेक्ट्रॉनिक वार स्पेशलिस्ट की रही है। उन्होंने करीब 39 सालों की लंबी और विशिष्ट सेवाएं दी हैं।

## ईरान के परमाणु ठिकाने वाले शहर पर इसराइल का हमला

**एजेंसी, तेल अवीव**

इसराइल ने ईरानी हमले के 6 दिन बाद शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे (भारतीय समयानुसार) जवाबी कार्रवाई की है। इसराइल ने ईरान के परमाणु ठिकाने वाले शहर इस्फहान को निशाना बनाया। इसके अलावा इराक और सरिया में भी एयरस्ट्राइक की हैं।

इस्फहान वही प्रांत है, जहां नतान्ज समेत ईरान की कई न्यूक्लियर साइट्स मौजूद हैं। नतान्ज ईरान के यूरेनियम प्रोग्राम का मुख्य हिस्सा है। ईरान की फारस न्यूज एजेंसी ने भी धमाकों की आवाज सुनाई देने की जानकारी दी। हमला ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के जन्मदिन के दिन हुआ है।

हालांकि, इसराइल ने अब तक हमला करने की पुष्टि नहीं की है।

### एयर इंडिया की उड़ानों पर 30 अप्रैल तक प्रतिबंध



धमाकों के बाद ईरानी एयरस्पेस से कई फ्लाइट्स को डायवर्ट कर दिया गया है। करीब 8 विमानों के रास्ता बदलने की खबर है।

इस बीच भारत ने इसराइल जाने वाली एयर इंडिया की उड़ानों पर 30 अप्रैल तक प्रतिबंध लगा दिया है। इस दौरान तेल अवीव को कोई उड़ान नहीं होगी।

# बीफ खाने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी जनता: मनकोटिया

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**



कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरिंद्र सिंह मनकोटिया ग्रामीणों के साथ।

कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरिंद्र सिंह मनकोटिया ने सनातन धर्म, हिंदू धर्म में आस्था रखने वालों, बजरंग दल, गोरक्षक संस्थाओं से संबंधित व्यक्तियों से सवाल किया है कि वे (बीफ) गो माता का मांस खाने वाले प्रत्याशियों या उसकी पार्टी को वोट कैसे देंगे। बूथ स्तर पर कांग्रेस पार्टी के लिए प्रचार के दौरान सुरिंद्र सिंह मनकोटिया ने मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनोत को हिंदू धर्म को भ्रष्ट करने को लेकर घेरा। उन्होंने कहा कि बीजेपी पार्टी का असली चाल, चरित्र, चेहरा अब सामने आया है, जिन्होंने बीफ खाने वाली को लोकसभा का टिकट दे दिया। बीफ खाने की बात स्वयं कंगना ने कही है और उसको स्वादिष्ट भी कहा है। ऐसे में राम,कृष्णा, अयोध्या, मथुरा, वाराणसी की बात करने वाली और ज्ञानव्यापी, बाबरी मस्जिद , काशी और मथुरा की मस्जिदों का विरोध करने वाली बीजेपी ने एक गो मांस खाने वाली को टिकट कैसे दे दिया। इसका मतलब यह पार्टी हिंदू धर्म का हितैषी होने का ढोंग रच रही हैं। मनकोटिया ने कहा कि हिमाचल की जनता बीफ खाने वालों और उसकी पार्टी को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी और चुनाव में बीजेपी के विरुद्ध वोट डालकर, चारों सीटें कांग्रेस की झोली में डालेगी।

## हनुमान जयंती पर कार्यक्रम 23 को

**जयसिंहपुर।** लोअर लंबागाव मोटिवेशन फिटनेस क्लब व चिन्मय सनातन परिवार द्वारा लोअर लंबागाव स्थित प्रसिद्ध बाबा कोडगिर मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव का वार्षिक कार्यक्रम होगा। 23 अप्रैल को सुबह 5.30 बजे अभिषेक, सुबह 6 बजे प्रभात फेरी, सुबह 9 बजे सुंदरकांड, दोपहर 12 बजे 51 किलो लड्डूओं का भोग लगाया जाएगा, इसके साथ झांकी निकाली जाएगी। यह झांकी झुंगा देवी से जयसिंहपुर तक निकाली जाएगी। लोअर लंबागाव मोटिवेशन फिटनेस क्लब के अध्यक्ष विकास राणा ने लोगों से 23 अप्रैल को धार्मिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध बाबा कोडगिर मंदिर में पहुंचने की अपील की है।

# पीएम मोदी ने बंद करवाई लूट की दुकान: डॉ. राजीव

## नूरपुर में जनसभा के दौरान बोले कांगड़ा-चंबा सीट के लोकसभा प्रत्याशी

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**



नूरपुर में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कांगड़ा-चंबा सीट के लोकसभा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज का स्वागत करते भाजपाई।

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने नूरपुर में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं का उत्साह देख यह साफ है की देश के प्रधानमंत्री तीसरी बार नरेंद्र मोदी ही बनेंगे। उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार ही देश की पहचान बन गया था। 2014 से पहले लाखों-करोड़ों रुपए के घोटाले होते थे। कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री ने कहा था कि दिल्ली से एक रुपया भेजा जाता है तो गरीब तक मात्र 15 पैसे ही पहुंचते हैं, इसलिए जनता को पहचानना होगा कि वह कौन सा पंजा है जो बीच में पैसे का गबन कर लेता है।

कांग्रेस और भ्रष्टाचार का पुराना नाता है और कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। भाजपा के पीएम मोदी ने कांग्रेस की इस लूट की व्यवस्था पर ताला लगा दिया है। भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार ने दस वर्षों में 34 लाख करोड़ रुपए सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजे हैं। यदि देश में कांग्रेस की सरकार होती तो कांग्रेस इन 34 लाख करोड़ में से 28 लाख करोड़ रुपए लूट लेती। आजादी के बाद से कांग्रेस समझती थी उसे देश को लूटने का लाइसेंस मिला हुआ है। 2014 में सरकार में आने के बाद मोदी ने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस ही कैंसिल कर दिया है और ये सिर्फ जनता के अपार समर्थन के कारण ही संभव हुआ है।

इस बार भी जनता कांगड़ा से भाजपा को भारी मतों से जिताएगी और केंद्र में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा की लूट की दुकान बंद होने के कारण ही कांग्रेस आज मोदी को गाली दे रही है। कांग्रेस यह नहीं जानती है कि देश की जनता और माताएं-बहनें मोदी का रक्षाकवच बन कर खड़ी हुई हैं। भारद्वाज ने कहा कि जब से इन घोटालेबाजों और बिचौलियों की कमाई बंद की है, तब से इनका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। ऐसी हालत कांग्रेस पार्टी की देश और हिमाचल प्रदेश दोनों में हो चुकी हैं।

### चैतडू में डॉक्टर राजीव भारद्वाज की जीत के लिए बनाई रणनीति

**धर्मशाला।** धर्मशाला के समीप चैतडू गांव स्थित भारतीय जनता पार्टी के कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र कार्यालय में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर हिमाचल प्रदेश विधानसभा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रभारी व सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने संघटनात्मक दृष्टि से बैठक ली। बैठक में चुनावी मैदान में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर राजीव भारद्वाज को भारी बहुमत से सीट सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन काजल, कांगड़ा-चंबा भाजपा के संजोयक चंद्रभूषण नाग, कांगड़ा-चंबा भाजपा के संगठन मंत्री राजपाल, पूर्व विधायक अरुण कुमार कूका, पूर्व विधायक विशाल नेहरिया, हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सचिव विशाल चौहान, हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु, जिला कांगड़ा भाजपा अध्यक्ष सचिन शर्मा, जिला कांगड़ा भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश शर्मा, जिला कांगड़ा भाजपा मीडिया सह-प्रभारी अंकुश वर्मा, अधिराज सूद, धर्मशाला म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के पूर्व उपमहापौर व पार्षद सर्व चंद गलोटिया, कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र कार्यालय के प्रबंधक डॉक्टर विजय शर्मा, रविंद्र धवन आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक की टक्कर से महिला घायल

**धर्मशाला।** पुलिस थाना पालमपुर के तहत बनोटू मंदिर के पास अज्ञात बाइक चालक ने अपनी बाइक को तेज रफ्तारी व लापरवाही से चलाते हुए सड़क किनारे पैदल जा रही सविता देवी निवासी पट्टी तहसील पालमपुर को टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर लगने से महिला घायल हो गई और बाइक सवार मौके से भाग निकला। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल महिला को स्थानीय अस्पताल धर्मशाला पहुंचाया जहां उनकी उपचार चल रहा है। पुलिस ने उक्त मामले को भारतीय दंड सहिंता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### रोपड़ी में मारपीट करने पर मामला दर्ज

**धर्मशाला।** पुलिस थाना लंबागांव के तहत रोपड़ी में प्रदीप कटोच निवासी उतरापुर तहसील जयसिंहपुर ने राजीव कुमार निवासी उतरापुर का रास्ता रोक कर मारपीट की। इस संदर्भ में पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पंतेहड़ में दुकान से अवैध शराब बरामद

**धर्मशाला।** पुलिस थाना खुडिंया के तहत बसींह पंतेहड़ में प्रिंस ठाकुर निवासी बसींह पंतेहड़ की दुकान से 5,250 एमएल अवैध देसी शराब बरामद की गई है। पुलिस ने इस मामले में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बाली ने खड़गे को लिखा पत्र, लोकसभा का टिकट देने से पहले कर लें चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक मतों से जीत दर्ज कर विधानसभा पहुंचने वाले रघुवीर सिंह बाली ने पार्टी हाईकमान को एक मार्मिक पत्र भेज आगामी लोकसभा चुनाव न लड़ने की अप्रत्यक्ष रूप से बात कही है। बाली ने यह पत्र कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि वह पहली बार विधायक बने हैं और उन्होंने जनता एवं युवाओं से जो वादे किए हैं, वह उन्हें पूरा करने में जुटे हुए हैं। बाली ने पत्र में लिखा है कि विभिन्न माध्यमों से यह ज्ञात हुआ है कि लोकसभा चुनाव के लिए कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी के तौर पर उनके नाम का जिक्र हो रहा है, लेकिन इस विषय में पार्टी हाईकमान के किसी भी पदाधिकारी ने उनसे कोई बात नहीं की है। पार्टी हाईकमान के किसी भी निर्णय का वह स्वागत करते हैं और टिकट आवंटन से पूर्व उनसे विचार-विमर्श जरूर किया जाए। अपनी विधानसभा में 5 हजार रोजगार देने व पिता पूर्व मंत्री स्व. जीएस बाली के समय जो विकास कार्य हुए, उन्हें आगे जारी रखने का संकल्प लिया है। मौजूदा समय में पर्यटन विभाग के चेयरमैन की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

# उथड़ा ग्रां, कंड करडियाणा में कांग्रेस ने बनाया चुनाव जीतने का प्लान

## देविंद्र जग्गी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



पूर्व महापौर देवेंद्र जग्गी व राकेश चौधरी।

धर्मशाला में कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी हरभजन सिंह, प्रदेश महासचिव देविंद्र जग्गी और कांग्रेस जिला महासचिव सुरेश पप्पी ने शुक्रवार को भी लगातार तीन जगह बैठकों का आयोजन किया।

ये बैठकें उथड़ा ग्रां, डगवार व कंड करडियाणा में आयोजित की गई। इस मौके पर कांग्रेस के पुराने कार्यकर्ताओं ने भी अपने अनुभव साझा किए और चुनावों को लेकर आगामी रणनीति पर मंथन किया। चौधरी हरभजन सिंह ने बताया कि गांव में की जा रही नुक्कड़ बैठकों में लोगों का काफी रूझान मिल रहा है, खासकर पुराने कार्यकर्ताओं में काफी जोश देखने को मिल रहा है। इस दौरान प्रदेश सरकार के जनकल्याणकारी नीतियों को जनता तक पहुंचाने का भी संकल्प लिया गया। उन्होंने बताया कि विधानसभा के लोगों को ओल्ड पेंशन, राजीव गांधी स्टार्ट अप व इंदिरा गांधी प्यारी बहना योजना के बारे में बताया जा रहा है।

चौधरी हरभजन सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने पांच साल में दस गारंटियां पूरी करने की बात कही है, लेकिन पहले ही साल चार गारंटियों को पूरा किया है। यह अपने आप में रिकॉर्ड है।

### जग्गी और चौधरी दिखे साथ-साथ

**धर्मशाला** से कांग्रेस टिकट के प्रवल दावेदारों में शामिल पूर्व महापौर देवेंद्र सिंह जग्गी और पूर्व भाजपा प्रत्याशी राकेश चौधरी शुक्रवार को एक साथ चर्चा करते देखे गए। दोनों के एक साथ दिखने से सियासी पारा चढ़ गया है। राकेश चौधरी गत विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी थे, लेकिन उपचुनाव में टिकट कटने के बाद उन्होंने भाजपा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। ऐसे में देवेंद्र सिंह जग्गी और राकेश चौधरी का एक साथ दिखना कई सियासी समीकरण बना और बिगाड़ सकता है। देवेंद्र सिंह जग्गी को यदि कांग्रेस की टिकट मिलती है तो उन्हें राकेश चौधरी का साथ मिल सकता है और वह चुनाव लड़ने से मना भी कर सकते हैं।

# कंगना नहीं समझ सकती जनता का सुख-दुख: रोहित चौहान

**अखिल शर्मा, डमटाल**



पत्रकार वार्ता करते प्रदेश युकां के पूर्व महासचिव रोहित चौहान

मंडी से भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी कंगना रनौत पर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव रोहित चौहान ने कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने चंबा में चुनाव प्रचार पर जाते समय इंदौरा में एक प्रेस वार्ता की जिसमें उन्होंने कंगना रनौत को आड़े हाथों लेते हुए कहा की फिल्म इंडस्ट्री में काम करने वाली अभिनेत्री प्रदेश की भोली भाली जनता का क्या विकास करेगी जो मुंबई में अपनी ऐशो आराम की जिंदगी जीती है वो जनता का क्या भला सोचेगी। हिमाचल एक शांतिपूर्वक प्रदेश है जिसे देव भूमि भी कहा जाता है। हिमाचल की जनता सब जानती है कि कंगना रनौत एक अभिनेत्री है और वह कभी भी जनता के सुख-दुख को नहीं समझ सकती। कंगना यदि देश के प्रधानमंत्री मोदी की करीबी है तो वो हिमाचल के लिए आर्थिक पैकेज क्यों नहीं ला पाई, तब हिमाचल की बेटी मुंबई में अपनी आलीशान जिंदगी जी रही थी तब जनता का ख्याल क्यों नहीं आया। कंगना कहती है कि वह गरीब परिवार से संबंधित है तो वह बताएं कि उनके दादा क्या हिमाचल सरकार में कांग्रेस के विधायक नहीं रहे हैं, क्या उस समय में उनका स्टोन क्रशर नहीं था। लोक निर्माण मंत्री और मंडी से लोकसभा प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह नेता नहीं हिमाचल का बेटा है, जो हर दुख-सुख में जनता के बीच जाकर उनका हाल जानते हैं और उन्हें हर मदद मुहैया करवाते हैं। (अनंत ज्ञान)

## सिद्धबाड़ी में आज बंद रहेगी बिजली

**धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सिद्धपुर कर्म चंद भारती ने सूचित किया है कि विद्युत उपकेंद्र 33/11 सब-स्टेशन सिद्धपुर में विद्युत क्षमता के विस्तार हेतु नए पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना के लिए 20 अप्रैल को सुबह 9 बजे से शाम कार्य समाप्ति तक पावर कट रहेगा। सिद्धबाड़ी, सिद्धपुर, फतेहपुर, बागणी, रक्कड़ , तपोवन, झिओल, बरवाला, लोअर मोहली, गयतो मोनिस्ट्री, घिआरी पुल, रसां, बरेह, धिकतु, ठंबा, दाड़ी, शीला, पासू, आईटीआई, झाकड़ी, अप्पर बड़ोल, लोअर बड़ोल, कंडी, चोला, खनिआरा, थात्री, सुक्कड़, योल, योल बाजार, नरवाना, उथराग्राम, कस्बा, चतेहर, स्लेट गोदाम, खुई बारग आदि में विद्युत आपूर्ति पूर्णत: बाधित रहेगी।

### दाड़ी स्कूल में स्वीप के तहत कार्यक्रम

# मतदान करने के लिए जागरूक किए लोग, शपथ भी दिलाई



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान अधिकारी, कर्मचारी व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

विधानसभा क्षेत्र धर्मशाला के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप कार्यक्रम के अनुसार आगामी लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव के तहत मतदान केंद्रों में जाकर मतदान के लिए जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। स्वीप टीम द्वारा बूथ 23, 24 ओर 25 में वहां के मतदाताओं के साथ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दाड़ी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम धर्मशाला संजीव कुमार भोट ने की।

एसडीएम संजीव कुमार भोट ने सभी मतदाताओं से बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लेने की अपील की और राजनीतिक जागरूकता पर बल दिया। कार्यक्रम में स्थानीय पाठशाला की प्रिंसिपल डॉ. भवन शर्मा ने भी मतदाताओं को वोट के बारे में प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्थानीय महिला मंडल व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भी भाग लिया। बीएलओ तथा अन्य लोगों से मिलकर स्वीप टीम में नोडल अधिकारी डॉ. अमित कटोच, डॉक्टर जोगिंद्र सिंह, मिथुन कुमार दत्ता, डॉ. शबाब अहमद, डॉ. पूजा कटोच, रेखा रावत तथा विलास हंस ने इस बार इस मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। इस दौरान सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने-अपने मत का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी गई एवं मतदाताओं से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो, यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो वह बीएलओ या वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से फार्म 6 अवश्य भरे। उन्हें शपथ दिलाई गई की वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ अपने घरों व आसपास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

# बैंड बाजे के साथ निकली श्रीकृष्ण की बारात

## पुराना कांगड़ा में श्रीमद्भागवत कथा का पांचवां दिन, झांकियों ने मोहा सबका मन

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



पुराना कांगड़ा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण के साथ श्रद्धालु।

पुराना कांगड़ा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्री कृष्ण-रुक्मणी का विवाह हुआ। कथा स्थल से भगवान श्रीकृष्ण की बारात बैंड बाजे के साथ नगर की विभिन्न गलियों से होकर शादी स्थल तक पहुंची। इससे पहले श्रीकृष्ण का सखियों के साथ खेलना और रास लीला दौरान निकाली झांकियों ने श्रोताओं का मन मोह लिया। चित्रकूट से आए कथा वाचक प्रभु राम अवतार दास ने बताया कि कृष्ण भगवान को यशोदा मैया ने मिट्टी खाते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। श्री कृष्ण ने अपना मुंह खोलने से इनकार किया जब मां यशोदा ने डांटा तो उन्होंने मुंह खोलकर मुंह में पूरे ब्रह्मांड के अपनी मां यशोदा को दर्शन करवा दिए। गोकुल में आज भी ब्रह्मांड कुंड विराजमान है। उन्होंने बताया कि वृंदावन में तीन दिन तक रुकने पर पाप माफ होता है। इसके बाद वहां पर कोई भी गलत काम करने का खामियाजा अवश्य भुगतना पड़ता है। कथा के दौरान बाबा शिवानंद जी महाराज, योग गुरु रंजीत सिंह, नगर पार्षद सुमन वर्मा, प्रेम सागर धीमान, पूर्व पार्षद सुषमा वर्मा, राजेंद्र कपूर, राकेश मेहरा अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# घुरकड़ी में पोस्टर और स्लोगन से बताया मतदान का महत्व

## स्वीप के तहत शरण कॉलेज की छात्राओं ने रैली निकाली

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



शरण कॉलेज घुरकड़ी की छात्राएं पोस्टर दिखाती हुईं।

मतदान करना लोकतंत्र की जान है। इसलिए सभी को चुनाव के महापर्व में मतदान के लिए आगे आना चाहिए, इस संदेश को लेकर शुक्रवार को शरण कॉलेज घुरकड़ी की छात्राओं ने हाथों में पोस्टर लेकर एक रैली निकाली। इस रैली का आयोजन एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल के निर्देशानुसार स्वीप नोडल अधिकारी लेखराज ने कॉलेज प्रशासन, प्रवक्ताओं और छात्राओं के साथ मिलकर किया। रैली से पूर्व शरण कॉलेज की छात्राओं ने मतदान से संबंधित पोस्टर तथा स्लोगन बनाकर मतदान का महत्व बताया। इसके साथ ही शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलोल, समीरपुर और दौलतपुर में भी अध्यापकों और छात्रों ने मतदान जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया और उन्होंने रैली और पेंटिंग के माध्यम से सभी से मतदान करने की अपील की।

**अनदेखी** क्षेत्र में प्राचीन भव्य हवेलियों के साथ प्राकृतिक सौंदर्य है भरपूर

# गरली परागपुर को फिल्म सिटी बनाए प्रदेश सरकार

**शालविया शर्मा, गरली**

जिला कांगड़ा स्थित मिनी माया नगरी के नाम से फेमस धरोहर गांव गरली विगत कई वर्षों से प्रदेश सरकार के उदासीन रवैया का शिकार होता जा रहा है। मसलन यहां फिल्म सिटी की मांग चिरकाल से चली आ रही है, लेकिन आज तक प्रदेश सरकार द्वारा कोई भी अहम कदम नहीं उठाया गया।

लिहाजा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का गरली परागपुर से गहरा नाता है क्योंकि सीएम का सुसराल भी इसी क्षेत्र में है। ग्रामीणों को इस बार पूरी उम्मीद है कि मुख्यमंत्री चिरकाल से चली आ रही इस मांग को अवश्य पूरा करेंगे। गरली परागपुर की प्राचीन भव्य हवेलियों व प्राकृतिक सौंदर्य को देखते हुए भले ही देश विदेश के सैकड़ों सैलानी व मुंबई बॉलीवुड के नामी फिल्मी सितारे यहां अपनी फिल्मों की शूटिंग के लिए खीचें चले आ रहे हैं। लिहाजा बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग के लिए गरली परागपुर एक ऐसा स्थल है जहां बड़े पर्दे की तमाम फिल्म एक ही क्षेत्र में शूट हो सकती है। इसका जिक्र यहां गरली परागपुर में वर्ष 2008 को शूट हुई बॉलीवुड फिल्म चिंटू जी में मुख्य किरदार निभाने आए सीने स्टार बॉलीवुड अभिनेता ऋषि कपूर ने भी किया था।

इतना ही नहीं फिल्म बांकें की क्रेजी बारात सहित कई बॉलीवुड पहाड़ी, पंजाबी एलबम व एड फिल्मों की यहा शूटिंग हो चुकी है। नैनो कार की एड फिल्म भी गरली परागपुर में ही शूट हुई है। यदि फिल्मी सितारों की बात करें तो नेहा धूपिया और अमीर खान भी अपनी फिल्मों के शॉट यहां फिल्मा चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### ज्वालामुखी, देहरा, जसवां-परागपुर में पर्यटन की अपार संभावनाएं



यहां तक कि जिला कांगड़ा के ज्वालामुखी, देहरा, जसवां-परागपुर तीन हलकों में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए अगर यहां फिल्म सिटी बनती है तो क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए और भी बल मिलेगा। इसके अलावा यहां के प्राचीन मंदिरों बगलामुखी, ज्वालामुखी, कालेश्वर महादेव, लक्ष्मीनारायण मंदिर चनौर, पंचतीर्थी और चामुखा आदि को हैरिटेज टूरिज्म, धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जा सकता है। यदि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस क्षेत्र को विकसित करने के लिए दिलचस्पी दिखाते हैं तो इससे ज्वालामुखी, देहरा, जसवां परागपुर के लिए बॉलीवुड सहित पर्यटन को चार चांद लगेंगे।

## चुनावी चुटकी

### पहाड़ी संस्कृति की बदली पहचान



**हिमाचल** में भी पप्पू, पलटू और गप्पू नाम दिए जाने लगे हैं, पहाड़ी संस्कृति में भी बड़े नेता को उकसाने लगे हैं। प्यार से ये नाम कबूल हो रहे हैं, गुलाब को बबूल बोल रहे हैं। हिमाचल संस्कारों की धरती कहलाती थी, यहां मेहमानों को यह तहजीब भाती थी। नए संस्कार भी परोसे जा रहे हैं, पढ़े-लिखे को उल्लू बता रहे हैं। पता यह तो सब होगा, संस्कार कहां से आ रहे हैं, किसका यह फंडा होगा, उसी का पकड़ा झंडा होगा। भाखड़े वाला ताऊ भी अब डांट रहा है, ऐसे नाम सुनकर कांप रहा है। कर दोगे तुम बदनाम हिमाचल, जिसका था सफेद अब तक आंचल। ताऊ भी अब समझ चुके हैं, ऐसे शरारती बच्चे अब बड़े हो चुके हैं। हमने तो ये संस्कार नहीं दिए हैं, लेकिन कुछ ने बाहर जाकर सीख लिए हैं। ताऊ भी हिमाचल के बाहर यह दंश झेल चुका था। कक्षा के सबसे नालायक बच्चे ने उनको जब उप नाम दिया था। नालायक का अब तक नहीं कोई ठिकाना है, ताऊ ने तो बदला पूरा जमाना है। हालत इन दिनों हर गली में सुने हैं, बच्चों ने एक दूसरे के उप नाम चुने हैं। बोलने लगे हैं नेताओं की भाषा, इतनी जल्दी सीखेंगे नहीं थी आशा। अगली नसल समझने लगी है, परदे को हकीकत करने लगी है। आजादी की सही तारीख से हैं अनजान, अब उनको हो रहा 2014 वाली आजादी का ज्ञान।

–राजेश शर्मा

### शिमला के टिकट की डिमांड



**चुनाव** का मौसम है। शिमला और दिल्ली की टिकट चाहने वाले अब एक काउंटर पर मंडराने लगे हैं। एक काउंटर पर एडवांस बुकिंग हो चुकी है। ऐसे में राज्य के सत्तासीन दल में ऐसे यात्री की तलाश है, जो स्टेशन तक पहुंचने की काबिलियत रखता हो। टिकट के लिए कई लाइन में लग चुके हैं। कुछ के पास मजबूत आधार है, तो कुछ बिना सियासी आधार के कूदे हैं। मसला सिर्फ एक है, शिमला की टिकट लेने वालों की भीड़ तो काउंटर की पहुंच से भी बाहर हो चुकी है। दिल्ली के टिकट वाला काउंटर खाली पड़ा है। सबको शिमला ही जाना है। जिद भी पूरी है। अब नेताओं ने इस भीड़ को कम करने का फार्मूला इजाद किया है। शिमला वाले काउंटर से टिकट मांगने वालों को पहले दिल्ली के टिकट पर सहमति देनी होगी। अब इतना बड़ा रिस्क कौन लेने को तैयार होगा। हालांकि, जो दिल्ली के टिकट के लिए पहले ही हामी भर चुके हैं, उनको फार्मूले के कारण पीछे रखा जा रहा है। शिमला में मौसम भी सुहावना प्रतीत हो रहा है, ऐसे में दिल्ली की गर्मी कौन झेलेगा।

**हिमाचल विधानसभा चुनाव एक नजर**

**हिमाचल में वोटिंग का ट्रेंड**

| | |
|---|---|
| 2007 | 71.60 % |
| 2012 | 72.70 % |
| 2017 | 75.57 % |
| 2022 | 74.05 % |

**हिमाचल में 1985 के बाद बदला सत्ता बदलने का ट्रेंड, कभी बीजेपी तो कभी कांग्रेस रही बरकरार**



विश्व के सबसे ऊंचे पोलिंग स्टेशन टशीगंग में निर्वाचन अधिकारी मतदाताओं को जागरूकत करते हुए।

# नेता कंफ्यूज, वर्कर दुबके घरों में वोटर के पास कौन देगा दस्तक

## बड़सर से राजपूत को उतारने की तैयारी, सुजानपुर में भी लंबा हो रहा इंतजार

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों के ऐलान में कांग्रेस नेतृत्व अभी भी कंफ्यूज्ड ही दिखाई दे रहा है। वर्कर्स घरों में दुबके हैं। यह तब हो रहा है, जब भाजपा का कुनबा मुकम्मल तौर पर उम्मीदवारों के साथ चुनावी रण में उतर चुका है। मान मनोबल का दौरा लगभग अंतिम दौर में चल रहा है, लेकिन कांग्रेस है कि लगातार स्लो एंड स्टडी के माहौल में ऐसी सवारी कर रही है, जो पार्टी के भीतरी सारे सिस्टम को अच्छी खासी अखर रही है।




अखरे भी क्यों नहीं? पार्टी नेतृत्व उम्मीदवारों के ऐलान को पार्टी का नेतृत्व कितना संजीदा है। इसका पता इसी बात से चल जाता है कि संगठनात्मक ढांचा उसका पहले ही बेहद कमजोर है। भाजपा प्रत्याशियों के साथ चुनावी दंगल में उतरकर जगह-जगह बैठकें कर रही है, उसके वरिष्ठ नेताओं के दौरे सारे विधानसभा क्षेत्रों में लगातार हो रहे हैं। कांग्रेस की लेट लतीफी की वजह से अब भाजपाई भी थोड़ा-थोड़ा आराम फरमाने लग पड़े हैं। कांग्रेस के भीतर टिकटों के चाहवान इस बात से नाराज दिख रहे हैं कि अंतिम निर्णय लेने में आखिर दिक्कत क्या है। जिस समय टिकट का ऐलान होगा, मतदान के लिए कितना समय बचेगा, यानी फसल को काट पाना कितना मुश्किल होगा? इसका एहसास खुद ही लगाया जा सकता है।

बड़सर में राजपूत उम्मीदवार पर भी अब कांग्रेस का फोकस जातीय समीकरणों में आखिरी पड़ाव पर दिखने लगा है। इस क्षेत्र में एक समय तक ब्राह्मण वोटों की तादाद ज्यादा थी, लेकिन अब जब डी लिमिटेशन हुई थी। उसके बाद यह आंकड़ा बड़सर में कमजोर पड़ गया था। अब नए समीकरणों में कांग्रेस टप्पा ढटवाल या तप्पा बन्याल से तालुका रखने वाले किसी राजपूत उम्मीदवार पर भरोसा कर सकती है। इससे इलाके के लोगों की लंबे समय से जारी मांग भी पूरी हो सकती है और यह नई तुरुप चाल विरोधियों को परेशानी में भी डाल सकती है, क्योंकि ऐसा पिछले किसी भी चुनाव में हुआ नहीं है। राजपूत इसकी मांग भी उठता रहा है।

रैली जजरी इलाके से ताल्लुक रखने वाले युवा विपिन ढटवालिया के नाम की चर्चा भी अब अंतिम चरण में नई उम्मीदों को संजो रही है। वह पार्टी काडर में लंबे समय से जुड़े हुए हैं और संगठनात्मक ढांचे में भी कई बार बेहतर स्थिति में रहे हैं। जिस इलाके से भी ताल्लुक रखते हैं, वह पूरा इलाका 20 से 25 पंचायत का एक समूह है और इस इलाके के लोगों को हमेशा ही शिकायत रहती है कि उनके इलाके से कभी किसी भी उम्मीदवार को भाजपा हो या कांग्रेस, किसी भी पार्टी में नहीं उतरा। इस बार ही नहीं पिछले चुनावों में भी यह आवाज उठी थी। यह नारा खूब गूंजा था, इसका असर भी तब देखा गया था। अब कांग्रेस इस नई तुरुप चाल पर सवार हो सकती है।

तप्पा वनियाल से ताल्लुक रखने वाले राजेश वनियाल का नाम इसमें पार्टी के भीतर सुर्खियां बटोर रहा है। वह क्षेत्र के मध्य से ताल्लुक रखते हैं। इसलिए उनकी भी चर्चा है। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस के लिए सुजानपुर में जिताऊ उम्मीदवार की पहचान बना टेढ़ी खीर

**सुजानपुर** से कांग्रेस पार्टी उम्मीदवार के चयन को लेकर अंदरूनी तौर पर परेशान दिख रही है। उन्हें जिताऊ उम्मीदवार की पहचान करना यहां सबसे टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। क्योंकि हिमाचल में सत्ता को पलटने के लिए जो 'खेला' हुआ, उसके मुखिया यहां से अब भाजपा के टिकट पर सवार हैं, लेकिन उन्हें कांग्रेस का कौन सा उम्मीदवार पैनी टक्कर कर दे सकता है। इस पर लंबी माथापच्ची हो रही है, लेकिन अंतिम दौर कब आएगा? यह इंतजार खत्म ही नहीं हो रहा है। यहां पार्टी काडर एक तरफ है तो दूसरी तरफ भाजपा से ताल्लुक रखने वाले कड़ापन नेता भी कांग्रेस में शामिल होने के मुहाने पर खड़े हैं। वे सीएम सुक्खू के साथ इस चुनाव में भाजपा को टक्कर देने के लिए तैयारी कर रहे हैं, लेकिन अब अंतिम समय में भी इसमें जितनी देरी हो रही है। यह हिसाब किताब न ही तो वर्कर्स को पसंद आ रहा है और न ही कांग्रेस पार्टी में इंपोर्ट होने वाले इन नेताओं को। ऐसे माहौल में चुनाव प्रचार रफ्तार पकड़े तो पकड़ेगा कैसे? इसी पर चर्चा हो रही है। हमीरपुर जिले से बाहर भी अन्य चार उपचुनाव में भी टिकट आबंटन को लेकर कामोवेश यही स्थिति है।

# विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ने शुरू की किलेबंदी

**सन्नी पुरी, गगरेट**

**प्रदेश भाजपा सचिव राजेश ठाकुर को प्रभारी बना कर दी जीत दिलाने की जिम्मेदारी**

हिमाचल प्रदेश में छह विधानसभा क्षेत्रों में होने जा रहे उपचुनाव को लेकर जिस प्रकार की किलेबंदी भाजपा द्वारा की जा रही है, उसे देखकर लगता है कि भाजपा इस उपचुनाव में कोई रिस्क लेने के मूड में नहीं है।

कांग्रेस से बगावत कर भाजपा की ओर से चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों को पार्टी कैडर का पूरा साथ मिले इसे लेकर भाजपा हाईकमान हर प्रयोग कर रही है। विधानसभा क्षेत्र गगरेट में दबी हुई विद्रोह की चिंगारी को पूरी तरह से शांत करने व इस सीट पर हर हाल में जीत दर्ज करने को लेकर इस विधानसभा क्षेत्र में अच्छी पैठ रखने वाले प्रदेश भाजपा सचिव एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर पर ही इस सीट से जीत दिलाने की जिम्मेदारी डाल दी गई है। अगर राजेश ठाकुर की टीम खुलकर इस चुनाव में चली तो यहां से मुकाबला अति रोचक हो सकता है।

प्रदेश के छह विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव में भाजपा हाईकमान द्वारा चुन-चुन कर प्रभारी तैनात किए गए हैं। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस से बगावत कर भाजपा प्रत्याशी को वोट डालने के बाद भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस के छह विधायकों को इन विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव में भी बतौर प्रत्याशी भाजपा चुनाव मैदान में उतार चुकी है। गगरेट से चैतन्य शर्मा को भाजपा प्रत्याशी बनाने के बाद बेशक पूर्व विधायक राजेश ठाकुर के राजनीतिक भविष्य पर प्रश्न चिंह लग गया है, लेकिन उन्होंने बगावत को बिगुल फूंकने की बजाय अपने समर्थकों को पार्टी का साथ देने का ही संदेश दिया था। इसके बाद से राजेश ठाकुर पार्टी प्रत्याशी के लिए आयोजित कार्यक्रमों में भी भाग ले रहे हैं। उनके इस जनाधार को भी पार्टी भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट के रूप में कन्वर्ट करना चाहती है। यही वजह है कि इस विधानसभा क्षेत्र से जीत का जिम्मा ही राजेश ठाकुर के कंधों पर डाल दिया गया है। उन्हें यहां का प्रभारी नियुक्त करने के साथ पार्टी ने यहां से भाजयुमो के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अमित ठाकुर, पूर्व विधायक नवीन धीमान व गगरेट विधानसभा क्षेत्र से ही प्रत्याशी रह चुके सुशील कालिया को सह-प्रभारी नियुक्त किया है।

सुशील कालिया मौजूदा समय पर जिला परिषद सदस्य हैं और इलाके में अच्छी पैठ रखते हैं। जाहिर है कि पार्टी प्रत्याशी चैतन्य शर्मा बूथ स्तर पर तो माइक्रो मैनेजमेंट करने में जुटे हैं। जाहिर है कि बतौर प्रभारी व सह प्रभारी अगर यह चौकड़ी यहां कमाल दिखाने में कामयाब रहती है तो इसका ईनाम आने वाले दिनों में इस चौकड़ी को भी मिल सकता है। (अनंत ज्ञान)

## विक्रमादित्य जितनी भी उपलब्धियां गिना रहे हैं, वे केंद्र ने दीं: गोविंद



**मंडी।** भाजपा के पूर्व मंत्री एवं संसदीय क्षेत्र प्रभारी गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि विक्रमादित्य सिंह जितनी भी उपलब्धियां गिना रहे हैं, वे केंद्र द्वारा हिमाचल को दी गई हैं। उनका केवल मात्र इतना ही योगदान है कि उन्होंने डाकिए का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अंतर्गत हिमाचल प्रदेश को करोड़ों रुपए का फंड प्राप्त हुआ है। अगर इसका श्रेय विक्रमादित्य लेना चाहते हैं तो ले सकते हैं।

## चुनावी बांड देश के इतिहास में सबसे बड़ा घोटालाः अनिरुद्ध सिंह



**शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि चुनावी बांड देश के इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला है, जिसकी पोल सुप्रीम कोर्ट ने खोल दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सरकारी एजेंसियों को दुरुपयोग कर कंपनियों से धन की उगाही की और चुनावी बांड के जरिए चंदा लिया। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस को भाजपा से परिवारवाद और राष्ट्रवाद का ज्ञान लेने की आवश्यकता नहीं है।

## मैं कश्मीर से नहीं, हमीरपुर का स्थायी निवासी हूंः आशीष शर्मा

**हमीरपुर।** हमीरपुर भाजपा मंडल का अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन आयोजित किया गया, सम्मेलन में हमीरपुर के सदर के विधायक आशीष शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम में हमीरपुर क्षेत्र के प्रभारी धर्माणी, विजय अग्निहोत्री सहित अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी और सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर आशीष शर्मा ने भोरंज के विधायक सुरेश कुमार के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि मैं कश्मीर से नहीं, बल्कि हमीरपुर का ही स्थायी निवासी हूं, इसलिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता को सोच-समझकर बयानबाजी करनी चाहिए।

# मांगें नहीं मानी तो इस बार टशीगंग के लोग करेंगे चुनावों का बहिष्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला/काजा**

**चुनावी मुद्दा**

चीन की सीमा से सटे देश के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र टशीगंग में अधिकांश ग्रामीण लोक निर्माण विभाग के लिए अनुबंध पर दैनिक वेतन भोगी के रूप में काम करके जीवन यापन करते हैं।

स्थानीय निवासी तेनजिन लुंडुप ने कहा कि कुछ लोग विभाग में सात साल से कार्यरत थे, लेकिन पिछले साल अनुबंध समाप्त होने के बाद अचानक बेरोजगार हो गए। तेनजिन के कहा की जब विभाग के पास गए तो विभाग ने कहा कि उनके पास काम को जारी रखने के लिए बजट नहीं है, जिसके लिए उनहें काम पर रखा गया था। लुंडुप ने ग्रामीणों के साथ पिछले सप्ताह लाहौल और स्पीति के अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन को एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें उनकी आजीविका के साधन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन के हस्तक्षेप की मांग की गई। तेनजिन ने कहा कि हम लगभग 20 ग्रामीण थे, जो लोक निर्माण विभाग के साथ काम करते थे। हमारे पास अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए आय का कोई अन्य स्रोत नहीं है। वहीं, यहां पर विकास कार्य भी ठप हैं।

उन्होंने कहा कि उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वे चुनाव का बहिष्कार करेंगे। संपर्क करने पर, एडीसी जैन ने कहा कि मुझे इसकी जानकारी है और मैं संबंधित अधिकारियों के साथ उनकी समस्या उठाऊंगा।

बता दें कि देश के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र टशीगांग में 2019 में 100 प्रतिशत मतदान हुआ था। वहीं, स्थानीय लोग अपनी बात पर अड़े रहे तो यहां शुन्य प्रतिशत का मतदान भी देखा जा सकता है। प्रदेश में फिलहाल कांग्रेस की सरकार है। मंडी राज्य के चार संसदीय क्षेत्रों में से एक है।

# राज्य सरकार के प्रयासों से शिंकुला टनल को मिली एफसीए क्लीयरेंसः मुख्यमंत्री

## बोले- टनल का साउथ पोर्टल, 3800 मीटर हिस्सा हिमाचल में बनेगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार के प्रयासों से शिंकुला टनल बनने का रास्ता साफ हो गया है। केंद्र सरकार ने लाहौल और लद्दाख को जोड़ने के लिए 4.1 किमी सुरंग बनाने को एफसीए क्लीयरेंस प्रदान कर दी है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस महत्वपूर्ण सुरंग के निर्माण को राज्य सरकार ने प्राथमिकता दी और विशेष अधिकारी नियुक्त कर केंद्र सरकार से स्वीकृती प्रदान करवाई।

राज्य सरकार के प्रयासों से ही टनल निर्माण के लिए एफसीए क्लीयरेंस प्राप्त हुई है। सुरंग के साथ-साथ यहां एक हैलिपैड और कार्यालय परिसर का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टनल के साउथ पोर्टल के साथ-साथ लगभग 3800 मीटर हिस्सा हिमाचल प्रदेश में बनेगा।

### पात्र महिलाओं को मिलेगी सम्मान निधिः सुक्खू

**शिमला।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पात्र महिलाओं को सम्मान निधि मिलेगी। महिलाएं तहसील वेलफेयर ऑफिस में जाकर फॉर्म जमा कर सकती हैं। वहीं, राजीव भवन शिमला में मंडी संसदीय क्षेत्र की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंडी संसदीय क्षेत्र के लिए चुनावी रणनीति बनाई गई। बैठक में प्रतिभा सिंह, विक्रमादित्य सिंह, कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी, सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर, कौल सिंह ठाकुर, वित्तायोग के चेयरमैन नंद लाल, विधायक चंद्रशेखर, भुवनेश्वर गौड़, मंडी संसदीय क्षेत्र के पर्यवेक्षक संजय दत्त बैठक में मौजूद रहे।

# सरकार बनाने के सपने देखना छोड़ें जयराम : मुकेश अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व भाजपा के नेताओं पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रदेश की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

जयराम ठाकुर सरकार बनाने के सपने देखना छोड़ दें। उन्होंने प्रदेश में चुनी हुई सरकार गिराने की जो कोशिश की है उसका सबक सिखाने को प्रदेश की जनता तैयार है। उन्होंने कहा कि आने वाले वक्त में कांग्रेस हर महीने की चार तारीख को कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का यह याद दिलाएंगे कि वह सरकार नहीं बना सके। इससे पहले उन्होंने माता हिडिंबा मंदिर में माथा टेका और प्रदेश की सुख-समृद्धि का कामना की।

## भाजपा नेता अनाप-शनाप बयानबाजी से लोगों को कर रहे गुमराहः संजय अवस्थी



**शिमला।** मुख्य संसदीय सचिव और प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने विपक्ष के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में हो रहा विकास भाजपा नेताओं को रास नहीं आया। इसीलिए उन्होंने धन की ताकत का इस्तेमाल कर लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को गिराने की साजिश की। कांग्रेस सरकार से एक साल के विकास का हिसाब मांगने वाले भाजपा के नेता यह भूल गए हैं कि उनके कार्यकाल में प्रदेश में अव्यवस्था का आलम था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार चरणबद्ध तरीके से प्रदेश के लोगों से किए गए सभी वादों को पूरा कर रही है। पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगने का ही काम किया।

## युवा, किसान और विकास विरोधी है कांग्रेस पार्टीः सुखराम चौधरी



**शिमला।** भाजपा के पूर्व मंत्री एवं संसदीय क्षेत्र प्रभारी सुखराम चौधरी ने कांग्रेस नेता संजय अवस्थी को जवाब देते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी युवा, किसान, विकास विरोधी हैं। कांग्रेस नेता द्वारा लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद और निराधार है। उन्होंने कहा की हिमाचल के आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट 2022-23 के अनुसार प्रदेश की बेरोज़गारी की दर 4.4 प्रतिशत हो गई है, प्रदेश के रोजगार कार्यालयों में 7,42,845 आवेदक पंजीकृत हैं। यह बेरोजगारी कांग्रेस राज में बढ़ती दिखाई दे रही है, जब से कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई है तब से एक भी नौकरी नहीं दे पाई है पर 10 हजार नौकरियां जरूर छीन ली हैं।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए करें मतदान

**प्रदेश की चार लोकसभा व छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का बिगुल बजने के बाद अब दोनों बड़े दलों भाजपा व कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों की ओर से चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हालांकि चुनाव को अभी करीब दो माह का समय शेष है, लेकिन प्रत्याशियों व पार्टियों ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। वहीं, पहली बार मतदान करने वाले युवा-युवतियों में मतदान को लेकर काफी उत्साह है। साथ ही बुजुर्ग मतदाता भी मतदान करने के लिए उत्सुक हैं। मतदाताओं में प्रत्याशियों के चयन को लेकर अपनी अलग-अलग राय है। कैसा हो हमारा प्रतिनिधि इस बारे में अनंत ज्ञान के प्रतिनिधियों ने मतदाताओं की राय ली, पेश हैं इसके कुछ अंश...**



**विधानसभा** व लोसकभा चुनाव होने जा रहे हैं। मैं इन चुनावों में अपना पहला मतदान देने जा रही हूं, अभी मतदान के लिए काफी समय है तथा इस बीच जो जनता से धरातल पर जुड़ने का सही प्रयास करेगा एवं युवाओं की उम्मीदों पर खरा उतरने वाला प्रत्याशी होगा, उसे वोट दूंगी।

**काजल भारद्वाज (जवाली)**



**मैं** लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने जा रहा हूं और देश के लिए बनने वाली सरकार को लेकर हो रहे मतदान में जीवन में पहली बार वोट करने को लेकर काफी उत्साह भी हूं। सांसद को चुनने के लिए मेरा मानना है कि अपना वोट किसी विशेष राजनीतिक दल को ध्यान में रखकर नहीं दिया जाना चाहिए।

**वैभव शर्मा सुंदरनगर (मंडी)**



8 नवंबर, 2016 में प्रधानमंत्री मोदी ने नोट बंदी करके पूरे देशवासियों को आश्वस्त किया कि काला धन वापस लौट आएगा, लेकिन वह सिर्फ और सिर्फ एक जुमला था। लोगों को चाहिए कि एसे किसी के बहकावे में आकर अपना कीमती वोट न दें। अपना वोट सोच-समझ कर ही दें।

**देव ठाकुर (शिमला)**



**ऊना** के खिलाड़ियों को कोई भी खेलो इंडिया सेंटर उपलब्ध नहीं हो पाया है। ऐसे सेंटर बनाए जाने के प्रयास होने चाहिएं, जो भी खेलों को बढ़ावा देने का वादा करेगा, उसका समर्थन किया जाएगा। लोगों को भी चाहिए मतदान से पूर्व प्रत्याशी का रिपोर्ट कार्ड जांचें और सही व्यक्ति को मतदान करें।

**हनी कपिल (ऊना)**



**आज** देश का युवा वर्ग बेरोजगारी से परेशान है। पढ़ाई के बाद भी नौकरी नहीं मिल रही है। कंपनियों में मनमानी चल रही है। युवाओं का भविष्य अंधकार में पड़ चुका है। हमें रोजगार की गारंटी देने वाले दल का समर्थन करना चाहिए। सभी लोगों को देश के भविष्य के लिए एक मजबूत सरकार बनाने में अपना योगदान देना चाहिए।

**राजीव कुमार (ऊना)**



**देश** को विकास के साथ रोजगार की जरूरत है। अब तक हुए विकास कार्यों से देश काफी सशक्त हुआ, लेकिन रोजगार के मामले में पूरी तरह से पिछड़ा है। सरकार के मंत्रालय किसी भी मामले में जवाबदेह नहीं है और अफसरशाही छोटे मुलाजिमों का शोषण कर रही है। शिकायत कहां करें कोई सुनने को तैयार नहीं।

**धायरा चौहान (शिमला)**



**मोदी** के राज में लाखों युवा जो सरकारी कार्यालयों में काम कर रहे थे, उन्हें बाहर निकाला गया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय में सबसे ज्यादा युवा बाहर किए गए और केंद्रीय मंत्री सुनने को तैयार नहीं। अधिकारी छोटे वर्करों का शोषण कर रहे हैं और मंत्री अधिकारियों की गिरफ्त से बाहर नहीं निकले।

**गौरव चौहान (शिमला)**



**भ्रष्टाचार** को खत्म करने वाले को समर्थन मिलेगा। राजनीति में भ्रष्टाचार करने वालों को सहन नहीं किया जाना चाहिए। भ्रष्टाचार के कारण देश की प्रगति संभव नहीं है। लोगों को भी चाहिए कि मतदान के पूर्व प्रत्याशी का रिपोर्ट कार्ड जांचें और सही व्यक्ति को मतदान करें। लोगों को अपने और देश के भविष्य के लिए मतदान जरूर करना चाहिए।

**शम्मी ठाकुर (भोटा)**



**भारत** दुनिया का आध्यात्मिक और आस्था का केंद्र है यह वह देश है, जो सभी संस्कृतियों का सम्मान कर शांति का ही संदेश देता है। इस देश का मूल सनातन है सनातन प्रहरी ही देश के सभी जाति धर्म को एक साथ चलने की क्षमता रखते हैं देश को वर्तमान में सनातन का सम्मान और रक्षा करने वाली सरकार चाहिए।

**कैप्टन बक्शी (दख्योड़ा)**



**मंडी** संसदीय क्षेत्र से चुने जाने वाला सांसद अपने क्षेत्र के लोगों से 5 साल के कार्यकाल में मिलता-जुलता रहे। सांसद मतदाताओं की समस्याओं का समाधान भी करे। इसके साथ ही मंडी संसदीय क्षेत्र में देवी-देवताओं का वर्चस्व अधिक होने के कारण हमारी देव संस्कृति को विश्व पटल पर आगे लेकर भी जाए।

**अभिषेक सोनी मंडी सुंदरनगर।**



**केंद्र** की मोदी सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। केंद्र सरकार की योजनाओं को लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। मोदी के कुशल नेतृत्व में देश का डंका विश्व भर में बजा है। पूरी उम्मीद है कि आगामी चुनावों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश का नेतृत्व करेंगे।

**गर्वित शर्मा (धर्मशाला)**

# 10 बजे के बाद डीजे चलाया तो उपकरण किए जाएंगे जब्त

## जिले के सभी थानों को सख्त कार्रवाई करने के जारी किए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

रात को 10 बजे के बाद डीजे साउंड सिस्टम चलाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। धर्मशाला सहित जिला के विभिन्न क्षेत्रों से तय समयावधि के बाद भी डीजे चलाने की शिकायतों के बाद पुलिस हरकत में आ गई है।

पुलिस अधीक्षक जिला कांगड़ा की ओर से सभी थानों को निर्देश जारी किए गए हैं कि यदि किसी भी कार्यक्रम में डीजे 10 बजे के बाद चलता हुआ पाया जाता है तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाएं। पुलिस थानों को निर्देश जारी हुए है कि नियमों का उल्लंघन करने पर डीजे मालिक के उपकरण जब्त कर लिए जाएं और ध्वनि प्रदूषक एक्ट के तहत कार्रवाई की जाए। ध्वनि प्रदूषक एक्ट के तहत भारी जुर्माने का प्रावधान है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला कांगड़ा हितेश लखनपाल ने बताया कि ऐसी भी शिकायतें आई हैं कि नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस डीजे सिस्टम को बंद करवा तो देती है, लेकिन पुलिस के जाने के बाद दोबारा डीजे शुरू कर दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि अब ऐसे मामलों में पुलिस थानों को सख्त हिदायत दी गई है कि नियमों का उल्लंघन होने पर डीजे उपकरण जब्त कर लिए जाएं और कानूनी कार्रवाई करें। उक्त मामले को लेकर स्थानीय पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाएं अथवा पुलिस कट्रोल रूम के नंबर 01892-224905 पर शिकायत दर्ज करवाएं।



हितेश लखनपाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांगड़ा।

## बस स्टैंड इंदौरा में भंडारा आज

**इंदौरा।** जय मां क्लब की ओर से 20 अप्रैल को बस स्टैंड इंदौरा में 17वें विशाल जागरण व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी क्लब के प्रेस सचिव सौरव शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह प्रात: 6:15 बजे बस स्टैंड इंदौरा से मां चिंतपूर्णी मंदिर सनौर तक शोभायात्रा निकाली जाएगी, इसके बाद मां का भंडारा प्रात: 9:15 बजे से शाम तक चलेगा। रात को महामाई के जागरण में रामस्वरूप और भारद्वाज ब्रदर्स की ओर से रात्रि 8:15 से 10:30 तक महामाई के भजनों का गुणगान किया जाएगा। भजन गायक मनी लाडला महामाई के जागरण में माता रानी का गुणगान करेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भंडारे में उपस्थिति दर्ज करवाने का आग्रह किया है।

# ज्वालाजी मंदिर में पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने किए कुलदेवी के दर्शन

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने परिवार सहित शुक्रवार को अपनी कुलदेवी माता ज्वालाजी के दरबार में शीश नवाया। पुजारी द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने परिसर में मौजूद अन्य मंदिरों में भी दर्शन किए। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा को माता की चुनरी भी भेंट की गई। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि माता ज्वाला उनकी कुलदेवी हैं।

उन्होंने बताया कि इस समय देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुनामी है। इस बार के लोकसभा चुनावों में 400 से भी ज्यादा सीटें बीजेपी जीतेगी। पूरे देश मे प्रधामनंत्री मोदी का नेतृत्व देखने को मिलेगा और दोबारा नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल में भी लोग बीजेपी सरकार को देख रहे हैं और सभी डबल इंजन सरकार चाहते हैं। इसलिए हिमाचल में भी सरकार बदलेगी। उन्होंने कहा कि वे तो कांग्रेस सरकार में रह कर भी विपक्ष में थे। अपने ऊपर लगाए आरोपों को लेकर उन्होंने कहा कि मामला कोर्ट में है और हमने कुछ गलत किया है तो कोर्ट में इसका सबूत पेश करें।



ज्वालाजी मंदिर में परिवार सहित माथा टेकते पूर्व विधायक राजेंद्र राणा।

## न्यूज ब्रीफ

### दो बाइकों की टक्कर में सवार घायल

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत कशिश होटल के समीप मोटरसाइकिल चालक प्रेम निवासी बलाना तहसील सिहुंता जिला चंबा ने अपनी बाइक को तेत रफ्तारी व लापरवाही से चलाते हुए गतल दिशा में आकर तुषार निवासी थाना कलां डाकघर घल्लौर तहसील ज्वालामुखी की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक चालक घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को जोनल अस्पताल धर्मशाला पहुंचाया। पुलिस ने उक्त मामले को भारतीय दंड सहिंता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 6,750 एमएल अवैध देसी शराब बरामद

**धर्मशाला।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत दीवान बाग में सिद्धार्थ निवासी वार्ड-तीन की दुकान से 6,750 एमएल अवैध देसी शराब बरामद हुई है। इस संदर्भ में पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गुरालधार में डॉ. अंबेडकर को किया नमन



डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीण।

**डाडासीबा।** जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों गुरालधार, कस्बाकोटला व तियामल इत्यादि पंचायतों में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण पर संगोष्ठी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने अपने-अपने विचारों से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों से सभी को अवगत करवाया। संगठनात्मक जिला देहरा समरसता संयोजक डॉ. राज खरियाल ने बताया कि डॉ. अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिन के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रमेश कुमार, शेर सिंह डोगरा, विजय कुमार, हरबंस कालिया, बिक्रम सिंह, अतुल, सुनीता देवी, रमेश चंद्र, रविंद्र कुमार, लेख राज, सोनु कुमार, जीत कुमार, परमेश्वरी दास, जसवंत सिंह, प्रदीप ठाकुर व अक्ष मौजूद रहे।

### फास्टा में हनुमान की मूर्ति की स्थापना कल

**डरोह।** ग्राम पंचायत देवी के फास्टा गांव के गोरी मोड़ पर 21 अप्रैल को बाबू हार्डवेयर स्टोर थुरल की ओर से श्री हनुमान मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति स्थापना की जा रही है। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें पंचायत प्रधान देवी अशोक कटोच एवं गांववासियों का भी पूरा सहयोग होगा। यह जानकारी देवी पंचायत के प्रधान अशोक कटोच ने दी। उन्होंने सभी को कार्यक्रम में आमंत्रित किया हैं।

# कलेड में आसमानी बिजली गिरने से तीन गोशालाएं जलीं



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

ग्राम पंचायत कलेड में वीरवार रात आसमानी बिजली गिरने से तीन गोशालाएं जल कर राख हो गई। गांव कलेड विधानसभा क्षेत्र नगरोटा बगवां के अंतर्गत आता है। प्रधान बबिता देवी ने बताया कि वीरवार रात लगभग 1.30 बजे उन्हें इस की जानकारी मिली तो उन्होंने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। स्थानीय लोगों के प्रयास से गोशालाओं से पशुओं को जल्द ही बाहर निकाल कर बचा लिया गया, लेकिन तीनों गोशालाएं पूरी तरह से जलकर राख हो गई। कलेड प्रधान बबिता देवी व पूर्व उपप्रधान पवन कुमार ने प्रशासन से पीड़ित राजकिशन, तुलसी व चुनी लाल के परिवार के लिए मुआवजे की गुहार लगाई है।

# एमबीए के चार छात्रों को मिली नौकरी

## राल्सन इंडिया लिमिटेड लुधियाना ने धर्मशाला में आयोजित की प्लेसमेंट ड्राइव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राल्सन इंडिया लिमिटेड लुधियाना ने मार्केटिंग, फाइनेंस और एचआर में विशेषज्ञता वाले एमबीए छात्रों के लिए हिमाचल प्रदेश के केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। इसमें 30 से अधिक एमबीए छात्रों ने विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार दिया। जसपाल बंसल समूह सीएफओ, समीर सिंह एचआर प्रबंधक और विजय सहायक मानव संसाधन प्रबंधक के नेतृत्व में राल्सन टीम ने उम्मीदवारों की भर्ती के लिए परिसर का दौरा किया। उन्हें विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल द्वारा समर्थित किया गया, जिसमें प्रो. मोहिंद्र सिंह प्लेसमेंट निदेशक, प्रो. दीपांकर शर्मा विभाग के प्रमुख, डॉ. जगदीप सिंघला प्लेसमेंट सेल संयोजक, डॉ. रुचि शर्मा और डॉ. रीता प्लेसमेंट समिति के सदस्य शामिल रहे। प्रो. मोहिंद्र सिंह ने साक्षात्कार के दौरान छात्रों के उत्साह पर संतोष व्यक्त किया और प्रबंधन के छात्रों के लिए ऐसे अभियानों द्वारा प्रदान किए जाने वाले अवसरों पर प्रकाश डाला। राल्सन इंडिया लिमिटेड के अधिकारी ने योग्य उम्मीदवारों को नौकरी की पेशकश की। ऑटोमोटिव टायरों के एक अग्रणी निर्माता के रूप में, राल्सन का लक्ष्य विभिन्न कार्यों और स्थानों पर अपनी टीमों का विस्तार करना है। इस दौरान अंकित शुक्ला, अक्षित डोगरा, अरविंद शर्मा और अनीश अग्रवाल का चयन किया गया है और उन्हें सम्मानजनक वेतन मिलेगा।



केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान छात्र व अन्य।

# सत्ता के लिए भाजपा लोगों से कर रही वोट की राजनीति: पुनीत मल्ली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश कांग्रेस पार्टी के सचिव एवं मीडिया को-ऑर्डिनेटर पुनीत मल्ली ने जारी एक बयान में भाजपा नेताओं पर चुनावी बेला में वोट की राजनीति व जनता को गुमराह करने का आरोप लगया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में केंद्र की मोदी सरकार की वजह से आज देश महंगाई व बेरोजगारी के दलदल में धंस चुका है। देश की आर्थिकी लगातार कमजोर होती जा रही है। डॉलर के मुकाबले रुपया काफी नीचे पहुंच चुका है। पिछले लंबे समय से किसान अपने हकों को लेकर सड़कों पर प्रदर्शन करने को मजबूत है। गरीबों को उनका हक नहीं मिल रहा। भाजपा यह ढिंढारे पीट रही है, देश तरक्की की राह पर है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की चारों सीटों को लेकर भाजपा अंधेरे में तीर चला रही है, ताकि किसी प्रकार से सत्ता फिर से हथियाई जा सके। पुनीत मल्ली ने कहा कि भाजपा कांग्रेस के लोगों पर दबाव बनाकर उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर कर रही है। आज छह विधानसभा में जो उपचुनाव होने जा रहे हैं, उसका कारण भी भाजपा की दोगली राजनीति है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आपदा के दौर पर भी प्रदेश में विकास कार्यों को रुकने नहीं दिया। जबकि आपदा राहत राशि के नाम पर भाजपा व केंद्र की सरकार ने आपदा पीड़ितों को गुमराह किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी सभी गारंटियों को पूरा कर रही है जो भाजपा को रास नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 1500 रुपए देने के संबंध में इसकी शिकायत भाजपा ने चुनाव आयोग से की थी। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में राज्य निर्वाचन अधिकारी को इसे जारी रखने का आग्रह किया था। आयोग ने उनकी बात मान ली है। अब महिलाएं फार्म भरकर तहसील वेलफेयर ऑफिस में जमा करवा सकती हैं। उन्होंने कहा है कि महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए देने के लिए ईसी ने आंशिक मंजूरी दे दी है। महिलाएं फार्म भरकर तहसील ऑफिस में जमा करवा सकती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश की जनता के हकों को मारने में लगी हुई है, जिसका जवाब जनता उन्हें लोकसभा व विस चुनावों में देगी।



## नैहरनपुखर में रोजगार मेला 23 को

**परागपुर।** आईटीआई नैहरनपुखर में 23 अप्रैल को एल एंड टी (सीएसटीई) द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी आईटीआई के कंप्यूटर शिक्षक रवि गुलेरिया ने बताया कि आईटीआई नैहरनपुखर में युवाओं को रोजगार में अपने कौशलों को विकसित करने के लिए आगामी 23 अप्रैल को एल एंड टी द्वारा रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। कंपनी के एचआर विभाग के अधिकारी धारानी नटराजन व रवि गुलेरिया ने बताया कि रोजगार मेले के लिए एनसीवीटी, एससीवीटी फिटर, ड्राफ्ट्समैन सिविल), इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, बेल्डर व्यवसाय में आईटीआई कर चुके अभ्यर्थी पात्र होंगे। अभ्यर्थी की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। कैंपस इंटरव्यू में पात्र युवा 23 अप्रैल को सुबह दस बजे आईटीआई नैहरनपुखर कैंपस में पहुंच जाने चाहिए।

# बुजुर्ग-दिव्यांग मतदाताओं को वितरित होंगे12-डी फार्म

**डीसी बोले- 12 मई तक करवाने होंगे जमा**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को घर द्वार पर मतदान करने की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सुविधा प्रदान की जा रही है। फार्म 12-डी के माध्यम से इस आयु वर्ग के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर, घर बैठ कर ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते है। उन्होंने बताया कि सभी बूथ लेबल अधिकारी उनके पोलिंग बूथ के अंतर्गत आने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं की जानकारी फार्म 12-डी के माध्यम से 12 मई, 2024 तक सहायक रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में पहुंचाना सुनिश्चित करें।

बीएलओ फार्म 12-डी से संबंधित डिटेल उनके सुपरवाइजर के माध्यम से भी भेज सकते है। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा भेजी जाने वाली डिटेल को दैनिक आधार पर मॉनिटर किया जाएगा ताकि सभी पात्र बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।



# कोठी में युवक को उतारा मौत के घाट

## पुलिस ने आठ में से सात आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शाहपुरकंडी**

शाहपुरकंडी थाने के अंतर्गत पड़ते गांव कोठी मनवाल में वीरवार रात आठ हथियारबंद गुंडों द्वारा एक युवक पंकज कुमार उर्फ पंकू को मौत के घाट उतार दिया गया और मौके से फरार हो गए। इस घटना के चलते इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आठ में से सात आरोपियों को घटना के छह घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसपी पठानकोट सूहेल कासिम मीर ने बताया कि घटना के तुरंत बाद एसपी पठानकोट के नेतृत्व में पुलिस ने आठ में से सात आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विनोद कुमार उर्फ सोनू गांव खानपुर, राहुल उर्फ काका खानपुर, अनिल कुमार उर्फ निंजा कोठी मनवाल, रोहित कबीर कॉलोनी खानपुर, पवन कुमार उर्फ बब्बा खानपुर, रणजीत सिंह नजदीक पैलेस लबीनी एवं मनजीत सिंह लबीनी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना शाहपुरकंडी में आईपीसी की धारा 302, 148 एवं 149 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसएसपी काशीम मीर ने बताया कि हत्या में प्रयोग किए गए दातर एवं कृपाण को भी कब्जे में ले लिया गया है।



## मानदेय मिलने पर नंबरदार संघ खुश

**धर्मशाला।** करीब पांच माह से लंबित चल रहा मानदेय भत्ता मिलने से नंबरदार संघ खुश है। नंबरदार संघ जिला कांगड़ा के अध्यक्ष रघुवीर सिंह राणा ने बताया कि पांच महीने का मानदेय भत्ता संघ के सभी सदस्यों के बैंक खाते में जमा हो चुका है। उन्होंने कहा कि संघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य सरकार के धन्यवादी हैं जो उन्होंने संघ की मांग को पूरा कर उन्हें राहत प्रदान की है। संघ ने मुख्यमंत्री का भी आभार जताया है।

**पत्रकार वार्ता** धर्मशाला में कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी विजय इंद्र ने उठाए सवाल

# पार्टी से गद्दारी का कारण बताएं सुधीर: कर्ण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जनता को अभी तक संतोषजनक जवाब नहीं मिला है कि सुधीर शर्मा ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग आखिर क्यों की। सुधीर शर्मा द्वारा पार्टी से की गई गद्दारी उनकी महत्वकांक्षा को दर्शाता है। मंत्री रहते हुए स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत करोड़ों रुपए आए, उसका हिसाब भी जनता जानना चाहती है। यह बात धर्मशाला में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस से पूर्व प्रत्याशी विजय इंद्र कर्ण ने कही। उन्होंने सुधीर शर्मा पर तंज कसते हुए कहा कि पता नहीं उन्होंने कौन सा चश्मा लगाया है जिससे उन्हें सरकार के विकास कार्य नहीं दिख रहे। आपदा के दौर में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपनी पूरी जमा पूंजी दान कर दी। इसके उल्ट भाजपा बागियों को हेलिकॉप्टर में घुमाती रही जबकि आपदा के समय कोई सहायता नहीं की। इंदिरा गांधी प्यारी बहन सुख सम्मान निधि के खिलाफ भाजपा ने चुनाव आयोग के पास जाकर रुकवाया और यही कारण है कि बीते दिनों धर्मशाला में हुए कार्यक्रम में वह भीड़ नहीं जुटा सके क्योंकि धर्मशाला की जनता में सुधीर शर्मा के लिए आक्रोश भर चुका है। विजय इंद्र कर्ण ने कहा कि पहले सुधीर शर्मा यह बताएं कि भाजपा में क्यों शामिल हुए। धर्मशाला की जनता सुधीर शर्मा की सच्चाई जानती है और अब बहकावे में नहीं आएगी। इस मौके पर विजय इंद्र कर्ण के अतिरिक्त ब्लॉक कांग्रेस धर्मशाला अध्यक्ष हरभजन सिंह, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश कुमार पप्पी, युवा कांग्रेस व सेवादल सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते विजय इंद्र कर्ण व अन्य।



## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर का प्रवास कार्यक्रम

**हमीरपुर।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर 20 अप्रैल को कला केंद्र भवन सुजानपुर में महिला मोर्चा सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इसके उपरांत भोरंज विस क्षेत्र के ग्राम पंचायत धमरोल में अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन के कार्यक्रम में भाग लेंगे। वहीं 21 अप्रैल को ऊना जिले के ग्राम पंचायत मुबारकपुर में लोगों से रू-ब-रू होंगे। सुबह 11 बजे अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन गगरेट भाजपा मंडल द्वारा कलोह में आयोजित होगा उसमें शामिल होंगे। 22 अप्रैल को जिला कांगड़ा के देहरा में अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन में भाग लेंगे, जबकि दोपहर 2 बजे भोरंज विधानसभा क्षेत्र के जाहू में स्थानीय कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। सायं 5. 30 बजे जिला बिलासपुर के घुमारवीं में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। 26 अप्रैल को बड़सर विधानसभा पन्ना में प्रमुख सम्मेलन में भाग लेंगे और 27 अप्रैल को हमीरपुर विधानसभा में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लेंगे। यह जानकारी हमीरपुर जिला भाजपा मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने दी।

### चुनावों में कांग्रेस को देंगे पटकनी : पटियाल

**बिझड़ी।** भाजपा मीडिया प्रभारी विकास पटियाल, जिला सचिव श्याम सिंह ढटवालिया, उपाध्यक्ष कमलेश ढिल्लो व किसान मोर्चा प्रवक्ता रवि कानूनगो ने कहा कि 2024 के लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों में कांग्रेस को पटकनी दी जाएगी। हमीरपुर से अनुराग ठाकुर इस बार रिकॉर्ड वोट से जीतेंगे। साथ ही बड़सर विधानसभा उपचुनाव भी एकतरफा मुकाबले में जीतेंगे।

### लखनपाल के मन में खोट : पवन कालिया

**बिझड़ी।** जिला महासचिव कांग्रेस पवन कालिया ने कहा कि पूर्व विधायक इंद्रदत्त लखनपाल शिमला से आकर विधायक बड़सर बने। तब से लेकर आज तक बड़सर में अपना घर तक नहीं बनाया। ऐसा लगता है कि उनके मन में खोट है। बड़सर से कांग्रेस के टिकट पर आप आए आपका यहां कुछ भी न होते हुए बड़सर की जनता ने आपको यहां से विधायक बनने के बाद भी आपने नया मकान शिमला में ही बनाया। मन शिमला में होने की वजह से ही कांग्रेस की टिकट पर तीन बार चुनाव लड़ने के बाद भी बड़सर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को धोखा दिया।

### विद्युत उपमंडल-2 में कल बंद रहेगी बिजली

**हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 21 अप्रैल को लाइनों की आवश्यक मरम्मत के चलते मट्टन सिद्ध, पीएनबी आर सेटी, डुग्घा, बाईपास, लाहड़, जसौर, दुगनेड़ी, जाइका, कुटिया, पुलिस लाइन, दोसड़का, हथली, घनाल, अणु कलां, प्रताप गली और साथ लगते क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### नौसेना के पेंशनरों से संवाद 24 अप्रैल को

**हमीरपुर।** जिला हमीरपुर में भारतीय नौसेना के पेंशनरों के जीवन प्रमाण पत्र की अपलोडिंग और 'स्पर्श' से संबंधित अन्य प्रक्रियाओं के बारे में 24 अप्रैल को दोपहर बाद अढ़ाई बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय हमीरपुर में एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सी आरएसओ के अधिकारी और कर्मचारी नौसेना के पेंशनरों का मार्गदर्शन करेंगे। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय हमीरपुर के उपनिदेशक स्क्वाड्रन लीडर मनोज राणा ने बताया कि इस कार्यक्रम में नौसेना के पेंशनरों के जीवन प्रमाण पत्र की अपलोडिंग भी मौके पर ही कर दी जाएगी।

### बन्ह में दो गुटों में मारपीट, मामला दर्ज

**नादौन।** नादौन पुलिस थाना के अंतर्गत रंगस के गांव बन्ह में एक शादी समारोह के दौरान दो गुटों में झगड़ा हो गया। दड़ूही के बाबू खान पुत्र जान मोहम्मद ने पुलिस थाना नादौन में शिकायत की है कि वह रंगस पंचायत के बन्ह गांव में एक शादी समारोह में आया हुआ था वहां पर हाकम दीन व उसके पुत्रों ने उसके साथ जेसीबी के पैसों को लेकर बहसबाजी व मारपीट की जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। वहीं हमीरपुर के ताल क्षेत्र के गांव कपोटी के हाकम दीन पुत्र गपिया ने भी पुलिस को शिकायत की है कि बाबू खान, अली मोहम्मद, जमील खान आदि ने उनके साथ मारपीट तथा उसकी पत्नी के साथ गलत व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने क्रास केस दर्ज करके छानबनी शुरू कर दी है।

### शहीद अंकुश चैरिटेबल ट्रस्ट का मेडिकल कैंप कल

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के कड़ोहता गांव के गलवान घाटी में अमर शहीद सिपाही अंकुश ठाकुर सेना मेडल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप 10 से 2 बजे तक शिशु निकेतन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल दशमल में 21 अप्रैल को रेडक्रॉस हमीरपुर के सहयोग से लगाया जा रहा है जिसमें ईएनटी, गायनाकालॉजिस्ट, पेडियाट्रिक्ट, ऑर्थो व ईसीजी इत्यादि डॉक्टर शामिल होंगें।

### मतदान केंद्रों पर नेटवर्क सुदृढ़ रखें कंपनियां

**हमीरपुर।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बीएसएनएल और मोबाइल इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने वाली अन्य कंपनियों को निर्देश दिए हैं कि वे आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर जिला के सभी 532 मतदान केंद्रों पर अपना-अपना नेटवर्क सुदृढ़ रखें, ताकि मतदान के दिन ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो। शुक्रवार को बीएसएनएल और अन्य कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने ये निर्देश दिए। अमरजीत सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले में सभी क्रिटिकल मतदान केंद्रों सहित कम से कम 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों में निर्वाचन प्रक्रिया की वेबकास्टिंग की जाएगी, यानी मतदान के दिन एक जून को जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के कुल 532 मतदान केंद्रों में से 266 मतदान केंद्रों से वेबकास्टिंग होगी। इसके अलावा प्रत्येक मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी हर 2 घंटे के बाद रिपोर्ट प्रेषित करेंगे।

# जांच के शिकंजे में ब्वॉयज स्कूल हमीरपुर

## प्रिंसिपल की पहली जांच में खामियां, सेक्रेटरी एजुकेशन ने सेक्शन ऑफिसर को दिए जांच के आदेश

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

जिला मुख्यालय पर स्थित ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल की भीतरी व्यवस्था में खामियों को लेकर पूर्व प्रिंसिपल्स जांच के शिकंजे में आ गए हैं। पिछले 4 साल का रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। सेक्रेटरी एजुकेशन ने सेक्शन ऑफिसर हमीरपुर को फिर से जांच करने के आदेश दिए हैं। एक माह पहले भी गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल धंगोटा के प्रिंसिपल इसी स्कूल की जांच रिपोर्ट तैयार करके सरकार को भेज चुके हैं, लेकिन उस जांच में जो खामियां रही हैं, उन पर सेक्रेटरी एजुकेशन नाराज हैं और उन्होंने फिर से तत्काल जांच रिपोर्ट तैयार करके भेजने का फरमान जारी किया है। जांच पिछले दिन से शुरू हो गई है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

जांच के शिकंजे में जो प्वॉइंट्स सामने आए हैं, उनमें वोकेशनल शिक्षा के एक लाख रुपए को किसी दूसरी जगह खर्च करने का आरोप है। यह पैसा संबंधित हेड का दूसरी जगह खर्च नहीं किया जा सकता था, लेकिन यहां पर यह खामी पाई गई है। इसके अलावा एसएमसी के फंड को लेकर भी बिल-बाउचर का मामला आरोपों में फंस गया है। मिड-डे मील से जुड़ा हुआ एक आरोप भी अब फिर से इस जांच में शामिल किया गया है। कैंटीन के बर्तनों से जुड़े हुए मामले में भी स्कूल प्रशासन की कारगुजारी को संदेह के दायरे में डाला गया है। पुराने गेट की जगह तैयार किए गए नए गेट को भी उसमें शामिल किया गया है। (अनंत ज्ञान)



रात को चमचमाता ब्वॉयज स्कूल हमीरपुर का गेट।

"सरकार से जो नई जांच को लेकर जो आदेश आए हैं, सेक्शन ऑफिसर उसकी इंक्वारी कर रहे हैं। इससे पहले भी एक जांच इसी स्कूल की इन्हीं मुद्दों से जुड़ी हुई हो चुकी है। लेकिन उस समय एक प्रिंसिपल ने यह जांच की थी। अब सेक्शन ऑफिसर कर रहे हैं।
–अनिल कौशल, डिप्टी डायरेक्टर, सेकेंडरी एजुकेशन

### आरटीआई में सूचना मांगने पर छुपाई कई खामियां

**दरअसल** में एक जांच पिछले महीने धंगोटा के प्रिंसिपल के सौजन्य से तैयार करके उसे डिस्पोज आफ के लिए सेक्रेटरी एजुकेशन को भेजा गया था, लेकिन उस जांच में जो खामियां रही हैं, उसी पर ही असली विवाद है। किसी व्यक्ति ने आरटीआई के तहत संबंधित आरोपों को लेकर जानकारी मांगी थी, लेकिन उसमें जो कागजात मांगे गए थे। वह उसे दिए नहीं गए, यानी आरटीआई में सूचना मांगने पर कई खामियां छुपाने का काम हुआ है। उसी से और ज्यादा विवाद बढ़ गया, जिस कारण सरकार को फिर से शिकायत की गई और अब तकरीबन एक महीने के बाद नई जांच सेक्शन ऑफिसर के हवाले की गई है। फिलहाल इस जांच में क्या निकलेगा? कुछ नहीं कह सकते, लेकिन कुछ चीजें ब्वॉयज स्कूल प्रशासन के लिए गले की फांस बन सकती हैं। बिल बाउचर को लेकर तो विवाद है ही, वोकेशनल शिक्षा के पैसे को दूसरी जगह खर्च करना भी अब परेशानी का सबब बनेगा। फिलहाल चार सालों का रिकॉर्ड खंगाल जा रहा है। माना यह जा रहा है कि रिकॉर्ड गायब है या फिर अधूरा है। यही विवाद की असली जड़ है। पुरानी एसएमसी कमेटी के सदस्यों को भी गुपचुप तौर पर बुलाने की जानकारी है, ताकि अधूरे कागजात मुकम्मल किए जा सकें।

## एनएच पर नहीं हो रहा पानी का छिड़काव धूल से लोग परेशान

**टौणीदेवी।** अणु से पाड़छु तक वाया टौणीदेवी–अवाहदेवी बन रहे एनएच पर बीते दो दिनों से पानी का छिड़काव नहीं हो रहा है, जिसकी वजह से लोग धूल फांकने को मजबूर हैं। दुकानदारों व लोगों ने बताया कि प्रतिदिन इस सड़क पर सैकड़ों वाहन गुजरते हैं जिस वजह से धूल उनके घरों व दुकानों में घुस रही है। उन्होंने बताया कि कई बार कंपनी के अधिकारियों से संपर्क करना चाहा पर उनके मोबाइल या तो स्विच ऑफ पाए जाते हैं या वह सुनते ही नहीं है, लोग अपनी व्यथा सुनाएं भी तो सुनाए किसको। टौणीदेवी अस्पताल चौक के पास निर्माण में जुटी कंपनी द्वारा डंगे के लिए नींव की खुदाई के दौरान पानी की पाइपों को भी तोड़ दिया है और एक हफ्ता होने पर भी जोड़ा नहीं, लोग पीने के पानी के लिए भी तरस रहे हैं। टौणीदेवी देवी से सरकाघाट तक सड़क की हालत ऐसी है कि लोग बेहद परेशान हो गए हैं, क्योंकि उड़ते धूल के गुब्बार से लोगों को आंखों, कान, नाक में खुजली तक होना शुरू हो गई है और न जाने कितनी बीमारियां उनके शरीर में प्रवेश कर रही हैं। इस बारे में साइट इंजीनियर सुशील ठाकुर बताया कि यह मामला उनके ध्यान में नहीं था और अब कंपनी को हिदायत दी जाएगी कि प्रतिदिन पानी का छिड़काव करें।

## एससी–एसटी के मामलों की जांच में न हो देरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबंधन समिति की त्रैमासिक बैठक शुक्रवार को उपायुक्त अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला में उक्त अधिनियम के तहत दर्ज 83 मामलों की ताजा स्थिति और इनसे संबंधित मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई।

उपायुक्त ने बताया कि अभी इन 83 मामलों में से 34 मामले विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन हैं, जबकि 28 मामलों की अभी पुलिस जांच चल रही है। 14 मामलों की कैंसलेशन रिपोर्ट्स न्यायालयों में विचाराधीन हैं और 7 मामलों की कैंसलेशन रिपोर्ट्स अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की गई हैं।

उन्होंने पुलिस और अभियोजन विभाग के अधिकारियों से इन सभी मामलों की ताजा स्थिति की जानकारी ली और कहा कि इन मामलों की जांच एवं अभियोजन प्रक्रिया में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए तथा सभी लंबित मामलों का नियमित रूप से फॉलोअप किया जाना चाहिए।


उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

**उपायुक्त अमरजीत सिंह ने पुलिस और अभियोजन विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश**

अमरजीत सिंह ने कहा कि अगर किसी मामले की कैंसलेशन रिपोर्ट तैयार की गई है तो इसकी सूचना पीड़ित व्यक्ति को अवश्य दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में कड़े प्रावधान किए गए हैं। इसलिए, इन मामलों में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर समिति के गैर–सरकारी सदस्यों ने भी विभिन्न मामलों पर अपनी राय रखी, जबकि समिति की सदस्य सचिव एवं जिला कल्याण अधिकारी गीता मरवाहा ने विभिन्न मामलों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में एसपी पदम चंद, जिला न्यायवादी संदीप अग्निहोत्री, एएसपी राजेश कुमार, बड़सर के एसडीपीओ सचिन हीरेमथ, डीएसपी सुनील दत्त ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## पिछड़े वर्ग को मुख्यधारा के साथ जोड़ना भाजपा का ध्येय

**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर का अनुसूचित जनजाति प्रतिनिधियों का सम्मेलन हमीरपुर में आयोजित किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाना था। विधायक आशीष शर्मा ने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के सम्मेलन में कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि सभी का आशीर्वाद लेने का मौका इस कार्यक्रम में मिला। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि, संत रविदास, डॉ. बीआर अंबेडकर जैसी कई ऐसी शख्शियत रही हैं जिन्होंने पिछड़े वर्ग से आने के बावजूद अपने ज्ञान व हुनर का परचम लहराया।


सम्मेलन में उपस्थित आशीष शर्मा व अन्य।

डॉ. अंबेडकर ने देश को संविधान दिया। जिस पर आज पूरा देश चल है। विधायक ने कहा कि मेरा भी सौभाग्य है कि भाजपा परिवार में शामिल हुआ हूं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में इस बार अनुराग ठाकुर को पांच लाख से अधिक मतों से विजयी बनाएंगे। अगर उनका इस्तीफा भी मंजूर होता है तो विधानसभा उपचुनाव भी साथ होंगे। उन्होंने सम्मेलन में पहुंचे सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। जिला उपाध्यक्ष उषा बिरला ने कहा भाजपा ने महिलाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए एक मंच दिया।

## जोल गांव में मतदान के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भोरंज विधानसभा क्षेत्र की धमरोल पंचायत के बूथ नंबर 70 जोल गांव में शुक्रवार को स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया क्योंकि प्रदेश के 414 पोलिंग बूथों में से जोल बूथ में भी 70 प्रतिशत से कम मतदान हुआ है। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि खंड विकास अधिकारी भोरंज कुलवंत सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करना बहुत जरूरी है।



बूथ नंबर 70 जोल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीण।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2009 के बाद चुनाव आयोग ने शत–प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम को शुरू किया है। इससे लोगों में चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए रुचि बढ़ी है। उन्होंने भोरंज विस, बिलासपुर, विस व नैनादेवी विस व अन्य चुनावों में हार–जीत के अंतर से वोट के महत्व से लोगों को अवगत करवाया। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि अप्रैल माह में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी युवा चार मई तक अपने वोट बनाएं तथा आने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करें।

इस दौरान स्वीप के नोडल अधिकारी अनिल डोगरा ने ग्रामीणों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में स्वीप टीम के सदस्य पवन रांगड़ा, कमल प्रकाश, धमरोल पंचायत प्रधान वीना देवी, उपप्रधान विजय कुमार, अंजना देवी व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बिकाऊ विधायक लोकतंत्र के लिए खतरा : कांग्रेस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भोरंज से कांग्रेस विधायक सुरेश कुमार और हमीरपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती ने कहा है कि बिकाऊ विधायक लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों ने खुद का ईमान बेचकर लोकतंत्र की हत्या की है। हिमाचल में खरीद–फरोख्त की राजनीति कभी नहीं रही। भाजपा ने राज्यसभा सीट जीतने के लिए इसकी शुरुआत की। बिकाऊ विधायकों ने निजी स्वार्थ के लिए अपना ईमान बेचा है। भाजपा संविधान को ही खत्म करना चाह रही है।

उन्होंने कहा कि बिकाऊ विधायकों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। लोगों ने पांच साल के लिए विधायक चुने थे, लेकिन वह 14 महीने में ही बिक गए। यह जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा है। बिकाऊ विधायकों की राजनीतिक महत्वाकांक्षा थी, उन्हें क्षेत्र की जनता से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा टिकट पर चुनाव लड़ रहे बिकाऊ विधायकों को उपचुनाव में जनता कड़ा सबक सिखाएगी।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिला का यह सौभाग्य है कि उसे एक बार फिर मुख्यमंत्री मिला है, लेकिन राजेंद्र राणा व इंद्रदत्त लखनपाल को सुक्खू का मुख्यमंत्री बनना रास नहीं आ रहा। उन्होंने हिमाचल की राजनीति में भी आया राम–गया राम की कहावत चरितार्थ कर दी है। हमीरपुर जिले की जनता इन दोनों बिकाऊ विधायकों को कभी माफ नहीं करेगी।

## बाल स्कूल में स्पेशल एजुकेटर शिक्षक का पद खाली

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला केंद्र बाल हमीरपुर में स्पेशल एजुकेटर शिक्षक का पद पिछले दो वर्षों से खाली चल रहा है। ऐसे में स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे दिव्यांग स्टूडेंट्स और उनके अभिभावकों की दिक्कतें बढ़ गई हैं, क्योंकि बिना शिक्षक के स्टूडेंट्स कैसे अपनी पढ़ाई करेंगे यही चिंता अभिभावकों को सताए जा रही है।

गौरतलब है कि प्राइमरी स्कूल हमीरपुर में बीते वर्ष 10 से 12 दिव्यांग स्टूडेंट्स शिक्षा ग्रहण कर रहे थे और आजकल एडमिशन का दौर भी जारी है। ऐसे में स्कूल में स्पेशल एजुकेटर शिक्षक न होने से स्कूल स्टाफ की भी दिक्कतें बढ़ गई हैं।

**पिछले दो साल से नहीं है शिक्षक**

बीते वर्ष नर्सरी से लेकर पांचवीं कक्षा तक 183 स्टूडेंट्स शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। स्कूलों में स्टूडेंट्स को पढ़ाने के लिए पांच शिक्षक तैनात हैं। यही वजह है कि प्राइमरी स्कूल में स्टूडेंट्स की संख्या अच्छी है।

बताया जा रहा है कि इस वर्ष स्कूल में स्टूडेंट्स की संख्या जरूर थोड़ी कम हुई है, लेकिन एडमिशन का दौर अभी 30 अप्रैल तक जारी है। ऐसे में स्कूल में स्टूडेंट्स की संख्या और बढ़ने की उमीद है। इसके अलावा साढ़े पांच वर्ष की शर्त भी स्टूडेंट्स की एडमिशन में आड़े आ रही है, क्योंकि जो बच्चे 31 मार्च तक साढ़े पांच वर्ष के हो रहे हैं, सिर्फ उन्हीं स्टूडेंट्स को पहली कक्षा में प्रवेश दिया जा रहा है। इन स्टूडेंट्स को छह माह की प्रदेश सरकार द्वारा एकमुश्त छूट दी जा रही है।

इसके अलावा सरकारी स्कूलों में नर्सरी अध्यापकों का भी प्रदेश सरकार कोई प्रावधान नहीं कर पाई है, इस वजह से भी अभिभावक अपने बच्चों की एडमिशन करवाने से पीछे हट रहे हैं। वहीं मुख्य शिक्षक अणु खुर्द राजेश कुमार का कहना है कि स्कूल में स्पेशल एजुकेटर शिक्षक का पद खाली चल रहा है। इसके लिए शिक्षा विभाग को अवगत करवा दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

**जख्योल स्कूल के अध्यापकों की नई पहल**

## जेब से 15 हजार खर्च कर बच्चों के लिए लगाई नई वर्दी

**भरेड़ी।** भोरंज राजकीय माध्यमिक पाठशाला जख्योल के अध्यापकों ने अपनी जेब से करीब 15000 रुपए खर्च कर स्कूल के बच्चों के लिए अलग वर्दी लगाई है। इससे छठी से आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले 30 बच्चे अब पीले रंग की वर्दी में दिखेंगे। मुख्याध्यापक मनोहर लाल, मान चंद प्रशिक्षित कला स्नातक, पंकज कुमार शास्त्री व भूमि चंद कला अध्यापक ने करीब 15000 हजार रुपए एकत्रित करके सभी बच्चों के लिए एक जैसी वर्दी खरीदकर निजी स्कूलों को टक्कर देने का कार्य किया है। हिंदी व अंग्रेजी माध्यम से बच्चों को मिल रही शिक्षा के कारण स्कूल में बच्चों की संख्या में वृद्धि हो रही है।



## नशा बेचने वालों की जानकारी देने वाले मोबाइल नंबर पर इनकमिंग सुविधा ही नहीं

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार द्वारा नशा मुक्त हिमाचल बनाने के लिए मोबाइल फोन एप्लिकेशन लॉन्च किया गया है जिस पर ड्रग पैडलर और ड्रग का प्रयोग करने वालों के खिलाफ सूचना दी जा सके। इस ऐप के अलावा हेल्पलाइन नंबर 1908 भी दिया गया है और एक मोबाइल नंबर 787891 6800 भी जारी किया गया है।

यह ड्रग फ्री हिमाचल मोबाइल फोन एप्लिकेशन को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के माध्यम से राज्य नारकोटिक्स अपराध नियंत्रण, राज्य सीआईडी शिमला के सहयोग से विकसित किया गया है। जिससे नशा बेचने वाले और खरीदने वालों की सूचना दी जा सके और किसी को सूचना देने वाले पहचान भी न होने पाए। पुलिस या नारकोटिक्स अपराध नियंत्रण को जानकारी देने के लिए जारी किए मोबाइल नंबर पर इनकमिंग की सुविधा ही नहीं है। हालांकि, जिन अधिकारियों ने इस नंबर को जारी किया है उन्हें भी इसकी जानकारी नहीं है।

**ड्रग फ्री हिमाचल बनाने को जारी किया है मोबाइल नंबर**

बता दें कि प्रदेश में नशा बेचने वाले और खरीदने वाले की कहीं पर पता चलता है तो इसकी जानकारी मोबाइल ऐप पर दें या मोबाइल नंबर 7878916800 पर दें ताकि पुलिस ऐसे लोगों का शिकंजा कस सकेगी।

नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ पुलिस और जनता एकजुट होकर लडाई लड़ने तो जा रही है, लेकिन मोबाइल ऐप और मोबाइल नंबर दुरुस्त रखने होंगे। इस बारे में पुलिस अधीक्षक पदम चंद ने बताया कि यह सरकारी नंबर है और इसकी जांच करवाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## डीएवी स्टूडेंट्स ने मनाई महात्मा हंसराज की जयंती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

डीएवी विद्यालय आलमपुर के स्टूडेंट्स ने डीएवी विद्यालय के प्रथम मुख्याध्यापक महात्मा हंसराज की 160वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर आयोजित गतिविधि में स्टूडेंट्स ने महात्मा हंसराज की जीवनी से संबंधित भाषण प्रतियोगिता, लेखन प्रतियोगिता व नारा लेखन में भाग लिया। साथ ही भव्य रैली का भी आयोजन किया गया।

उन्होंने निस्वार्थ भाव का एक ऐसा उच्च आदर्श स्थापित किया, जिसका अनुसरण आज भी किया जा रहा है। इस अवसर पर डीएवी विद्यालय के प्रधानाचार्य बिक्रम सिंह ने महात्मा हंसराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक उच्च कोटि के विद्वान व परोपकारी प्रवृत्ति के स्वामी थे।






महात्मा हंसराज जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित स्टूडेंट्स व शिक्षक।

**नादौन।** डीएवी भड़ोली में महात्मा हंसराज की जयंती के उपलक्ष्य पर हवन–यज्ञ व विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने महात्मा हंसराज की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्टूडेंट्स व अध्यापकों ने महात्मा हंसराज के महान कार्यों एवं आर्य समाज के विकास में दिए योगदान को अपने भजनों में प्रस्तुत कर सब को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## कैश–गिफ्ट, शराब और लेन–देन पर रखें कड़ी नजर : डीसी

**हमीरपुर।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने चुनावों के दौरान नकदी, उपहारों, शराब और किसी भी तरह की अन्य संदिग्ध वस्तु के भंडारण, वितरण के मामलों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शुक्रवार को पुलिस, बैंक, आयकर विभाग, राज्य कर एवं आबकारी विभाग और अन्य संबंधित विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने ये निर्देश दिए। बैठक में एसपी पदम चंद, एडीसी मनेश यादव, राज्य कर एवं आबकारी विभाग के उप आयुक्त वरुण कटोच, जिला अग्रणी प्रबंधक लक्ष्मी नारायण काजल व अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

**निर्णय** | मंदिर कमेटी ने शादी के लिए दी सहमति, नवरात्र में 12 लाख रुपए से अधिक चढ़ा चढ़ावा

## संतोषी माता मंदिर में अब हो सकेंगी शादियां

**एसके शर्मा, जाहू**

उत्तरी भारत का प्रसिद्ध संतोषी माता मंदिर लदरौर में चैत्र नवरात्र प्रदेश व दूसरे राज्यों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया, साथ ही मन्नत पूरी होने पर चढ़ावा भी माता के चरणों में अर्पित किया। नवरात्र में श्रद्धालुओं ने 12 लाख रुपए से अधिक चढ़ावा अर्पित किया। नवरात्र के बाद संतोषी माता मंदिर कमेटी ने बैठक कर मंदिर में शादी करने पर सहमति जताई व कोई भी मंदिर में आकर शादी कर सकता है। इसके लिए मंदिर कमेटी ने शादी के स्थान व अन्य व्यवस्थाएं की हैं।

बता दें कि इससे पहले मंदिर में शादी करने की अनुमति नहीं थी। मंदिर में शादी करने वालों के लिए हाल के अलावा खुला स्थान, रसोई और मंडप लगाने के लिए स्थान उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके अलावा मंदिर कमेटी ने निर्णय लिया है कि जो चढ़ावे की राशि एकत्रित हुई है उसे मंदिर के विकास कार्यों में लगाया जाएगा। वर्तमान में मंदिर में दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अतिरिक्त रास्ते की पौड़ियों और गेट का कार्य करवाया जा रहा है। इसी के साथ मंदिर की पुरानी पौड़ियों का भी जीर्णोदार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मंदिर की दूसरी ओर भी कमरों का निर्माण किया गया है। मंदिर में जो भी चढ़ावा होता है उससे गरीब घर की लड़कियों जिनके माता–पिता शादी का खर्च उठाने में असमर्थ हैं, उन्हें शादी के लिए राशन दिया जाता है। (अनंत ज्ञान)


में नए गेट व पौड़ियों का किया जा रहा निर्माण।

### विकास पर खर्च होगा पैसा

**कमेटी** प्रधान नंदलाल रणौत ने बताया कि चैत्र नवरात्र में लगभग 12 लाख से अधिक चढ़ावा हुआ है। इस राशि को मंदिर के विकास पर खर्च किया जाएगा। मंदिर में पहले शादी करने की अनुमति नहीं थी परंतु इस वर्ष से मंदिर में कोई भी शादी की सकती है। उन्होंने बताया कि मंदिर के विकास के लिए कमेटी हर संभव प्रयास कर रही है।

## व्यवसायी होटल व रेस्टोरेंट के प्रचार के लिए पेड़ों का ले रहे सहारा

# पेड़ों को कील व तार मुक्त करने के डीएफओ के आदेश

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

वन मंडलाधिकारी गोहर सुरेंद्र कश्यप ने आम जनता का आह्वान किया है कि जंगल व पेड़ मानव जीवन का आधार है। इनकी रक्षा की जानी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अब फायर सीजन शुरू हो गया है। इसके चलते सभी को सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ व्यवसायी अपने होटल-रेस्टोरेंट के प्रचार के लिए पेड़ों का सहारा ले रहे हैं। वे अपने संस्थानों के बोर्ड लोहे की किलों व तारों से पेड़ों पर निर्दयतापूर्वक गाड़ते हैं, जिससे पेड़ों की ग्रोथ नहीं हो पाती है। ऐसा करने से पेड़ सूख जाता है। उन्होंने इसे अमानवीय और गैरकानूनी करार दिया। यह कृत्य वन विभाग के लिए चिंतनीय है।

उन्होंने ऐसे होटल व रेस्टोरेंट मालिकों को खुद जल्द ही बोर्ड स्वयं हटाने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि ऐसा न करने पर विभाग खुद ये बोर्ड उतारेगा और उस संस्थान के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पंडोह डैम के पास एक पेड़ पर बड़ा बोर्ड लगाया गया था, ऐसा करने के लिए बड़ी बड़ी किलों और तारों से पेड़ को छलनी किया गया था।



पेड़ पर लगाया गया साइन बोर्ड।

उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी पंडोह के द्वारा बोर्ड को अपने कब्जे में लेने के निर्देश दिए जिस पर तत्काल कार्रवाई की गई। उन्होंने अपने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि कहीं भी पेड़ पौधों पर लगे बोर्ड लोहे की कीलों और तारों से मुक्त करें। पेड़ पौधों की सुरक्षा जंगल की सुरक्षा है। जंगल सुरक्षित होंगे तो मानव जीवन सुरक्षित होगा।

**पेड़ों की सुरक्षा ही जंगल की सुरक्षा है**

# स्कूल में हवन करने पर सीएम को भेजी शिकायत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

आल इंडिया लॉयर्स यूनियन सरकाघाट इकाई का प्रतिनिधिमंडल के संयोजक एडवोकेट दिनेश कुमार व उप संयोजक एडवोकेट अजीत कुमार के नेतृत्व में एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा से मिला तथा उनके माध्यम से मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश, सचिव शिक्षा विभाग व निदेशक उच्च शिक्षा को एक ज्ञापन भेजा, जिसमें मांग की गई कि नौ अप्रैल को राजकीय आदर्श माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट में स्कूल प्रशासन द्वारा एक हवन का आयोजन किया गया। इसके पीछे यह कारण बताया गया कि इससे प्राकृतिक आपदाओं से निपटारा हो सकेगा। यह हवन हिंदू नववर्ष के आगमन के रूप में किया गया क्योंकि उसी दिन विक्रम संवत शुरू होता है।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

आल इंडिया लॉयर यूनियन का मानना है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 28 के तहत किसी भी सरकारी शिक्षण संस्थान द्वारा किसी भी धर्म विशेष का प्रचार-प्रसार नहीं किया जा सकता है। ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन की राज्य कमेटी सदस्य सुरेश शर्मा व सुरेश एडवोकेट रविंद्र चंदेल व एडवोकेट अनिल ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव और निर्देशक उच्च शिक्षा को तुरंत इस पर संज्ञान लेना चाहिए तथा आस्था और विश्वास पर आधारित ऐसी गतिविधियों पर शैक्षणिक संस्थाओं के अंदर तुरंत पाबंदी लगानी चाहिए।

## वोट जरूर करूंगा



सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाते पुरुष मतदाता। बता दें कि ग्राम पंचायत दलेड़, पीहड बेहडलू, ऊटपुर में सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### तरयांबली, बगला व भ्रां में जागरूक किए मतदाता



**जोगिंद्रनगर।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी ने कहा कि मतदाता अवश्य अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। मनीष चौधरी आगामी एक जून को होने जा रहे आम लोकसभा चुनाव के दौरान 31-जोगिंदरनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कम मतदान वाले मतदान केंद्रों में चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार मतदान केंद्र तरयांबली, बगला तथा भ्रां में बोल रहे थे। इस दौरान तहसीलदार लडभड़ोल उर्मिला सुमन, नोडल अधिकारी स्वीप खजान ठाकुर, चुनाव सहायक मोहन सिंह सहित संबंधित ग्राम पंचायतों के जन प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### रोपड़ी पंचायत में बताया मतदान महत्व




**सरकाघाट।** ग्राम पंचायत रोपड़ी के बूथ नंबर 8 व 9 में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सेल्फी प्वाइंट तथा हस्ताक्षर चार्ट लगाया। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने मतदाताओं से लोकतंत्र के पर्व में अपने मत का प्रयोग अवश्य करने को कहा। इस अवसर पर स्वीप टीम के अधिकारी विजय गुलेरिया ने मतदाता पंजीकरण की विस्तृत जानकारी दी।

### खेलों के माध्यम से मतदाता किए जागरूक




**बालीचौकी।** 'सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता' स्वीप के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय सिराज में युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्थानीय महाविद्यालय एवं हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी थुनाग के विद्यार्थियों के बीच वॉलीबाल की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में दोनों संस्थानों की महिला एवं पुरुष वर्ग की टीमों ने हिस्सा लिया। स्थानीय महाविद्यालय के प्रधानाचार्य ने प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में प्रतियोगिता में भाग लिया। अंतत: लंबाथाच के लड़कों की टीम ने जीत हासिल की। प्रतियोगिता के बीच में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वीप टीम के नोडल ऑफिसर ओंकार सिंह ने सभी खिलाड़ियों तथा उपस्थित दर्शकों को लोकसभा चुनाव 2024 में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### वृद्ध आश्रम देहरी में दिया मतदान का संदेश




**सुंदरनगर।** लोकसभा चुनाव में मतदाता सहभागिता को बढ़ाने के लिए गठित की गई स्वीप टीम सुंदरनगर द्वारा आजकल मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही। इसी कड़ी में शुक्रवार को टीम के सदस्यों द्वारा वृद्ध आश्रम देहरी सुंदरनगर में जाकर के मतदान का संदेश दिया। यहां रह रहे लगभग 23 बुजुर्गों के साथ मिलकर के टीम के सदस्यों ने उनके हौसले को बढ़ाया। इस अवसर पर उपस्थित कई बुजुर्गों ने गजब का उत्साह दिखाते हुए इस बात को सुनिश्चित किया कि वे एक जून के दिन पोलिंग बूथ में जाकर ही अपने मत का सदुपयोग करेंगे। इस अवसर पर स्वीप टीम की तरफ से देवेंद्र कुमार, रजनीश गौतम, दिनेश सिंह, प्रवीण शर्मा, दिनेश शर्मा, नैना व भीमा उपस्थित रहे।

## सनौर-फिहड़ रोड पर जगह-जगह पड़े गड्ढे, वाहन चलाना हुआ मुश्किल

# खराब सड़क से बेहाल, कब जागेंगे जिम्मेदार

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

मंडी जिला के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सनौर फिहड़ सड़क अपने बदहाली के आंसू बहा रही है। इस सड़क की कोई भी सुध नहीं ले रहा है। सड़क में जगह-जगह पड़े हुए हैं वाहन मालिकों को वाहन चलाना मुश्किल हो रहे हैं।

बरसात के दौरान गिरे लहासे सड़क से हटाने के बाद साइड में पड़े हैं उनको दूसरी बरसात आने वाली है उठाया नहीं गया है। लोगों को गाड़ी पास करने में दिक्कत आती है। सड़क की नालियां जगह-जगह बंद पड़ी है। अधिकारियों को फोन करें, तो फोन उठाते नहीं हैं, लैंडलाइन खराब पड़ा है।

गौरतलब है कि 6 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण कार्य करोड़ों रुपया खर्च करके प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत किया गया है। हैरानी इस बात की है कि कई वर्ष इस सड़क को बने हुए हो गए हैं, पर अभी तक इसमें पक्की नालियों का निर्माण कार्य नहीं किया गया है और जहां पर डंगे लगने हैं वह भी नहीं लगाए गए हैं। इस सड़क से हजारों लोगों को सुविधा मिलती है। लोगों में रोशन लाल, ओमप्रकाश, भागमल, विपिन कुमार, अशोक कुमार, राजेश कुमार, प्रताप सिंह, हरि सिंह, रामलाल, पंकज कुमार, सुरेश कुमार, अश्विनी कुमार, हीरा सिंह, जयचंद, जोगिंद्र पाल, भाग सिंह, प्रभु दयाल, सीता देवी, सपना देवी, मीना देवी, रामपाल, कश्मीर सिंह आदि ने ईश्वर को जल्द से जल्द इस सड़क को ठीक करने की विभाग व सरकार से गुहार लगाई है। (अनंत ज्ञान)


खस्ताहालत सड़क।

**पिछली बरसात के लहासों की मिट्टी अभी भी पड़ी है सड़क किनारे**

### सड़क का जल्द होगा पैच वर्क : सहायक अभियंता

पीडब्ल्यूडी धर्मपुर के सहायक अभियंता युवराज सिंह ने कहा कि जल्दी ही सड़क में पैच वर्क का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। लोगों व वाहन चालकों को हो रही परेशानी से जल्दी निजात दिलाई जाएगी और जहां पर डंगे गिर हुए हैं उन्हें बरसात से पहले पूरा कर लिया जाएगा।


सड़क किनारे गिरे लहासे, जिसकी मिट्टी अभी तक नहीं उठाई गई।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**अनंत ज्ञान, मंडी**

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को आरोप सिद्ध होने पर अदालत ने 20 वर्ष का कठोर कारावास और 50 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। मंडी की अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के दोषी को विभिन्न धाराओं में कठोर कारावास की सजा के साथ जुर्माने की सजा सुनाई।

जिला न्यायवादी मंडी विनोद भारद्वाज ने बताया कि 19 सितंबर 2019 को 17 वर्षीय पीड़िता अपनी माता के साथ पुलिस थाना जंजैहली में आकर अपना बयान कलमबद्ध करवाया कि वर्ष 2014 में सरकाघाट निवासी दोषी उसके साथ फोन पर संपर्क में आई थी, जिसके बाद दोषी पीड़िता के घर मिलने गया था और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया तथा उसके बाद पीड़िता को शादी का झांसा देकर जबरदस्ती अपने घर ले गया और करीब दो साल तक पीड़िता के साथ अवैध संबंध रखे और बाद में अनुसूचित जाति का कहकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया और जिससे तंग होकर वह अपने मायके आ गई।



पुलिस थाना जंजैहली में दोषी के खिलाफ मामला 19 सितंबर, 2019 को दर्ज हुआ था। छानबीन पूरी होने पर थानाधिकारी द्वारा मामले के चालान को अदालत में दायर किया था। वहीं अभियोजन एवं बचाव पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने दोषी को भारतीय दंड संहिता की धारा 363 के तहत 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा के साथ 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई व जुर्माना अदा न करने की सूरत में अदालत ने दोषी को एक वर्ष के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भी सुनाई और भारतीय दंड संहिता की धारा 366 के तहत 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा के साथ 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई व जुर्माना अदा न करने की सूरत में अदालत ने दोषी को एक वर्ष के कठोर कारावास की सजा भी सुनाई।

पोक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा के साथ 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई व जुर्माना अदा न करने की सूरत में अदालत ने दोषी को 2 वर्ष के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भी सुनाई।

# नन्ही बालिका आश्वी ने नृत्य में जीता सबका दिल

**कविता, पधर**

हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी के पांच दिसवीय किसान मेला पधर में जोगिंद्रनगर की 4 वर्षीय नन्ही बालिका आश्वी ने ऐसा गजब का नृत्य किया कि लोग दंग रह गए।

उनके खूबसूरत नृत्य को देखकर मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम पधर सुरजीत ठाकुर व मुख्यातिथि भगवंत सिंह ने कार्यक्रम दौरान आश्वी को गले से लगा शाबाशी दी। आश्वी मिस इंडिया जूनियर 2023 (अंडर-9 ऐज) विनर रह चुकी मेहवीश (9 साल) की छोटी बहन है। दोनों बहनें हिमाचल और हिमाचल के बाहर जाकर भी बहुत से प्राइस जीत हिमाचल का नाम रोशन किया है। आश्वी के पिता की एक छोटी सी साइकिल रिपेयर की दुकान है और माता ग्रहणी है। (अनंत ज्ञान)



# मोदी के साथ चलेगी हिमाचल की जनता : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पहाड़ी प्रदेश हिमाचल में विकास की रफ्तार बढ़ाने का श्रेय केंद्र की भाजपा सरकार को ही जाता है, जबकि इतने वर्षों तक कांग्रेस ने राज किया लेकिन प्रदेश विकास को हमेशा तरसता ही रहा। पूर्व में जब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार केंद्र में रही तो हिमाचल को विशेष आर्थिक पैकेज मिला और विकास कार्यों में कभी विराम नहीं लगा।

इसके बाद यूपीए की दस वर्षों तक केंद्र में सरकार रही तो हिमाचल को छोटा राज्य बोलकर न केवल विकास में भेदभाव हुआ बल्कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद यहां के प्रमुख नेताओं को दिल्ली में मिलने तक का समय नहीं दिया जाता था। तत्कालीन मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह के साथ ऐसा कई बार हुआ है।

यही नहीं उनके कार्यकाल में केवल एक बार प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह हिमाचल आए और वो भी केवल चुनावी जनसभा करने जबकि दूसरी ओर 2014 के बाद जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं उन्होंने हिमाचल को अपना घर बताकर विकास में कोई कमी नहीं आने दी। आज हिमाचल में बात चाहे फोरलेन की हो या एम्स निर्माण की हो इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को ही जाता है। वहीं दिल्ली से जहां पहले 12 से 14 घंटे शिमला या मनाली के लिए लगते थे आज मात्र छह से सात घंटों का वक्त सड़क मार्ग से लग रहा है।


एक समारोह में शामिल होने जाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर।

भाजपा का संकल्प पत्र ही प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है और आने वाले पांच वर्षों में देश कहां दसवीं से तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनकर उभरेगा वहीं हिमाचल प्रदेश भी केंद्र की मदद से अग्रणी राज्यों में शुमार होगा। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शुक्रवार को सराज, बल्ह और सदर मंडी में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लिया।

## स्टांप वेंडर यूनियन ने मांगी सुविधाएं

**मंडी।** सरकार द्वारा ई-स्टांप सेवा शुरू करने के पश्चात इस कार्य से जुड़े हुए स्टांप वेंडरों ने समस्याएं व मांगें सरकार व प्रशासन के समक्ष रखी हैं। यूनियन के प्रधान ज्योतिराम के अनुसार ई स्टैंप का काम सिर्फ स्टांप वेंडर के माध्यम से ही किया जाना चाहिए।

इस कार्य के लिए बैंकों को दो लाख रुपए से ज्यादा वैल्यू होने पर ही अधिकार दिया जाए। पहले भी स्टांप पेपर सिर्फ स्टांप वेंडर से ही मिलता था। यही प्रक्रिया ई-स्टेंप में भी होनी चाहिए। इस कार्य के लिए कमीशन को 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत की मांग की।

# सरकाघाट कांग्रेस की ब्लॉक कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरकाघाट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील दत्त शर्मा ने अपनी समस्त कार्याकारिणी का विस्तार कर दिया है। जिसमें रोशन लाल, ओम चंद, कश्मीर सिंह, अश्वनी गुलेरिया, ऊमावती, लता ठाकुर, टेक चंद, नंदलाल, अर्जुन कौंडल, प्रिथी पाल, कृष्ण चंद, मोहन सिंह आदि को उपाध्यक्ष जबकि विद्यासागर, केडी शर्मा, केदार नाथ, रणजीत, राकेश पालसरा, सुरेश, शुभाष चंद, नरेश शर्मा, धर्मपाल, विनोद कुमार, कालीदास, करतार सिंह, ऊमा देवी, गीता देवी, प्यार चंद, मनोहर लाल को महासचिव, अनिल कुमार, चुनी लाल, प्रवीन कुमार, कमलेश कुमार, तरुण भारद्वाज, लेख राज, रूप लाल ठाकुर, रेखा धीमान, वंदना कुमारी, कश्मीर पालसरा आदि को सचिव चुना।

वहीं प्रताप सिंह को संगठनात्मक सचिव, विजय राणा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है, जबकि शुभाष, गिरधारी लाल, घन्ना नंद, सोमनाथ, हैपी, चमनलाल, संतोष कुमार, कंवर राणा, पवन कुमार, रतन चंद, रमेश कुमार, प्रवीन कुमार, दीनानाथ, मानसिंह, शाली ग्राम, प्रकाश चंद, संजय कुमार, लेखराज, दिनेश कुमार, राजकुमार, नीलम कुमार, त्रिलोक चंद, वेसर सिंह, कृष्ण चंद, प्रकाश चंद, नंद लाल, दिलवर सिंह, जगदीश, दारा सिंह, इंद्र सिंह, हंसराज, नरेंद्र कुमार, दीप राज, रणजीत सिंह,जीत राम, शंकर सिंह, महेंद्र सिंह, मंटू राम, सुरेश कुमार, ज्ञान चंद, विनय कुमार, दलीप ठाकुर, भागी रथ, टेक चंद राणा, विजय गुप्ता, लालू, अच्छर सिंह, सोहन सिंह, वेसर सिंह, धर्मपाल, कमला देवी, शुभाष चंद, राजू,अमर सिंह, सतीश, देई देवी, महाजन राम, लस्करी राम आदि को कार्याकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया।

विशेष आमंत्रित सदस्यों में लश्करी राम, कर्नल अमर सिंह, चंदू राम प्रेमी, ब्रह्म दास शास्त्री, अमर सिंह, बीरी सिंह, भूप सिंह, कमला देवी, कश्मीर सिंह, कैप्टन हुकम चंद, बालम राम आदि को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

# पधर मेले में हरियाणा के मेहर सिंह ने जीती माली


विजेता पहलवान को सम्मानित करते हुए आयोजक।

**अनंत ज्ञान, पधर**

जिला स्तरीय किसान मेला पधर में कुश्ती दंगल के दौरान तहसीलदार पधर पूर्ण चंद कौंडल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इससे पूर्व लखदाता पीर की जलेब शिव मंदिर पधर से बाजार होते हुए मेला ग्राउंड पहुंची। छिंज मेला का फाइनल रोचक मुकाबला जो दोनों हरियाणा के पहलवान मेहर सिंह और रमन के बीच लड़ा गया। मुकाबले में मेहर सिंह विजेता रहे। पूर्ण चंद कौंडल ने दोनों पहलवानों को सम्मानित किया। इस मौके पर एडीएम सुरजीत सिंह, डीएसपी दिनेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## मुद्दा

## नौबाही मंदिर बचाओ संघर्ष समिति ने की मांग, कानूनी सलाह लेकर प्रशासन से मांगेंगे जवाब

# सार्वजनिक हो नौबाही मंदिर का हर आय-व्यय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नौबाही मंदिर बचाओ संघर्ष समिति की बैठक अध्यक्ष ललित जंवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सर्वप्रथम नौबाही मंदिर की व्यवस्था पर गहनता से चर्चा करने के उपरांत समिति सदस्यों ने तय किया कि नवरात्र सहित हर त्योहार के बाद खुलने वाले दानपात्र के चढ़ावे की गिनती संघर्ष के सदस्यों के सामने की जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।



ललित जंवाल ने कहा कि लंबे समय से सरकाघाट प्रशासन से मांग की जा रही है कि हर माह का आय व्यय सार्वजनिक किया जाए। प्रेस को विज्ञप्ति जारी कर लोगों का विश्वास जीता जाए, लेकिन सरकाघाट प्रशासन इस दिशा में कोई कदम नहीं उठा रहा है।

ललित जंवाल ने कहा कि यदि प्रशासन नहीं माना तो आने वाले समय में आंदोलन का पांचवा चरण आरंभ किया जाएगा। सदस्य अग्निभट्ट ने कहा कि नौबाही मंदिर ट्रस्ट में राजनीतिक लोग डाले गए हैं, जबकि संघर्ष के लोग उसमें नहीं हैं। इसलिए ट्रस्ट में परिवर्तन करना मंदिर व्यवस्था और श्रद्धालुओं के हितों में होगा।

### उपसमितियों के चुनाव 25 से

**नौबाही** मंदिर बचाओ संघर्ष समिति की उप समितियों के चुनाव 25 अप्रैल से आरंभ हो जाएंगे। एक माह से भी अधिक समय तक चलने वाली इस प्रक्रिया में तीन जिलों मंडी, कुल्लू, हमीरपुर, बिलासपुर के लगभग नौ हजार लोग 27 उपसमितियों के अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। तत्पश्चात नौबाही मंदिर बचाओ संघर्ष समिति का प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव होगा। इसी कड़ी में सुंदरनगर और मंडी के चुनाव 28 अप्रैल को सुंदरनगर, मंडी में होंगे। इसमें संघर्ष समिति के 5 पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। चुनाव पर्यवेक्षक अग्निभट्ट और सोनू भटोऊ की देखरेख में संपन्न होंगे। वोटिंग प्रक्रिया सुबह 11 बजे आरंभ होगी और एक बजे पूर्ण होगी। समिति के अध्यक्ष ललित जंवाल ने कहा कि इस तरह व्यवस्था की गई है कि चुनाव प्रक्रिया में एक साथ आठ व्यक्ति मतदान कर सकेंगे। चुनाव का परिणाम नौबाही मेले को निकाला जाएगा।

### समिति कर चुकी है भंडाफोड़

गौर हो कि नौबाही मंदिर बचाओ संघर्ष समिति मंदिर में जाली पर्चियां छाप कर किए गए लाखों रुपए के गबन का भंडाफोड़ कर चुकी है। समिति इसको लेकर सत्याग्रह और प्रशासन के खिलाफ असहयोग आंदोलन का लगातार तीन वर्ष तक संचालन भी कर चुकी है। समिति का आरोप है कि अभी भी चढ़ावे की गिनती का लाइव प्रसारण और हर त्योहार व उत्सव में हुए आय व्यय का प्रेस नोट जारी नहीं किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत होती हैं। समिति सुंदरनगर में वकील उमेश भारद्वाज से विचार विमर्श कर आय व्यय को लेकर कानूनी प्रक्रिया अपनाएगी।

# विद्यार्थियों को बताया मतदान का महत्व

**अनंत ज्ञान, गोहर**

'मा भी पाणा वोट' थीम के तहत एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में अधीनस्थ स्वीप टीम ने शिक्षा भारती मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल निचली बैहली और कावेरी पब्लिक स्कूल धनोटू में विद्यार्थियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया और मतदान तथा इसके महत्व की बात समझाई।

बच्चों को बोला गया कि आप अपने घर में जाकर भी यह बताएं कि कोई मतदाता सूची से पंजीकृत होने से न वंचित हो। अगर ऐसा है वो भी 4 मई तक पंजीकृत हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त जो युवा 1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष के हो चुके हैं वो भी चार मई तक 2024 तक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा करवा सकते हैं। साथ ही एक जून 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए प्रेरित किया गया कि आप इस दिन अपने घरों से और लोगों को साथ लेकर के अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर भरपूर मतदान कर नाचन में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में सहयोग करें।



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे कलाकार।

इस बार एसडीएम ने नाचन में 81 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा है। इस अवसर पर शिक्षा भारती मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल निचली बैहली एयर कावेरी पब्लिक स्कूल धनोटू के बच्चों द्वारा भी आने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मतदान करने का संदेश दिया गया।

# श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी, 15 घायल, 3 गंभीर

▶ गंभीर घायल किए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले के हमीरपुर हाईवे पर समूरकलां में शुक्रवार दोपहर बाद बड़ा हादसा पेश आया है। हादसे में श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप बेकाबू होकर पलट गई।

हादसे में करीब पंद्रह श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सा अधिकारियों और पैरामेडिकल स्टाफ के कर्मचारियों ने तुरंत उन्हें प्राथमिक उपचार दिया।

बताया जा रहा है कि घायलों में तीन की हालत ज्यादा नाजुक थी, जिन्हें पीजीआई रेफर किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पिकअप जीप में सवार होकर श्रद्धालु बाबा बालकनाथ मंदिर में माथा टेकने के बाद वापस आ रहे थे। श्रद्धालुओं से मिली जानकारी के मुताबिक वे पंजाब के अमृतसर के रहने वाले हैं। श्रद्धालु पिकअप गाड़ी को डबल डेकर बनाकर बाबा बालकनाथ माथा टेकने के लिए गए थे, जहां से वापस घर लौटते वक्त उनके साथ समूरकलां में यह हादसा पेश आ गया। तीखे मोड़ पर चालक रफ्तार पर काबू नहीं रख पाया जिसके चलते पिकअप ट्राला बीच सड़क पलट गया और हादसे में सभी श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए।

## घर का सामान व नकदी ले उड़े चोर

**ऊना।** क्षेत्र के रामपुर बेला में अज्ञात चोरों ने लगभग सवा तीन लाख रुपए की चोरी को अंजाम दिया है। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात चोरों के खिलाफ आईपीसी की धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज किया है। शिकायत दर्ज करवाते हुए राजेश गर्ग निवासी रामपुर बेला ने कहा कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर के ताले तोड़कर घर से लगभग सवा तीन लाख रुपए का सामान व नकदी चुरा ली है। एसपी राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता

## गेहूं की कटाई से पहले मौसम बार-बार बन रहा खलनायक

**अनंत ज्ञान, ऊना**

गेहूं की फसल पर इस साल बार-बार मौसम खलनायक बना है। जरूरत के समय तो बारिश से किसानों को राहत मिली थी, लेकिन अब किसान आहत हो रहे हैं। जिले में शुक्रवार सुबह से खराब हुआ मौसम गेहूं की फसल के लिए किसी ग्रहण से कम नहीं है। खेतों में फसल लगभग पककर तैयार हो चुकी है, कुछ जगह कटाई चल रही है। इस बीच बारिश होना फसल के लिए बेहद नुकसानदायक है।

ऊना, हरोली बंगाणा, दौलतपुर चौक और गगरेट क्षेत्र में तो कई गांवों में फसल की कटाई तक शुरू हो चुकी है। वहां, खेतों में काटी गई फसल पर हल्की बारिश होने से फसल गीली हो चुकी है और अब उसे दोबारा सुखाना होगा। हालांकि मौसम फिर बिगड़ चुका है। जानकारी के अनुसार जिले में गेहूं की कटाई अप्रैल के अंतिम सप्ताह तक पूरी कर ली जाती है। वीरवार से ही आसमान पर बादल छाए हुए थे, देर रात को बूंदाबांदी हुई थी। शुक्रवार तड़के आसमान से खूब मेघ बरसे थे। कुछ दिन पहले से बादल छाए रहने के चलते किसान मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे थे।



बारिश से कारण खेतों में खराब हो रही किसानों की काटी गई गेहूं की फसल।

वीरवार रात हल्की बारिश और शुक्रवार को तेज बारिश होने के बाद किसानों की काटी गई फसल खराब होने का डर है। अगर इस समय बारिश होती है तो किसानों की पकी हुई गेहूं की फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी। जिले में 35 हजार हेक्टेयर जमीन पर गेहूं की फसल उगाई जाती है, जिसमें से 70 प्रतिशत गैर सिंचित इलाकों में पैदावार की जाती है। बता दें कि पिछले एक सप्ताह से मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। इससे पहले मार्च के अंतिम दिनों में खराब हुए मौसम और आंधी बरसात के चलते खेतों में गेहूं की फसल का नुकसान हुआ था। फसल जमीन पर बिछ गई थी।

तेज बारिश के साथ चली हवाओं ने फसल को तहस-नहस कर दिया था। हालांकि उसके बाद खिली धूप ने फसल की स्थिति में कुछ सुधार लाया, लेकिन अब दोबारा मौसम का खराब होना किसानों के लिए चिंता का विषय बन चुका है, क्योंकि तेज बारिश होने पर सीधा असर फसल की पैदावार पर पड़ेगा। उधर, मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन तक कुछ स्थानों पर वर्षा और कहीं बूंदाबांदी की संभावना जताई जा रही है। जिले में बीते दिनों मौसम खराब होने से करीब पांच हजार हेक्टेयर जमीन पर फसल बर्बाद हुई थी। कृषि महकमे ने किसानों की फसल के नुकसान का अनुमान लगाया है। अब कटी हुई फसल के नुकसान का खतरा बना हुआ है।

हाल ही में खराब मौसम के कारण फसल को नुकसान की सूचना अभी नहीं है। हालांकि जिन इलाकों में कटाई करके ढेर लगे हैं, वहां नुकसान अधिक होने का खतरा है। बंगाणा के किसान राजीव कुमार, विनोद कुमार, राकेश ठाकुर, जोगिंद्र सिंह आदि का कहना है कि बदलते मौसम के कारण पहले भी उनका काफी नुकसान हुआ है। उधर, कृषि महकमे के उपनिदेशक डॉ. कुलभूषण धीमान का कहना है कि नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

# पंजाब के युवक का जंगल में पेड़ से लटका मिला शव

▶ पीर निगाह के जंगल में पहले भी मिला था महिला का शव

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पीर निगाह के समेत पंजाब के युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। ऊना जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पीर निगाह के जंगल में कुछ समय पहले ही एक महिला का शव बरामद हुआ था। अब क्षेत्र के जंगल में एक युवक का शव एक पेड़ पर लटकता हुआ मिला है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने पीर निगाह मंदिर के पास वाले जंगल के बीच खैर के पेड़ पर एक युवक के शव को लटकते हुए देखा। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों को दी और मामले के संबंध में पुलिस को भी सूचित किया गया।

जानकारी मिलते ही थाना सदर प्रभारी मनोज वालिया दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू कर दी। युवक के शव के पास पुलिस ने एक हैंडबैग भी बरामद किया है। मौके पर ही हैंडबैग की तलाशी लेने पर उसमें से मोबाइल फोन और कुछ अन्य सामान मिला है। इससे उसकी पहचान संभव हो पाई। मोबाइल के कवर के बीच पुलिस ने एक आधार कार्ड बरामद किया। यह आधार कार्ड 24 साल के नवदीप पुत्र मक्खन सिंह निवासी भोड़ा तहसील गढ़शंकर जिला होशियारपुर अंकित है। पुलिस ने इस आधार कार्ड के आधार पर संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों को भी सूचित कर दिया है। हालांकि आधार कार्ड पर छपी फोटो काफी पुरानी लग रही है, जिसके चलते पुलिस मृतक का ही आधार कार्ड होने का भी दावा नहीं कर रही।

प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। लेकिन पुलिस फोरेंसिक टीम की मदद के जरिए हर पहलू से इस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी मनोज वालिया का कहना है कि पुलिस ने घटना के संबंध में जांच शुरू कर दी है, आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# मतदाता सूची में 4 मई तक दर्ज होंगे नाम

## जिले के सभी बीएलओ के पास पहुंची मतदाता सूची, पात्र मतदाताओं के पास मौका

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिले के सभी बीएलओ के पास मतदाता सूची पहुंच चुकी है। कोई भी इस सूची का अवलोकन कर सकता है। किसी का नाम इस सूची में शामिल नहीं है अथवा जो युवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है, वह इस सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

इसके लिए निर्धारित प्रपत्र बीएलओ के पास उपलब्ध हैं। जो पात्र मतदाता किसी कारणवश अब तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज नहीं करवा पाए हैं, उनके लिए अभी भी इसका अवसर है। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अंतिम तिथि 4 मई है। जिला निर्वाचन विभाग ने यह जानकारी दी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि जिले में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में जोड़े जा रहे हैं।

इसके लिए मतदाता अपने मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी अथवा एसडीएम कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। वे फॉर्म नंबर 6 लेकर अपना एक रंगीन पासपोर्ट फोटो, आधार संख्या, आयु और निवास के प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि के साथ अपना और अपने परिवार के सदस्य, जो एक अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु पूर्ण कर रहे हैं, उनका नाम मतदाता सूची में 4 मई 2024 तक दर्ज करवा सकते हैं।

### ऑनलाइन भी कर सकते हैं आवेदन

जतिन लाल ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल एनवीएसपी और वोटर हेल्पलाइन ऐप पर भी ई-रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें ऑनलाइन पंजीकरण किया जा सकता है। उन्होंने आग्रह किया कि पंजीकृत मतदाता भी अपना और अपने परिवार के सदस्यों का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने की पुष्टि अवश्य करें। सूची में मतदाता के नाम सुधार का काम 26 मार्च तक कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान मतदाता सूचियों में कोई भी अपना नाम दर्ज होने की पुष्टि विभाग की वेबसाइट सीईओहिमाचल डॉट एनआईसी डॉट आईएन पर भी कर सकता है।

### डीसी बोले-हमारा प्रयास एक भी पात्र मतदाता न छूटे

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी पात्र मतदाताओं से वोटर लिस्ट में अपना नाम पंजीकरण सुनिश्चित बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु पूर्ण कर रहे सभी युवा मतदाता अपना वोट अवश्य बनवाएं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि जिले में एक भी पात्र मतदाता नाम दर्ज कराने से न छूटे। वोट की ताकत से लोकतंत्र मजबूत होता है। इसमें सब मतदाताओं की सहभागिता आवश्यक है। सभी अपने वोट का महत्व समझें, और मताधिकार का प्रयोग करें। इसे लेकर अन्यों को भी प्रेरित करें। डीसी ने स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में सभी से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# अग्निकांड से पशुशाला राख



आग से मिट्टी के ढेर में तब्दील हुई पशुशाला को दिखाते स्थानीय लोग

**अंब।** शुक्रवार को क्षेत्र के स्वाना उपरला निवासी सुभाष चंद की पशुशाला में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपटें तेज होने के कारण स्लेटपोश पशुशाला पूरी तरह जलकर राख में तब्दील हो गई है। इस अग्निकांड की घटना से पशुशाला के अंदर रखी इमारती लकड़ी वा पशुचारा पुरी तरह जल गए है। उक्त घटना में वक्त पशुशाला के, समीप दो गोवंश को भी आग ने लपेटे में ले लिया लेकिन समय रहते उन्हें सुरक्षित बचा लिया गया है।

# सिंगा में गुरी धालीवाल करेंगे पीर लख दाता के जन्मदिन पर गुणगान



मंदिर कमेटी के सदस्य बैठक करते हुए ।

**अनंत ज्ञान, हरोली**

उपमंडल के तहत पड़ते पंचायत सिंगा में लखदाता पीर जी का जन्मदिन 21 अप्रैल को मनाया जाएगा। शुक्रवार को जानकारी देते हुए पंचायत सिंगा के प्रधान ज्ञानी बाबा एवं व गद्दीनशीन बाबा होशियार सिंह अमन ने बताया कि 21 अप्रैल को हर वर्ष की तरह लख दाता लाला वाले पीर जी का जन्मदिन मनाया जाएगा। इसमें पंजाब के मशहूर गायक गुरी ढालीवाल पीर की महिमा का गुणगान करेंगे व इसके उपरांत जन्मदिन के उपलक्ष्य पर केक काटा जाएगा।

ज्ञानी बाबा ने बताया रात को मंदिर परिसर में ही माता रानी का जागरण करवाया जाएगा, जिसमें कुलदीप माही होशियारपुर एवं गुरप्रीत सोनी रोपड़ माता रानी की महिमा का गुणगान करेंगे।

केक काटने की रस्म बीबी हरबंसी देवी डेरा गोलणी पंजाब, बलबीर कुमार शारदा पस्सीबाल करेंगे और इस दौरान पीर जी का लंगर अटूट चलेगा।

# 70 लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच सबसे ज्यादा जोड़ों के दर्द के रोगी



स्वास्थ्य शिविर में लाभ लेने वाले लोग टीम के सदस्यों के साथ।

**अनंत ज्ञान, हरोली**

प्रयास संस्था की ओर से संचालित अस्पताल मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम (प्रीति, रुचि, निहाल) ने डॉ. प्रदीप के नेतृत्व मे गांव व पंचायत पड़ेगा में स्वास्थ्य की जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें 70 लोगों की स्वास्थ जांच की गई। 40 के टेस्ट किए गए। इसमें उच्च रक्तचाप के 8, शुगर के 7, जोड़ों के दर्द के 29 लोग पाए गए।

स्वास्थ्य शिविर के दौरान बुजुर्गों, महिलाओ एवं बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्तजांच निशुल्क की गई। मरीजों को उपयुक्त उपचार, सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया गया।

# मतदान प्रतिशतता बढ़ाने को लेकर किए जागरूक

## गोंदपुर बुल्ला और भडियारां पंचायतों में स्वीप की टीमों ने किए कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

लोकसभा चुनाव और दो विधानसभा चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित बनाने के लिए जिला प्रशासन मतदाताओं को जागरूक व प्रेरित करने के प्रयास में जुटा है, ताकि कोई भी नागरिक व युवा मतदाता अपनी वोट का प्रयोग करने से वंचित न रह सके।

इसी कड़ी में व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी कार्यक्रम (स्वीप) के तहत आज शुक्रवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र की पंचायत गोंदपुर बुल्ला और भडियारां में मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के मकसद से प्रथम आईआरबीएन बनगढ़ के एकलव्य कलामंच ने गांववासियों को नुक्कड़ नाटक व गीत-संगीत के जरिए वोट के महत्व बारे जागरूक किया और चुनावों में अपनी सौ फीसदी भागीदारी सुनिश्चित बनाने का मतदाता जागरूकता संदेश दिया।



मतदान प्रतिशतता बढ़ाने को लेकर आयोजित जागरूकता शिविर में ग्रामीण तथा आयोजक।

एकलव्य कलामंच के कलाकारों ने लोगों को 'वृद्ध हों या जवान, सभी करें मतदान' स्लोगन के माध्यम से मतदाता जागरूकता संदेश दिया।

उन्होंने युवाओं से स्वयं मतदान करने के साथ-साथ अपने माता-पिता तथा आस पड़ोस के लोगों को भी मतदान प्रक्रिया में भागीदारी के लिए प्रेरित करने की अपील की।

### लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवा अहम : डीसी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवाओं की अहम भूमिका रहती है। सभी पात्र युवा और नए मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। जिला प्रशासन का प्रयास है कि पहली जून को मतदान के दिन जिले में सभी मतदाता अपने घरों से निकलें और अपने मताधिकार का उपयोग करें। सशक्त लोकतंत्र के लिए सभी मतदाता लोकतंत्र के लोकपर्व में सम्मिलित हों और सही तरीके से अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

# आग लगने पर 101 नंबर डायल करने की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना के अग्निमशन कर्मियों ने औद्योगिक क्षेत्र पंडोगा के क्षेत्र में आग के बारे में आमजन को अलर्ट किया है। इस दौरान फायर टीम ने पेट्स फार्मा प्राइवेट लिमिटेड, आईटीआई पंडोगा, पीएचसी दौलतपुर मे अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूक किया। आग से बचाव के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारियां दी गईं।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान लीडिंग फायरमैन अशोक कुमार ने आग लगने की स्थिति में त्वरित और सही ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए जरूरी तकनीक और सावधानियों पर प्रकाश डाला। आग लगने की स्थिति में टोल फ्री नंबर 101 पर संपर्क करने बारे कहा गया। इस अवसर पर उद्योग के कर्मचारियों सहित अग्निश्मन विभाग से फायरमैन दौलतराम, चालक रणजीत सिंह व हवलदार कमल सिंह सहित लोग उपस्थित रहे। ऊना अग्निशमन केंद्र के प्रभारी नितिन धीमान ने कहा कि अग्निशमन सुरक्षा सेवा सप्ताह के अंतर्गत आमजन को आग के प्रति जागरूक किया जा रहा है।



अग्निशमन विभाग के कर्मचारी उद्योग प्रबंधन के साथ।

**सख्ती** 'नशा मुक्त ऊना' बनाने के लिए सभी के समन्वित प्रयासों पर बल

# नशा तस्कर किसी सूरत में बचने न पाएं : डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने ऊना जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए सभी के समन्वित प्रयासों पर बल दिया है। उन्होंने पुलिस, चिकित्सा, शिक्षा और समाज कल्याण समेत संबंधित विभागों को बेहतर तालमेल के साथ जिले में सघन जागरूकता शिविर लगाने और गहन निरीक्षण अभियान चलाने को कहा। उन्होंने जिले में निगरानी बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि नशीली दवाओं के तस्करों पर कड़ी नजर रखें ताकि वे किसी सूरत में बचने न पाएं। उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई हो।

उपायुक्त राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल (एनकॉर्ड) के तहत बनी जिलास्तरीय समन्वय समिति की शुक्रवार को बचत भवन ऊना में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत अपराधियों की गिरफ्तारियों समेत इससे जुड़े विविध पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई ।



उपायुक्त राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल (एनकॉर्ड) के तहत बनी जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक में अन्य सदस्यों के साथ।

**युवाओं के लिए संवेदीकरण कार्यक्रम की योजना बनाएं :** उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जिले में जागरूकता शिविरों के आयोजन के लिए व्यापक कार्य योजना बनाने को कहा। उन्होंने स्कूलों के प्रधानाचार्यों, छात्रों व पर्यटन क्षेत्र से संबंधित सभी हितधारकों की भागीदारी के साथ नशीली दवाओं की लत के बारे में युवाओं के लिए एक संवेदीकरण कार्यक्रम की योजना बनाने के निर्देश दिए।

**पंचायतों में हों खेल गतिविधियां :** उपायुक्त ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए स्कूल, कॉलेज के साथ-साथ पंचायत स्तर पर भी विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरणा देंगी। उनकी ऊर्जा को सही दिशा मिलेगी। उन्होंने नशे के दुष्प्रभवों को लेकर जन जागरूकता शिविरों के आयोजन को भी कहा।

### सीमावर्ती क्षेत्रों में बरतें अधिक चौकसी

जतिन लाल ने जिले को ड्रग फ्री बनाने की दृष्टि से पुलिस से सीमावर्ती क्षेत्रों में अधिक चौकसी बरतने और सही तालमेल के साथ कार्य करने को कहा। इन इलाकों में अवैध गतिविधियों की रोकथाम को लेकर कार्य करें। इसके अलावा उन्होंने जिला थानों के साथ लगते नजदीकी दूसरे जिलों के थानों के साथ भी अच्छे तालमेल पर ध्यान देने को कहा ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को तुरंत रोका जा सके।

**ये रहे उपस्थित :** बैठक में एएसपी संजीव भाटिया, एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चैहान, एसडीएम अंब विवेक महाजन, उपनिदेशक कृषि कुलभूषण धीमान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अक्षत की शानदार गेंदबाजी से हमीरपुर ने सोलन को 103 रन पर समेटा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

स्थानीय इंदिरा स्टेडियम ऊना में अंडर 16 का क्वार्टरफाइनल मुकाबला हमीरपुर और सोलन के बीच में आरंभ हुआ। मुकाबले में सोलन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 103 रन बनाए, जय आदित्य डोगरा ने 62 रन बनाए, अंश राज चौहान ने 10 रन बनाए, बाकी सोलन का कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार न कर सका।

हमीरपुर के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए सोलन की टीम को सस्ते में समेट दिया। अक्षत शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 खिलाड़ियों को आउट किया, वरुण सिंह और किशन कुमार ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया।

हमीरपुर की टीम ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में बढ़त प्राप्त कर ली है, जिनका खेल खत्म होने तक 5 विकेट 132 रन बनाए हैं। इसमें नितांश शर्मा 47 रन, दिव्यांश शर्मा 18 रन, शौर्य जमाल 26 रन बनाकर खेल रहे हैं। सोलन के शौर्य ठाकुर ने तीन, अशराज चौहान ने एक खिलाड़ी को आउट किया और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

### क्वार्टरफाइनल मुकाबले में बिलासपुर की टीम के दिन का खेल खत्म होने तक 6 विकेट पर 226 रन

ऊना। कांगड़ा और बिलासपुर के बीच में तीन दिवसीय अंडर 16 क्रिकेट मैच शुक्रवार को आरंभ हुआ। मुकाबले में बिलासपुर की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 84 ओवर में 6 विकेट खोकर 226 रन बनाए। टीम के अखिलेश गौतम 77, वरुण ठाकुर 54, अभय चंदेल 14 रन और प्रिंस ठाकुर 5 रन बनाकर खेल रहे हैं।कांगड़ा के वार्तिक धीमान दो खिलाड़ियों को आउट किया। संचित सरोच, रिधान नंदा और प्रांशुल ने 1-1 खिलाड़ी को आउट किया, जबकि एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

# कांग्रेस नहीं करती जल्दबाजी : रायजादा

**ऊना।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी सतपाल रायजादा ने कहा है कि कांग्रेस एक परिवार है। इसमें मुखिया जिसको जो दायित्व देगा, उसका पालन किया जाएगा। अगर टिकट को लेकर गहन मंथन हो रहा है तो यह भी पार्टी हित में है। कांग्रेस अति उत्साह और जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं लेती है।

ऊना सदर के पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल रायजादा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सोच विचार करने के बाद ही प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारती है। मकसद साफ है कि मजबूत और जिताऊ कैंडिडेट को चुनाव में उतार कर पार्टी को मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि भाजपा ने विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के ही बागियों को प्रत्याशी बनाकर जो जल्दबाजी की है, उसका खामियाजा उन्हें चुनाव में भुगतना होगा।

आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत आपको हमेशा सफलता दिलाएगी। -विराट कोहली

## संपादकीय

# लोकतंत्र के महापर्व के बीच किसान आंदोलन

पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर जारी किसानों का आंदोलन राजनीतिक रूप लेता जा रहा है। लोकतंत्र के महापर्व के बीच किसान आंदोलन का चुनावों पर असर पड़ सकता है। किसानों के रेल रोको आंदोलन ने उत्तर भारत में व्यापक असर डाला है। लोगों को आने-जाने में और सामान पहुंचाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हिमाचल प्रदेश में भी टूरिज्म सेक्टर प्रभावित हो रहा है। शिमला और मनाली सहित अन्य इलाकों में पर्यटकों की आवाजाही आजकल कम हो गई है। सबसे ज्यादा मनाली प्रभावित हो रहा है। गर्मियों में जितना टूरिस्ट इस पर्यटन स्थल पर आता था, उतना अब नहीं आ रहा।

किसान आंदोलन के चलते वाया राजपुरा, सरहिंद होकर जाने वाली हिमाचल एक्सप्रेस के अलावा ऊना से हरिद्वार और अंबाला के लिए ट्रेनें नहीं चलीं। इन ट्रेनों के संचालन पर संशय बना हुआ है। किसान वर्ष 2020 से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन उस समय जब किसानों का आंदोलन हुआ था, उसका नेतृत्व जो संगठन कर रहे थे, इस बार के आंदोलन में वे शामिल नहीं हैं। इनमें राकेश टिकैत वाले भारतीय किसान यूनियन और अखिल भारतीय किसान सभा जैसे संगठन हैं। भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) भी इस बार आंदोलन में शामिल नहीं है। किसान संगठन मोदी सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं। दरअसल वे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) गारंटी जैसे मुद्दों को हल करने की मांग कर रहे हैं। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में यह दूसरी बार है, जब किसान आंदोलित हुए हैं। असल में मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल को कई उपलब्धियों से भरे कार्यकाल के तौर पर जाना जाता है, लेकिन इसी दूसरे कार्यकाल में दो किसान आंदोलन हो गए हैं। अब देखना है कि किसान किस ओर जाते हैं और अपने मताधिकार का प्रयोग किसके हक में करते हैं। इस पूरे मामले को तटस्थ होकर देखें तो पंजाब की लोकसभा सीटों को किसान आंदोलन थोड़ा प्रभावित कर सकता है, जबकि लोकसभा चुनाव में हरियाणा में भी असर हो सकता है, लेकिन इसके इतर अन्य दूसरे राज्यों में किसान आंदोलन अप्रभावी नजर आ रहा है।

बेशक एमएसपी गारंटी कानून की मांग किसानों के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन किसान संगठन इस मुद्दे को देशव्यापी बनाने में असफल रहे हैं। हालांकि इसके पीछे कई कारण हैं। तीन कृषि कानूनों के खिलाफ 2020-21 में हुए किसान आंदोलन के बाद फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी का मुद्दा किसान यूनियनों की प्रमुख मांग के तौर पर उभरकर सामने आया है। पिछले तीन साल में यह मुद्दा इतना जोर पकड़ चुका है कि राजनीतिक दलों के लिए इसकी अनदेखी करना मुश्किल हो गया है। लोकसभा चुनाव के लिए जारी सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दलों के घोषणा पत्र में एमएसपी का मुद्दा छाया हुआ है। हालांकि, कानूनी गारंटी के मुद्दे पर राजनीतिक दलों के स्टैंड में अंतर है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में किसान न्याय के तौर पर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार एमएसपी की कानूनी गारंटी देने का वादा किया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो यात्रा में किसानों की इस मांग का समर्थन पहले ही कर चुके हैं। एमएसपी की कानूनी गारंटी देने से सरकारी खजाने पर अत्यधिक बोझ पड़ने के दावों को भी कांग्रेस खारिज करती है। मोदी की गारंटी के तौर पर पेश भाजपा के घोषणा पत्र में एमएसपी की कानूनी गारंटी तो नहीं है, लेकिन फसलों के एमएसपी में लगातार बढ़ोतरी का वादा किया है। एमएसपी कितना बढ़ेगा, इसका कोई जिक्र नहीं है। इसके अलावा आम आदमी पार्टी ने केजरीवाल की छह गारंटियों के तौर पर किसानों को स्वामीनाथन आयोग के मुताबिक एमएसपी निर्धारित कर फसलों के पूरे दाम दिलवाने का वादा किया है। किसान इस बात को लेकर आशंकित हैं कि कृषि क्षेत्र के नए कानून से उनकी निर्भरता कॉरपोरेट सेक्टर पर बढ़ जाएगी और जिससे एमएसपी खत्म हो जाएगी। अब देखना है कि किसानों का यह आंदोलन क्या रंग लाता है।

# संसदीय लोकतंत्र की रक्षा करने में देश सफल रहा

अंग्रेजी उपनिवेश के अंधे युग से मुक्ति के बाद भारत ने एक आधुनिक लोकतंत्र के रूप में अब तक तीन चौथाई सदी की यात्रा पूरी कर ली है। इस बीच यहां की राजनीतिक प्रतिबद्धताओं में उतार-चढ़ाव के कई दौर आए, कई आंतरिक और बाह्य आपदाएं भी आईं, फिर भी संसदीय लोकतंत्र की रक्षा करने में देश सफल रहा। इस बीच नेतृत्व में भागीदारी भी इस अर्थ में विकेंद्रित हुई कि वह अभिजात वर्ग के एकल वर्चस्व से बाहर आई। कहा जा सकता है कि देश की सामाजिक चेतना का विस्तार हुआ।

कुल मिलाकर पराधीन से स्वाधीनता की राह पर चलना एक विदेशी जकड़न से मुक्त कराने वाला अनुभव था पर 'पूर्ण स्वराज' की सोच आज तक अधूरी प्रोजेक्ट ही रही। उसने देश के नागरिकों को अनिवार्य दायित्व की एक अनदेखी डोर से भी बांधा था। स्वतंत्रता का अर्थ स्वच्छंदता न होकर समर्थ होने और आत्मनिर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ाना है। इसलिए जब अमृतकाल की अवधि में एक आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण के लिए संकल्प लिया गया तो सब ने हामी भरी। इस काम में पूरे भारतीय समाज का जुड़ाव चाहिए। इसके लिए गणतंत्र की परिधि में संसदीय प्रणाली के अनुसार होना है। इस दृष्टि से लोकसभा का ताजा चुनाव एक खास अवसर है।

चुनाव के लिए प्रचार का काम जोरों पर है। वोटर को फुसलाने और लुभाने के लिए किस्म-किस्म की तरकीबें आजमाई जा रही हैं, ताकि जन-समर्थन और वोट इकट्ठा किया जा सके। जनसभा, रोड शो, रैली और रेला के बड़े और मेगा शो के साथ-साथ अब घर-घर मतदाताओं से मिलकर अपने पार्टी के पक्ष में जमीनी स्तर पर प्रचार करने की कवायद रफ्तार पकड़ने लगी है। मीडिया खास तौर पर टीवी चैनलों पर होने वाले वाद-विवाद (जिन्हें दंगल! हल्लाबोल! शंखनाद! के रूप में प्रचारित कर लोकप्रिय बनाया जाता है) गौर तलब हेन। इनमें नेताओं के अंत:करण की आवाज के साथ उनकी दृष्टि (और पार्टी) में बदलाव की आहट, दल-बदल की खबरें, चुनावी टिकट की अनोखी बंदरबांट और विभिन्न दलों के झूठे-सच्चे आपसी आरोप-प्रत्यारोप के दावे विचार के विषय होते हैं। राजनीतिक पार्टियों के प्रवक्ताओं के (अनोखे और कभी-कभी हास्यास्पद किस्म के) वक्तव्य और तीखे वाग्युद्ध तथा राजनीतिक विश्लेषकों द्वारा की जाने वाली रोचक भविष्यवाचक टिप्पणियां दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाती हैं।



लेखक : गिरीश्वर मिश्र
पूर्व कुलपति, हिंदी विवि वर्धा

शायद उनकी राय बनाने में मददगार भी हों, हालांकि विभिन्न पार्टियों के बेतुके और परस्पर विरोधी दावे कई बार दिग्भ्रमित भी करते हैं, साथ ही सरकारों और नेताओं के दोषों, कमियों और गलतियों की फेहरिस्त भी घटा-बढ़ाकर पेश की जाती है। नेताओं के पुराने और यादगार अच्छे-बुरे, प्रासंगिक और गैर-प्रासंगिक (बेतुके!) कारनामों की भी मदद ली जाती है। उनके भूत उतारे नहीं उतरते और वर्तमान की लड़ाई के लिए इतिहास अस्त्र-शस्त्र मुहैया करता रहता है। इस बीच राजनीतिक चाल भी ठहरी नहीं रहती। गोया निरंतर इतिहास रचा जाता है। राजनीतिक परिदृश्य कुछ ऐसा है कि मोदी की उपस्थिति, छवि और संवाद-पटुता ने उनको राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है। उनकी गतिशीलता ने भारत की छवि को भरोसेमंद बनाया है। उनकी रीति-नीति में समावेश की प्रवृत्ति भी झलकती है। जनपक्षीयता, जन-सुविधाओं के व्यापकीकरण जैसे- डिजिटलीकरण, संसाधनों और इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार, आर्थिक मोर्चे पर मजबूती, प्रतिरक्षा तंत्र का स्वदेशीकरण, अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश के बढ़ते कदम आश्वस्ति का संकेत देते हैं। 'मोदी की गारंटी' असरदार हो रही है।

सामाजिक और राजनीतिक समीकरण साधने की उनकी कोशिश भी रंग ला रही है। अब सभी दलों ने प्रत्याशियों के चयन के साथ टिकटों का ऐलान कर अपनी रीति नीति को जाहिर किया है। पार्टी हाईकमान राज-काज में भागीदारी के लिए योग्यता या अनुभव की जगह अपने विश्वासपात्रों को तलाश रहा है जो 'लायल' बना रहे। जनता को अपने विश्वास में लेने के लिए 'न्याय' और 'गारंटी' पर खूब जोर दिया जा रहा है।

युवा, स्त्री, मजदूर, किसान, गरीब आदि के लिए खैरात बांटने की घोषणा की भरमार हो रही है। वादों के जरिए जन-कल्याण का नुस्खा पेश करते हुए बहुत से प्रस्ताव आ रहे हैं। इनमें आरक्षण की सीमा बढ़ाने, नौकरी के अवसर देने, कर्ज देने और माफ करने, विभिन्न वर्गों के लिए अनुग्रह राशि देने और जातिगत जनगणना करा कर सबको संतुष्ट करने की कोशिश जारी है। परिवार-प्रथम की युक्ति संकुचित और विकलांग राजनीतिक सोच को ही बता रही है। जातिवाद और तुष्टीकरण की खुली नीति से उसे पुष्ट भी किया जा रहा है। भ्रष्टाचार में संलिप्तता के मामले अनेक नेताओं के गले की फांस हो रहे हैं।

दलों की साख घट रही है। आईएनडीआईए जैसा मोर्चा संकल्पहीन नाटक हो रहा है। भारत के सबसे पुराने दल कांग्रेस अस्तित्व के लिए बुरी तरह संघर्षरत है। उसके लिए गहरे आत्म-मंथन की जरूरत है। आज जाति, क्षेत्र और धर्म जैसे समाज-विभाजक आधारों का आसरा लेकर प्रलोभनों की झड़ी लग रही है। सुरा, सुविधा, बाहुबल और धनबल से वोट की सौदेबाजी खुलकर सामने आ रही है। नेता अक्सर सत्ता संभालने और उसका सुख भोगने में लग जाते हैं। आम जन और उनके नेताओं के बीच दूरी बढ़ती जा रही है। महंगाई, बेरोजगारी और सरकारी कामकाज की धीमी गति, कानूनी उलझनों और उबाने वाली नौकरशाही पूरी व्यवस्था को प्रश्नांकित करती दिखती है। आम जन उद्धार पाने के लिए बेचैन है। नारे और वायदों से उकता चुकी जनता को जमीनी हकीकत में बदलाव की आगामी चुनाव की कसौटी रहेगी। जनता के जन-घोषणा पत्र में किसी एक खास की संतुष्टि नहीं, बल्कि सबका कल्याण ही सबसे पहले है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून की संस्थाओं और उनकी कार्यविधि का पुनर्जीवन, भ्रष्टाचार से मुक्ति और सदाचार का पोषण हुए बिना आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव नहीं है।

वंचितों की मौलिक सामर्थ्य को बढ़ाना न कि उनको परोपजीवी बनाए रखना, पारदर्शिता के साथ सुशासन की व्यवस्था ले आना, लचर और हास्यास्पद रूप से तकनीकी होती जा रही न्याय प्रणाली को सुधारना अहम है। इसी तरह शिक्षा का महत्व समझ कर उसकी गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जाना अपरिहार्य होगा, तभी युवा भारत को सार्थक जीवन का अवसर मिल सकेगा। फौरी प्रलोभन देकर वोट बटोरने की कुप्रथा से कुछ न होगा। भारत एक ऐसे सशक्त भारत का स्वप्न देख रहा है, जिसमें ऐसी पारदर्शी व्यवस्था हो जो लोक कल्याण से प्रतिबद्ध हो और सबकी सहभागिता हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# गोमांस खिलाने की नफरती मानसिकता से निजात मिले

गुजरात के वडोदरा से सामने आई खबर समोसे में बीफ (गाय का मांस) भरकर बेचा जा रहा था, को लेकर देश के अलग-अलग राज्यों से गैर मुसलमानों को गोमांस खिलाने की कई घटनाएं पिछले दिनों घटती हुई हैं। किसी को भ्रम में रखकर और सही जानकारी न देते हुए धोखे से गाय का मांस खिलाया जाना निश्चित ही क्रूरता के अंतर्गत आएगा।

प्रतिवर्ष इस प्रकार की अनेक घटनाएं आपको होती दिखती हैं। इन सभी घटनाओं में जो समानता है, वह है इस्लाम को मानने वाले लोग ही इस प्रकार के कृत्य को करते हुए पाए जाते हैं, जबकि वह ये अच्छे से जानते हैं कि गाय को मां के रूप में हिंदुओं समेत अन्य गैर मुस्लिम पंथों में मान्यता है। हिंदुओं के धर्म ग्रंथों में अनेक उदाहरण हैं, जो यह कहते हैं कि गाय का रक्षण हर हाल में होना चाहिए। देखा जाए तो हिंदू धर्म में अश्व, नर, गाय, श्वान, सर्प, सुअर, शेर, गज और पवित्र पक्षी (हंसादि) का मांस खाना वर्जित किया गया है। हालांकि कुछ संहिताओं में जैसा कि सुश्रुत संहिता में मिलता है, आयुर्वेदज्ञ सुश्रुत कहते हैं कि बहुत आवश्यक होने पर ही रोगोपचार में शरीर की पुष्टि हेतु कभी-कभी



लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
हिंदुस्थान समाचार

मांसाहार करना जरूरी होता है। सुश्रुत संहिता कहती है कि मांस, लहसुन और प्याज औषधीय है। औषधि किसी बीमारी के इलाज के लिए होती है, आपके जिव्हा के स्वाद के लिए या इसका नियमित सेवन करने के लिए नहीं होती है। अर्थात, यदि मांस भक्षण भी करना पड़े तो वह जीभ के स्वाद के लिए नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए है, वह भी जब आयुर्वेदाचार्य, चिकित्सक बताएं तभी किया जाए, अन्यथा नहीं। उपनिषदों में बताया गया है कि जैसा अन्न होगा, वैसा ही मन बनता है। मुसलमानों को जब पता है कि हिंदू एवं कई गैर मुसलमान गो मांस भक्षण को निषेध मानते हैं, तब फिर क्यों उनकी आस्था को बार-बार चोट पहुंचाने का प्रयास किन्हीं भी इस्लामवादियों के द्वारा किया जा रहा है।

सोचने वाली बात यह है कि इस नकारात्मक सोच के जरिए वे क्या पा जाएंगे, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर एक भारतीय से यह अपील कर रहे हैं कि सभी मिलकर एक साथ 140 करोड़ भारतीय भारत के संपूर्ण विकास के लिए कार्य करें। निश्चित ही कहना होगा कि इस तरह की आपसी विद्वेष की भावना रखते हुए भारत को विश्व की सर्वशक्ति बनाया जाना संभव नहीं है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

### जंग



डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

*जंग में सरहद के इस पार या उस पार,*
*आदमी दोनों तरफ ही मरते हैं।*
*जंग छोटी हो या बड़ी, उलझनें तो बढ़ती ही हैं*
*और भुगतान बशिंदें ही करते हैं।*
*मिसाइलें कहीं से भी दागी जाएं,*
*जिंदगियां तबाह होती हैं दोनों ओर के निर्दोषों की।*
*बमों के धमाके, धुएं के गुबार और लपटें आतिश की,*
*निगल जाती हैं सब कुछ बेखबर, बेशुमार*
*हर तरफ जीव और निर्जीव को।*
*लड़ते हैं, मरते हैं, कटते हैं*
*कुर्बान हो जाते हैं दोनों ओर,*
*एक शहीद हो, मान पाते हैं, दूजे दुश्मन की मौत*
*मर जाते हैं,*
*यही तो जंग या लड़ाई के परिणाम बन जाते हैं।*

# विकास और विरासत का बेहतरीन संतुलन 'मोदी की गारंटी' में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'भाजपा का संकल्प पत्र-मोदी की गारंटी' नाम से जारी चुनाव घोषणा पत्र प्रस्तुत कर जहां एक ओर मतदाताओं के हृदय को स्पर्श करने में सफलता प्राप्त की है, वहीं विरोधियों के मुंह पर ताले जड़ दिए हैं। सभी प्रकार की आशंकाओं को परे रखते हुए उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि 4 जून के बाद इस गारंटी पर एक्शन प्लान शुरू कर दिया जाएगा। उनका यह कथन कि 'जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हें हम पूजते हैं'। यह प्रमाणित करता है कि यह संकल्प पत्र सुविधा की दृष्टि से अंतिम पायदान पर खड़े दरिद्र नारायण के लिए भी संभावनाओं के नए द्वार खोलता है, साथ ही यह भरोसा दिलाता है कि आम मतदाता को इस पर विश्वास करने में किसी भी प्रकार की शंका नहीं करनी चाहिए। ऐसा सोचने के लिए एक तर्क यह भी है कि अपने स्थापना काल से ही भारतीय जनता पार्टी जिन मुद्दों को लेकर संघर्ष करती आई है, सत्ता में आते ही उन्हें पूरा करने में किसी प्रकार का संकोच नहीं दिखाया है।



लेखक : डॉ. राघवेंद्र शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

किसने सोचा था कि हम कभी कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटते हुए देख पाएंगे, जब विरोधियों ने दावे किए थे कि ऐसा करने पर देश में भारी बवाल पैदा होगा, एक प्रकार से देश जल ही उठेगा। पूरे 500 साल हुए, जब से लाखों लोगों ने अयोध्या की श्रीराम जन्मभूमि को स्वतंत्र करने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। मुगल तो हमारे दुश्मन और विदेशी लुटेरे थे। अत: उनका मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाना समझ में आता है, लेकिन आजाद भारत में हमारे देश की, हमारी अपनी धर्मनिरपेक्ष सरकारें राम जन्मभूमि स्वतंत्रता आंदोलन में अड़ंगे पैदा करती रहीं। अदालत में भगवान श्रीराम को इन्हीं सरकारों से संबंधित वकीलों ने कपोल कल्पित कहने में शर्म महसूस नहीं की। अयोध्या की सड़कें कार सेवकों के खून से लाल कर दीं और सरयू का पानी रक्त रंजित कर दिया, किंतु जैसे ही भाजपा सरकार में आई और मंदिर समर्थकों को अपना पक्ष रखने का अनुकूल वातावरण मिला, वैसे ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा श्रीराम जन्मभूमि स्वतंत्र होने की घोषणा कर दी गई। आदेश सामने आते ही भाजपा शासित मोदी सरकार ने पल भर की देर नहीं लगाई और भव्य श्रीराम मंदिर का केवल शिला पूजन ही नहीं किया, भगवान की भव्यतम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा भी करके दिखा दी। भाजपा का तीसरा संकल्प समान नागरिक संहिता का था। वह भी उसने उत्तराखंड के रास्ते स्थापित करने का प्रण उजागर कर दिया है। अब जो संकल्प पत्र प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 14 अप्रैल को पढ़ा गया है, उसमें वादा किया गया है कि अगले कार्यकाल में हम समान नागरिक संहिता भी लागू करने जा रहे हैं। मोदी ने जनता जनार्दन से तीसरे कार्यकाल के लिए आशीर्वाद मांगा है। उनका अब तक का कार्यकाल 'जो कहा, सो किया' नीति पर आधारित है। जनता उनपर अटूट भरोसा करती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सुख-दुख जीवन की धूप-छांव होते हैं

सुख-दुख जीवन की धूप-छांव होते हैं और जीवन में इनका आना जाना एक सतत प्रक्रिया है। जीवन में एक ही मित्र काफी होता है, जो हर संकट मे कंधे से कंधा मिलाकर चले और कहे दोस्त कोई बात नहीं मैं हूं, घबराओ मत क्योंकि मैं अंतिम सांस तक आपका साथ निभाउंगा। आधुनिक इंटरनेट के युग में ऐसे दोस्त विलुप्त हो चुके हैं। आज मतलबी दोस्त हो गए हैं, मतलब खत्म दोस्ती खत्म हो जाती है। दोस्ती निस्वार्थ होनी चाहिए जिसमें स्वार्थ नहीं होना चाहिए। अक्सर देखा गया है कि आज मतलबी दोस्तों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे बहुत से उदाहारण हैं कि जो लोग कभी सच्चे दोस्त थे, आज अच्छी जॉब पर लग गए तो अपने दोस्तों को भूल गए और पहचानने से इंकार करते हैं, लेकिन इतिहास साक्षी है कि जो अपनी औकात भूल जाते हैं वक्त उनको तहस-नहस कर देता है।

नए-नए दोस्त जब बन जाते हैं, तो पुराने दोस्त भुला दिए जाते हैं। एक शायर ने कहा था कि जिंदगी में हर चीज अच्छी होती है, लेकिन दोस्त पुराने ही अच्छे होते हैं, जो हर परिस्थिति से वाकिफ होते हैं। नए दोस्त सिर्फ नौ दिन चलते हैं, जबकि पुराने ताउम्र चलते हैं। आज कुछ लोग अमीर बन गए तो पुराने दोस्तों को अनदेखा करते हैं। अपना समय भूल गए हैं। गरीब के साथ रिश्ता छुपाते हैं। गरीब का स्वाभिमान बहुत बड़ा होता है, वह स्वाभिमान से जीता है, किसी की अनदेखी नहीं करता। दिन-रात बिना स्वार्थ के तत्पर रहता है, लेकिन लोग उसका आदर नहीं करते। गरीब आदमी बेईमान नहीं होता। नमक से खा लेगा, पर किसी के आगे हाथ नहीं फैलाएगा। भाग्य सबका अपना-अपना है। कोई झोपड़ी में खुश है तो महलों में भी रोता है। भाग्य किसी की बपोती नहीं होती। कर्म से भाग्य को बदला जा सकता है। जैसा कर्म करोगे, वैसा ही फल मिलेगा। कर्म प्रधान होता है, इसलिए कर्म करते रहिए। भाग्य किसी को भी मिट्टी में मिला सकता है। भाग्य एक पल में किस को कंगाल बना दे, यह किसी को पता नहीं होता। दो जून की रोटी को तरसने वाले आज अपना समय भूल चुके हैं। अच्छे कर्म जीवन को स्वर्ग बना देते हैं और बुरे कर्म जीवन को नर्क बना देते है।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

मानव को अपने विवेक का प्रयोग करना चाहिए। आज कुछ लोग ऐसे पदों पर विराजमान है, जिसके वे काबिल नहीं हैं, लेकिन सिफारिश के बलबूते स्थान हासिल करने वालों को एक दिन वक्त जरूर धूल चटाता है, जब वह प्रतिभा के आगे नहीं टिकता। इस संबंधी एक कहावत 'घर का जोगड़ा बाहर का जोगी सिद्ध' आज पूरी तरह चरितार्थ हो रही है। मानव को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि मुसीबत में अपने ही काम आते हैं क्योंकि बाहर के लोग हमेशा तमाशा देखते हैं। आज अपनों को नीचे गिराया जाता है और बाहर के लोगों को ऊपर उठाया जाता है या यूं कहें कि भेदभाव किया जाता है। प्रतिभा को दबाया जाता है और चंद स्वार्थों के लिए बाहर के लोगों को फायदा पहुंचाया जाता है। आज कितने ही प्रतिभावान लोग हैं, जिन्हें दरकिनार कर अयोग्य लोगों को मौका दिया जाता है। अनुभवहीन लोग आज इतने बड़े बन जाते हैं कि दूसरों को पाठ पढ़ाने लगते हैं कि कौन काम सही है और कौन गलत, मगर सच्चाई जरूर बाहर आती है, तब ऐसे लोग खाक में मिल जाते हैं। यह वक्त का कैसा तकाजा है कि आज सच्चे व इरादों के पक्के लोगों को मुख्य धारा से बाहर किया जा रहा हैं। मगर वक्त एक ऐसा तराजू है जिसके एक पलड़े में जिंदगी और दूसरे पलड़े में मौत होती है। जीवन और मृत्यु में सिर्फ सांसों का फासला है।

इंसान जब जिंदा होता है तो कोई उसका हाल तक नहीं पूछता, लेकिन जब संसार से रुखस्त हो जाता है तो हर आदमी मातम में शामिल होने में अपनी शान समझता है। जीते जी जिसे घी नहीं मिलता, अंतिम समय उसके मुंह में शुद्ध देशी घी की आहुति दी जाती है, जो व्यर्थ है। कहने का तात्पर्य यह है कि मानव की जीते जी सहायता की जाए तो वही सच्ची मानवता कहलाएगी। आत्मकेंद्रित लोग बहुत ही घातक होते हैं। समाज में ऐसे लोग किसी के नहीं होते हैं। हमें किसी को छोटा नहीं समझना चाहिए। हर आदमी से समानता का व्यवहार करना चाहिए क्योंकि वक्त बदलते देर नहीं लगती। भाग्य किसी को भी अर्श पर और किसी को फर्श पर ले जाता है, इसलिए मानव को मर्यादा में रहकर ही हर काम करना चाहिए। आदमी को किसी के साथ भी विश्वासघात नहीं करना चाहिए क्योंकि एक बार विश्वास टूट जाता है तो फिर से उसे कायम कर पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे मानव का जीवन व्यर्थ है, जो दूसरों को दुख देता है।

गरीब आदमी को कभी नहीं सताना चाहिए, अगर उसकी बददुआ लग जाए तो बड़े से बड़ा धराशायी हो जाता है, इसलिए हर मानव को हमेशा मानव के लिए अच्छे कार्य करने चाहिएं। मानव को ऐसे काम करने चाहिएं कि मरने के बाद भी उसे सदियों तक एक अच्छे इंसान के रूप में हमेशा याद किया जा सके। भूखे को रोटी और प्यासे को पानी पिलाना चाहिए। आज का मानव पैसों से बैंक के खातों को तो भर रहा है, मगर ऊपर का खाता खाली है, इसलिए प्रत्येक साधन-संपन्न मानव को लाचार व गरीब लोगों को दान पुण्य करना चाहिए। प्रत्येक को पता है कि एक दिन सबको मौत आनी है, तो फिर मानव क्यों नहीं समझ रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# व्यवसाय बन रहा सोशल मीडिया प्लेटफार्म

इंटरनेट चलाने का नशा भी आजकल लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। आलम इस कदर है कि लोग 24 घंटे इस नशे में डूबकर अपना खानपान तक भूल चुके हैं। सोशल मीडिया की लत के कारण लोगों की आंखों से नींद गायब होती जा रही है। एक आम आदमी अपने काम से कहीं अधिक लगातार मोबाइल चलाने कारण थकान, निर्बल और मानसिक तनाव का शिकार होकर रह गया है। इंटरनेट चलाने की लत ऐसी है कि व्यक्ति इससे बाहर निकलना तक भूल जाता है। सोशल मीडिया आजकल लोगों की कमजोरी बनता जा रहा है, नतीजतन अब इसे व्यवसायिक बनाने पर फोकस किया जा रहा है। फेसबुक पर टेरिपी बढ़ाने, गूगल पर क्रोम ब्राउजर चलाने के दाम भी अब तय कर दिए गए हैं।

इंटरनेट प्रेमियों को गूगल क्रोम ब्राउजर पर कुछ भी अपलोड करने के लिए आगामी दिनों में जेब ढीली करनी पड़ेगी। गूगल क्रोम ब्राउजर ने इसके लिए नया बर्जन भी इजाद कर लिया है। व्हाट्सऐप पर वीडियो मैसेज भेजना भी अब मुफ्त नहीं रहेगा। इस कारण इसके फीचर में बदलाव किया गया है। फेसबुक लाइट की कुछेक आईडी बंद पड़ी हुई हैं। ऐसा लगता है कि एक से अधिक फेसबुक आईडी और पेज बनाकर चलाने पर भी प्रतिबंध लगने वाला है। जनता के दिलों पर राज करने वाले सोशल मीडिया यूजर कब बंद हो जाएं, अब कोई गारंटी नहीं रही है। गत पांच फरवरी की रात को अचानक फेसबुक, इंस्टाग्राम अकाउंट विश्वभर में कुछ समय के लिए बंद हो गए।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

अचानक फेसबुक आईडी से लोग साइन आउट होकर अपना माथा पीटने को मजबूर हो गए। फेसबुक लाइट में अभी भी कुछेक आईडी लॉग इन करने में लोगों को दिक्कतें आ रही हैं। एक बार फिर व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम का सर्वर आधे घंटे के लिए डाउन हो गया था। विश्व भर में लोगों को इस दौरान कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। सोशल मीडिया यूजर मानो अब स्वयं ही हैक होकर रह गए हैं। सोशल मीडिया यूजर में बदलाव किए जाने के मैसेज भी अक्सर पढ़ने को मिलते हैं, जिसके चलते भी तकनीकी खराबी आना स्वाभिक हो सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म का अब अधिक गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। लगभग सभी फेसबुक अकाउंट की गोपनीयता खतरे में पड़ चुकी है। कल तक फर्जी अकाउंट बनाकर लोगों से पैसों की मांग करना इसका प्रमुख कांटेंट रहा है। फर्जी ट्रैवल एजेंट फेसबुक पर अपने पेज बनाकर युवाओं को विदेशों के सजवाग दिखाकर उन्हें लूटने में मशगूल हैं। वर्तमान समय में फेसबुक पर जिस तरह की अश्लीलता परोसी जा रही है, इससे हवस की आड़ में -तार होकर रह गए दिखाए जा रहे हैं। फेसबुक पर अश्लील वीडियो चलाने से खासकर नन्हे बच्चों के मानसिक संतुलन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है, कोई सोचने को तैयार नहीं है। फेसबुक,इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप अधिकतर अश्लीलता का अड्डा बनकर रह चुके ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं है। फेसबुक पर परोसी जा रही अश्लीलता को लेकर समाज और सरकारें गहरी निंद्रा में हैं। बलात्कार की बढ़ती घटनाओं के पीछे एक बड़ा कारण इसे भी माना जा सकता है।

आजकल बच्चों सहित आम जनमानस स्मार्टफोन को गले का हार बना चुका है। कोरोना कॉल के दौरान छात्रों की कलासें ऑनलाइन लगने के कारण उनमें स्मार्टफोन का सदैव इस्तेमाल किए जाने की बुरी लत लग चुकी है। फेसबुक पर बढ़ती अश्लीलता युवा पीढ़ी के लिए बहुत बड़ा खतरा है, वहीं आम जनमानस भी इस लत का शिकार बनता जा रहा है। फेसबुक पर लोगों द्वारा कई फेक आईडी के जरिए इस गोरखधंधे को चलाया जा रहा है। इस गोरखधंधे की आड़ में लोग रोजाना लाखों रुपए लुटाए जा रहे हैं। लड़कियों के नाम से बनाई गई फेक आईडी से किसी व्यक्ति को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी जाती है। नासमझ व्यक्ति बिना कोई जांच किए रिक्वेस्ट को स्वीकार कर लेता है। फेक आईडी से उस व्यक्ति से अश्लील चैट किए जाने का प्रस्ताव रखा जाता है।

फेकआईडी द्वारा मैसेजर, व्हाट्सऐप पर अश्लील वीडियो चलाकर सामने वाले व्यक्ति को कपड़े उतारने पर मजबूर किया जाता है। ठीक इसी गलती कारण उस व्यक्ति को ब्लैकमेल किए जाने का सिलसिला शुरू हो जाता है। युवा इस गोरखधंधे का शिकार होकर आत्महत्याएं तक कर रहे हैं। ऑनलाइन ठगी पर रोकथाम लगाने को लेकर केंद्र सरकार ने कुछेक कॉल पर सख्त प्रतिबंध लगाया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

**खेल** आपको जीत से लेकर, हार से लेकर, प्रतिस्पर्धा से लेकर आत्मनिरीक्षण तक कई तरह की भावनाओं का अनुभव कराते हैं। भावनाओं की इन श्रेणियों को संभालने से किसी के भावनात्मक विकास को बढ़ावा मिल सकता है। हालांकि यह हर किसी के लिए बहुत आसानी से नहीं आता है, खेल में शामिल होने से आपको खुद को चुनौती देने और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए समय के साथ अपनी भावनाओं को स्थिर करने में मदद मिलती है। यह किसी व्यक्ति की भावनात्मक परिपक्वता का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। खेल अक्सर प्रतिस्पर्धात्मक होते हैं और इसमें असफलताएं और सफलताएं शामिल होती हैं। इससे छात्रों को आगे आने वाली बाधाओं के लिए तैयार रहने में मदद मिलती है। खिलाड़ियों को लगातार असफल होने के बाद भी किसी विशेष असफलता का अभ्यास करने में कई घंटे का समय लगाना पड़ता है। सूक्ष्म स्तर पर भी, खेल व्यक्ति के अंदर धैर्य और दृढ़ता का निर्माण करते हैं, जो बेहद महत्वपूर्ण गुण हैं। इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए। **-नवीन, दरंग**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# क्रशर प्लांट से लोगों के स्वास्थ्य को खतरा, नियमों की उड़ रही धज्जियां

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

उपमंडल भरमौर के अंतर्गत आह्ला नाला स्थित एमसीसी स्टोन क्रशर प्लांट संचालित किया जा रहा है। इस प्लांट में सरकार के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। क्रशर संचालक की मनमानियां इस हद तक बढ़ गई हैं, कई साल बीत जाने के बाद भी उन्होंने प्लांट चलाने के लिए अनुमति नहीं ली हुई है। अधिवक्ता कपिल शर्मा ने एसडीएम भरमौर कुलवीर सिंह राणा को इस बारे शिकायत दर्ज करवाई है।

उन्होंने एमसीसी कंपनी के खिलाफ शिकायत में लिखा है कि ग्रामीणों ने कई बार एमसीसी कंपनी के अधिकारियों को बार-बार चेतावनी और विज्ञापन देने के बावजूद भी स्टोन क्रशर प्लांट अनुमति के बिना काम जारी रखा हुआ है। कंपनी सरकार द्वारा निर्धारित नियमों की धज्जिया व घोर अवहेलना कर रही है। स्टोन क्रशर प्लांट के अनियंत्रित संचालन से आस-पास के क्षेत्रों के पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंच रहा है। इसमें वायु, जल, व ध्वनि प्रदूषण हो रहा है। साथ ही स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को काफी नुकसान पहुंच रहा है।

प्लांट संचालन की वज़ह से सड़क में फैली बजरी, पत्थर व रेते के कारण प्लांट के आस-पास कई दुर्घटनाएं और हादसे हुए हैं, जिससे स्थानीय निवासियों, मणिमहेश यात्रियों व वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप लगाया है कि लंबे समय से चलाए जा रहे कंपनी द्वारा स्टोन क्रशर प्लांट की अनुमति और लाइसेंस न होने के कारण पर्यावरण, सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए गंभीर जोखिम उत्पन्न कर रही है। एसडीएम भरमौर कुलवीर सिंह राणा ने मामले की उचित मामलें की जांच के आदेश दिए है।



एसडीएम कुलवीर सिंह को ज्ञापन सौंपते कपिल शर्मा व एक कंपनी का लगा हुआ क्रशर

# 3 माह बाद प्रशासन ने खोला चौगान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा की धड़कन कहलाएं जाने वाले ऐतिहासिक चौगान को तीन माह बंद करने के उपचारांत जिला प्रशासन द्वारा चहलकदमी लिए खोल दिया है। ऐतिहासिक चौगान के खुल जाने के बाद लोगों में चौगान में चहलकदमी, बैठने के लिए काफी उत्साह देखा जा रहा है।

ऐतिहासिक चौगान हर साल 15 अप्रैल के दिन लोगों के लिए खुल जाता है, लेकिन इस बार प्रशासन की ओर से दो दिन लेट चौगान को लोहे की जंजीरों से मुक्त कर दिया गया है।

ऐतिहासिक चौगान को नवंबर के दूसरे सप्ताह में बंद कर दिया जाता है, जिससे चौगान के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा सके। पांच महीने तक चौगान में आम जनमानस की आवाजाही के लिए पर ब्रेक लग जाती है। इसके साथ ही कोई भी गतिविधि चौगान में नहीं होती है।

15 अप्रैल से ऐतिहासिक चौगान को खोला जाता है। इसके बाद ही खेलकूद प्रतियोगिताएं चौगाान में होती हैं। इसके बाद ऐतिहासिक मिंजर मेले के साथ दशहरा पर्व का आयोजन भी चौगान में ही होता है।

स्थानीय लोगों में राजेश, अनिल, रमेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, अमित कुमार, सुरजीत कुमार, धर्मेंद्र कुमार आदि लोगों ने चौगान को खोलने पर जिला प्रशासन का आभार जताया है।

उधर उपायुक्त चंबा मुकेश रेपस्वाल ने बताया कि एतिहासिक चौगान को आम जनमानस के लिए खोल दिया गया है।


ऐतिहासिक चौगान चंबा का मनमोहक दृश्य एवं चहलकदमी करते लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### लोकतांत्रिक व्यवस्था को मतदान कर करें मजबूत



**भरमौर ।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए निर्वाचन विभाग, भरमौर द्वारा चलाये जा रहे व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत मतदान केंद्र 136-कुवारसीं, 150-बजोल, 125-बड़ेई और 67-दाडवी में भरमौर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें तहसीलदार भरमौर तेजराम ने 125 (ग्रीमा-1)बडेई में जाकर जनता को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे सैकटर अधिकारी करतार सिंह और मनोहर लाल ने एकत्रित स्थानीय जनता को मतदान से संबंधित शपथ भी दिलवाई। राजकीय माध्यमिक विद्यालय कुवारसीं के बच्चों ने मतदान जागरूकता के लिए चित्रकला और स्लोगन राइटिंग इत्यादि से लोकतंत्र के इस महापर्व में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित भी किया।

### नियमों की अवहेलना करने पर पुलिस ने काटे चालान

**चंबा ।** जिला चंबा में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने 150 वाहनों के काटे चालान काटे गए। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए डीएसपी चंबा जितेंद्र चौधरी ने बताया कि यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले 150 वाहन चालकों का चालान काट गए है, जिनमें कुछ वाहन चालकों ने मौके पर जुर्माना राशि भर दी है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी वाहन चालक को नहीं बक्शा जाएगा। यातायात नियमों के पालन करने से वाहन धारक स्वयं भी सुरक्षित रहते है व दूसरों को भी नियमों का अनुसरण करने से सुरक्षा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी यूं ही जारी रहेगा।

### चुराह के सुमित पहलवान ने जीती माली



**तीसा ।** चुराह के युवा पहलवान सुमित ठाकुर चुराह का उभरता हुआ पहलवान है। आजकल सुमित ठाकुर हमीरपुर और अन्य जिलों में अपनी कुश्ती का दामखम दिखा रहा है। जबकि पहलवान सुमित ठाकुर नेहाल ही में दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया गेम्स में 72 किलोग्राम में गोल्ड मेडल जीता है। वहीं हिन्द केसरी का खिताब अपने नाम किया है। पहलवान सुमित चुराह का उभरता हुआ पहलवान माना जा रहा है। जिलों में मेलों का दौर चला है हमीरपुर में आयोजित दंगल मेले में सुमित पहलवान ने सभी पहलवानों को पटखनी देते हुए 21000 की इनामी राशि पर कब्जा किया और चुराह का नाम रोशन किया सुमित चुराह के नामी पहलवान रमेश पहलवान का बेटा है। सुमित पहलवान का कहना है कि वह ऊना में अपने कोच प्रिंस पठानिया के पास कुश्ती के दांव पेच सिख रहे हैं। उन्होंने अपने पिता और कोच का धन्यवाद किया जिन्होंने इस काबिल बनाया है।

### नगर परिषद का स्वच्छता पर निर्णय, सार्वजनिक स्थलों पर पालतू जानवरों को ले जाने से बचें

# गंदगी फैलाने पर होगा मालिक को जुर्माना

## आवारा कुत्तों की रोकथाम के लिए नहीं की कोई योजना तैयार

**आरके रांगड़ा, चंबा**

शहर परिसर में स्वच्छता बनाने के लिए नगर परिषद चंबा ने सख्ती से कदम उठाने का निर्णय लिया है, जिसके चलते परिषद द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर पालतू जानवरों को घुमाने वाले मालिकों पर शिकंजा कसने की शुरूआत करने का फैसला लिया है, ताकि स्वच्छता अभियान के तहत सर्वप्रथम नागरिकों को साफ एवं स्वच्छ वातावरण युक्त सार्वजनिक स्थल मुहैया करवाए जाए।

नप द्वारा पालतू जानवरों के शौच पर नकेल कसने की तो तैयारी कर रहा है, लेकिन अभी तक मुख्यालय की सड़कों पर घूमने वाले आवारा कुत्तों की रोकथाम के लिए कोई योजना तैयार नहीं की जा सकी है, जो पालतू जानवरों के प्रति नप द्वारा छेड़ी जाने वाले अभियान में रूकावट का कारण बन सकती है। हालांकि लावारिस पशुओं को तो गौ सदन आदि में रखने की सरकार व विभिन्न विभागों द्वारा अभियान छेड़ दिया गया है।(अनंत ज्ञान)

### पालतू जानवरों में कुत्तों की संख्या ज्यादा




**गौर** हो कि शहर परिसर में चौगान से लेकर चौगान पांच, रावी व्यू कैफे मार्ग, मुख्य मार्ग, संग्रहालय मार्ग चुनिंदा सार्वजनिक स्थलों में शामिल है। जहां सुबह से लेकर शाम तक जिला के अधिकारियों से लेकर सामान्य नागरिक तक भ्रमण करते है, लेकिन हैरानी की बात है कि इसी अवधि में पालतू जानवरों को पालने का शोक रखने वाले शहर परिसर कई लोग अपने पालतू जानवरों को बिना किसी संकोच के मलमूत्र करवा स्वयं ही गंदगी का वातावरण पैदा कर रहे है, जिसमें लोगों द्वारा पालतू जानवरों में कुत्तों की संख्या का ग्राफ सबसे अधिक है, जबकि इसके अतिरिक्त अन्य कई मवेशी भी इस क्रम में शामिल है। वहीं अगर लावारिस पशुओं व आवारा कुतों का आकंड़ा भी उक्त पालतू पशुओं व कुत्तों के साथ जोड़ दिया जाए तो मुख्यालय की इस दिशा में दुर्दशा का अंदाजा लगाया जा सकता है, लेकिन अब आगे से यहां गंदगी फैलाने पर कार्रवाई होगी।

### पालतू जानवरों का होगा पंजीकरण, निर्देश जारी

**वहीं** इस दिशा में बार-बार शिकायतें मिलने व नप द्वारा अपने स्तर किए सर्वे के तहत कड़ा संज्ञान लिया गया है, जिसमें नप ने पालतू कुत्तों व अन्य जानवरों के लिए हर मालिक को टैग टोकन ले पालतू जानवर का पंजीकरण करवाने के सख्त निर्देश जारी किए गए है। जबकि सार्वजनिक स्थलों पर पालतू जानवरों को घुमाए जाने के लिए नप प्रतिबंध नियम निर्धारित कर दिया है। जबकि सार्वजनिक स्थल पर कुत्ता घुमाने व गंदगी फैलाते मालिक के पकड़े जाने पर उसे नप के 100 से लेकर 500 रुपए तक जुमार्ना शुल्क से गुजरना पड़ सकता है। नप द्वारा इस अभियान को छेड़ने के लिए एक बकायदा कर्मचारी दल को तैनात करने की तैयारी भी आरंभ कर दी है। मगर नप का यह अभियान कितना कामयाब होता है यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।



"**सार्वजनिक** स्थलों पर पालतू जानवर घुमाना प्रतिबंध करने के लिए अभियान छेड़ा जाएगा। जबकि लावारिस पशुओं को पकड़कर आबादी क्षेत्र से बाहर छोड़ने अभियान छेड़ रखा है। वहीं पालतू पशुओं को उनके मालिकों को सार्वजनिक स्थलों पर खुला न छोड़ने की चेतावनी जारी कर दी है। अन्यथा उन्हें चालान प्रक्रिया से गुजरना होगा। **-नीलम नैय्यर, अध्यक्ष नगर परिषद चंबा।**

# जिले के विभिन्न स्थानों पर गेहूं की फसल तबाह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

**किसानों को करीब 40 फीसदी के नुकसान होने का अनुमान**

मौसम में आए फेरबदल के चलते जिला के विभिन्न स्थनों पर गेहूं की फसल में करीब 40 फीसदी के नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है, जो कि पूर्ण विभागीय आकलन के बाद और भी बढ़ सकता है। हालांकि अभी तक यह आकलन मोटे तौर पर उन किसानों का है जिन्होंने गेहूं की फसल कटवा ली है और पिछले साल के मुकाबले उन्हें इस बार घाटा उठाना पड़ा है।

गौर हो कि मुख्यालय की निकटवर्ती पंचायतों में सरोल, उदयपुर, मंगला, चनेड़ व हरिपुर समेत अन्य आसपास के इलाकों में जिन किसानों को पिछले साल आठ से 10 क्विंटल तक गेहूं की पैदावार हुई थी, उन्हें इस बार पांच से सात क्विंटल से ही संतोष करना पड़ा है। जिन किसानों ने गेहूं खेत से नहीं काटी है उनकी गेहूं काली पड़ गई है और बिना पके ही टूटने की कगार पर है। पिछले तीन दिनों से चंबा में चल रहे तूफान की वजह से खेत में खड़ी गेहूं की फसल बिखर कर जमीन पर जा गिरी है।

मगर अब तक प्रशासन और कृषि विभाग की ओर से कोई मुहिम नहीं छेड़ी जा सकी है। खराब मौसम से आहत किसान अपनी जिम्मेदारी पर फसल बटोरने में जुटे हुए हैं।

कृषि विभाग ने गेहूं के नुकसान के आकलन के संबंध में कोई रिपोर्ट न बनाने की बात कही है। जबकि प्रशासन ने किसानों के साथ सहानुभूति तो जताई है लेकिन नुकसान की भरपाई पर हामी नहीं भरी है।

"जिला प्रशासन को कृषि विभाग ने नुकसान के संबंध में कोई रिपोर्ट नहीं सौंपी है। वहीं न ही किसानों ने खुद आकर बारिश आदि प्राकृतिक आपदा की बजह से गेहूं की फसल के बर्बाद होने का कोई पक्ष रखा है। यदि किसान इस तरह की कोई बात प्रशासन के समक्ष पेश करते हैं तो प्रशासनिक तौर पर किसानों की मदद के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

-अरुण शर्मा, उपमंडल अधिकारी (नागरिक) चंबा।

# 557 डिफाल्टर उपभोक्ताओं के कटेंगे बिजली कनेक्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

बिजली बोर्ड उपमंडल चंबा 2 अधीन 557 डिफाल्टर उपभोक्ताओं की बिजली कनेक्शन अस्थाई रूप से काटने के बोर्ड ने फरमान जारी कर दिया है। वहीं बोर्ड अधिकारियों से निर्देश मिलते ही बिजली बोर्ड की टीमें बिजली कनेक्शन काटने के लिए फील्ड में भी उतर गई है। बजली बोर्ड की इस कार्रवाई की भनक लगते ही डिफाल्टर उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया है।

इस संदर्भ में बिजली बोर्ड उपमंडल चंबा 2 सहायक अभियंता एई. अजय कुमार ने बताया कि एक लंबे अर्से से उनमंडल दो के अधीन कई उपभोक्ताओं द्वारा बिल राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा था, जिसके चलते डिफाल्टर उपभोक्ताओं को कई बार नोटिस भी जारी किए गए। जिनका भी कोई असर डिफाल्टर उपभोक्ताओं पर न होता देख बोर्ड द्वारा अस्थायी रूप से कनेक्शन काटने के निर्देश जारी किए है। कलेक्शन कटने के बाद डिफॉल्टरों को दोबारा से कनेक्शन बहाने हेतु लंबित बिल राशि सहित 250 रुपए का अतिरिक्त शुल्क भी देना होगा। बोर्ड ने उपमंडल 2 अधीन वित्त माह 1 हजार 282 डिफाल्टर उपभोक्ताओं को अंतिम चेतावनी जारी की थी। उपभोक्ताओं से बिल राशि के रूप में 22 लाख 82 हजार 596 रुपए वसूलने थे। नोटिस जारी होने के बाद 725 उपभोक्ताओं ने बिलों का भुगतान कर दिया है । लेकिन 557 उपभोक्ताओं ने बिल जमा नहीं करवाएं है।


अजय कुमार।

# खड़ामुख-गरोला मार्ग पर क्रैश बैरिकेड्स होना जरूरी

**भरमौर ।** खड़ामुख-गरोला तक कई खतरनाक स्थानों पर क्रैश बैरिकेड्स न होना वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। बैरियर न होने के कारण मार्ग पर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय निवासी पवन कुमार, धीरज सिंह, प्रेम कुमार, मुकेश, रूप लाल, दुनीचंद, संजीव कुमार, रमेश कुमार, रोहित, संजय व बबलू ने कहा कि बैरिकेड्स न होने के कारण पहले भी मार्ग पर हादसे हो चुके हैं। लोगों ने सरकार व विभाग से मांग की है कि दुर्घटना संभावित स्थलों पर क्रैश बैरियर लगवाए जाएं।

## चंबा-पठानकोट मार्ग की हालत खराब

**चंबा।** चंबा-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर बालू से द्रहड़ा तक गड्ढों की भरमार होने के कारण वाहन चालकों को परेशान होना पड़ रहा है। यहां पर वाहनों की आवाजाही अधिक होने के बावजूद एनएच प्राधिकरण इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। स्थानीय लोगों पवन कुमार, अशोक कुमार, राजेंद्र च्सह, बबलू का कहना है कि एनएच अथॉरिटी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

हालांकि गत वर्ष से ही चंबा-पठानकोट मार्ग को एनएच ने अधिग्रहण कर लिया है। मगर इसके बावजूद भी बालू पुल से लेकर द्रहड़ा तक मार्ग की हालत काफी खस्ता हो चुकी है। लोगों ने मांग की है कि जल्द सड़क की हालत को सुधारा जाए।

# नकरोड़-चांजू मार्ग पर कार खाई में गिरी, चालक घायल

**अनंत ज्ञान, तीसा**

चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नकरोड़-चांजू मार्ग पर आए दिन हादसों का ग्राफ बढ़ता जा रहा। जहां आए दिन चुराह में हादसों में बढ़ोतरी हो रही है कई लोग अपनी जान गंवा बैठे है।

इसी कड़ी में एक हादसा चुराह के चांजू मार्ग पर चौरसियवा नामक स्थान पर हुआ। कार नंबर एचपी 44-5168 जो की नकरोड़ की तरफ से चांजू की और जा रही थी।

इसी दौरान चालक ने अचानक गाड़ी से नियंत्रण खो दिया और गहरी खाई में जा गिरी। घायल व्यक्ति की पहचान चुहड़ू राम निवासी जखला डाकघर चांजू के रूप में हुई है। वहीं कार को गिरता देख आस-पास के लोगों ने एकत्रित होकर घायल को पी एच सी बघेई गढ़ ले जाया गया।

जहां प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज चंबा भेज दिया गया। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी चंबा ने बताया कि नकरोड़ पुलिस चौकी द्वारा मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।


दुर्घटनाग्रस्त कार दृश्य।

## सूडोकु 0038 ✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0037 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# दुकान में आग लगने से लाखों का नुकसान

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

पुलिस थाना खैरी के अंतर्गत गांव समलेऊ में बीती रात एक कबाड़ की दुकान में आगजनी का मामला प्रकाश में आया है ।

जानकारी के अनुसार करीब साढ़े आठ बजे अजय कुमार उर्फ सनी पुत्र सुरेंद्र कुमार जो कबाड़ का काम करता था की दुकान में अचानक आज लग जाने के कारण उसके साथ लगती दो अन्य दुकानें भी आज की चपेट में आ गई, जिससे दुकान में रखा सारा सामान भी आग की भेंट चढ़ गया।

गनीमत रही की समय रहते अग्निशमन वाहन, पुलिस जवान एवं स्थानीय लोगों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस थाना खैरी के प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि इस घटना का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है, परंतु फिर भी पुलिस इस सारे मामले को लेकर जांच में जुटी हुई है, क्योंकि कबाड़ की दुकान में आग लगना अपने आप में कई तरह के सवाल या निशान उठती है। वहीं अजय कुमार की माने तो उसका करीब दो से ढाई लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। बरहाल स्थानीय प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर इस आगजनी की घटना से हुए नुकसान का आकलन कर आगे रिपोर्ट प्रेषित कर दी है। (अनंत ज्ञान)



आग लगने से दुकान का जला हुआ सामान, जिससे लाखों का नुकसान हुआ है।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

20 अप्रैल, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि** द्वादशीः (10:44) **: नक्षत्र :** पूर्वा फाल्गुनी (2:05), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** ध्रुव (02:46) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:54-12:46), **राहुकाल** (09:05 -10:42)।

### विशेष दिन

- 21 अप्रैल 2024 : प्रदोष व्रत ।
- 21 अप्रैल को श्री महावीर जयंती।

**मेष :** आज धार्मिक कार्य संपन्न होगा। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। राजकाज में संघर्ष होगा। दैनिक रोजगार में प्रगति होगी। दिन अच्छा रहेगा।

**वृषभ :** यात्रा बनेगी। परिवार पर व्यय होगा। मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दायित्व का निर्वाह होगा। राजकाज में सफलता मिलेगी।

**मिथुन :** परिवार में सामंजस्य बनेगा। संतान सुख मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। शिक्षा में प्रगति और निर्माण कार्य में बाधा आएगी।

**कर्क :** शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आएगी। मानसिक तनाव अधिक होगा। व्यय अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी।

**सिंह :** धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा।मानसिक शांति मिलेगी। कार्य में विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक समस्याएं आएंगी।

**कन्या :** धन का लाभ होगा। नौकरी में उन्नति होगी। समस्या का समाधान होगा। व्यापार में विस्तार होगा। दाम्पत्य सुख की प्राप्ति होगी।

**तुलाः** धन का लाभ होगा। कारोबार में विस्तार व लाभ होगा। संतान का सहयोग मिलेगा। धर्म कार्य संपन्न होंगे।

**वृश्चिकः** कारोबार में सहयोग मिलेगा। कठिनाइयां दूर होंगी। योजना का विस्तार होगा। शिक्षा पर धन खर्च होगा। धन का लाभ होगा।

**धनु :** व्यापार में लाभ होगा। शिक्षा में लाभ मिलेगा। उदर-विकार होगा। कठिन परिश्रम करना पडेगा। धन का लाभ मिलेगा।

**मकरः** गुप्त शत्रु से हानि हो सकती है। मानसिक परेशानी रहेगी। उदर-विकार होगा। दैनिक रोजगार सामान्य रहेंगे।

**कुंभ :** व्यय अधिक होगा। कारोबार से आर्थिक लाभ पहले से बढ़ेगा। राजकाज में वृद्धि होगी। शिक्षा में लाभ मिलेगा।

**मीनः** धन का लाभ मिलेगा। व्यापार में विस्तार होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। संतान सुख मिलेगा। नई योजनाएं बनेंगी।

**अनदेखी** — कोरोना ने रोका निर्माण कार्य, अब नशेड़ियों एवं जुआरियों का अड्डा बना पार्क

# बनीखेत का नेचर पार्क अपनी बदहाली पर बहा रहा आंसू

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

हिमाचल प्रदेश वन विभाग मंडल डलहौजी द्वारा बनीखेत नर्सरी में एक नेचर पार्क तैयार करने का बीड़ा उठाया था जिसकी कुल लागत लगभग छह करोड़ के आसपास थी जिसमें कि उस समय की भाजपा की जयराम सरकार ने इस कार्य को मंजूरी देते हुए 25 लाख रुपए की पहली किस्त भी जारी की थी, जिस किस्त में वनमंडल डलहौजी द्वारा खूबसूरत छोटे-छोटे हट्स, पक्के रास्ते, चारों तरफ पक्की फेंसिंग, छोटे नालों पर पुलियां, स्वागत के लिए बड़ा गेट, कमरों एवं शौचायलयों का निर्माण करवाया गया था।

निर्माण कार्य जोरों पर था कि अचानक भारत में कोरोना ने दस्तक दी और निर्माण कार्य पर अंकुश लग गया। इस दौरान सरकार भी बदली लेकिन निर्माण कार्य चालू न हो सका, लेकिन वन मंडल डलहौजी द्वारा इस नेचर पार्क का सपना बदहाली की भेंट चढ़ गया और उसके द्वारा निर्मित किए रास्ते छोटे छोटे हट्स पक्के रास्तों पर पड़ी टाइल शौचालय कमरे बाद से बदतर होते गए और लोगों ने अपनी जरूरत के अनुसार वहां पर लगी चीजों पर अपना हक समझते हुए लकड़ी पत्थर एवं खूबसूरत टाइल्स अपना निशाना बनाया। जिस बारे में विभाग द्वारा पुलिस प्रशासन में शिकायत भी दर्ज करवाई गई किंतु मौजूदा समय में यह नेचर पार्क नशेड़ियों एवं जुआरियों का अड्डा बना हुआ है। (अनंत ज्ञान)




बनीखेत का नेचर पार्क जिसकी हालत बेहद खराब है। (इनसेट भी)

### लोगों ने सामान को बनाया निशाना

**डीएफओ** डलहौजी रजनीश महाजन ने बताया कि बड़े ही दुख की बात है कि लोगों के लिए बनाई जा रही धरोहर का स्थानीय लोगों द्वारा ही चोरी कर सामान को अपना निशाना बनाना, नशा करने के उपरांत चारों तरफ गंदगी फैलाना, निर्माणकार्यों में तोड़फोड़ करना जो हैरानी का विषय है। लेकिन यह बात स्थानीय लोगों को समझनी होगी कि यह प्रॉपर्टी सरकार द्वारा लोगों के हित के लिए निर्मित की जा रही थी जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवा रहे थे, लेकिन स्थानीय लोगों द्वारा शर्मिंदगी भरा कार्य करना निंदा का विषय है।

वन मंडल डलहौजी नेचर पार्क को लेकर राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार को अपनी रूपरेखा तैयार कर भेज चुका है। इस निर्माण कार्य को जल्द ही पूरा करने हेतु अगली किस्त जारी होगी जिससे वन विभाग इस कार्य को आगे बढ़ते हुए जल्द ही इस कार्य को पूरा कर इलाके के लिए एक मिसाल पेश करेगा।

# भेखली में बालिका रूप में विराजमान ओडिशा के जगन्नाथपुरी से आईं माता भुवनेश्वरी



**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुल्लू मुख्यालय के नजदीक 10 किलोमीटर दूर पहाड़ी पर बसे खूबसूरत गांव भेखली में स्थित माता भुवनेश्वरी का मंदिर अपने भक्तों की हर मनोकामना को पूरी करने के लिए ओर समस्या का निवारण करने के लिए जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि माता भुवनेश्वरी इस मंदिर में बालिका के स्वरूप में विराजमान हैं।

इस मंदिर से जुड़ी एक कथा है, जो कि मंदिर के मुख्य पुजारी श्याम सुंदर शर्मा और नकुल शर्मा के अनुसार माता भुवनेश्वरी का संबंध ओडिशा के जगन्नाथपुरी से है। ऐसा माना जाता है कि माता रानी ओडिशा से ही आई हैं ओर हजारों साल पहले जब वर्तमान भेखली का कोई अस्तित्व नहीं था, बल्कि वहां पर सिर्फ जंगल था और उसी जंगल में जोगणी खल नामक स्थान पर एक गुफा थी, जहां पर माता रानी बालिका स्वरूप में अपनी बहन के साथ निवास करती थी। उसी दौरान पुराने भेखली के एक बुजुर्ग ने माता रानी को अपनी बहन के साथ खेलते हुए देखा और गौर किया कि दोनों बालिकाओं के पैर जमीन के ऊपर हवा में होते थे। इसके बाद माता रानी ने स्वप्न में बुजुर्ग को दर्शन देकर अपने स्थान पर खुदाई करने को कहा और बताया कि वहां पर पिंडी मिलेगी और उसी स्थान पर मंदिर बनवाने के बारे में कहा। इस पर बुजुर्ग ने स्वप्न में कहे माता रानी के वचनों को ध्यान में रखते



हुए माता के द्वारा बताए गए स्थान की खुदाई की और खुदाई करते हुए महसूस किया कि जमीन के अंदर एक अद्भुत ऊर्जा उत्पन्न हो रही है। इसके बाद उस स्थान पर माता रानी के मंदिर की स्थापना की गई। पुजारी नकुल शर्मा के अनुसार वर्तमान मंदिर का बाहरी हिस्सा वर्ष 2000 में बनवाया गया था, जबकि मंदिर के अंदर का हिस्सा अब भी प्राचीन है और माता रानी की पिंडी वहीं स्थापित है। वहीं, माता भुवनेश्वरी की दूसरी बहन माता जगन्नाथी खरहाल वैली के पुईद नामक स्थान में विराजमान हो गई और वहीं पर माता का मंदिर बनवाया गया है। (अनंत ज्ञान)

## ओडिशा से बुलवाया था पुजारी को

पुजारी नकुल शर्मा ने माता रानी के पूजा विधान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जब माता रानी ने गांव के बुजुर्ग से पिंडी के बारे में और मंदिर बनवाने के बारे में बात की तो मंदिर के बनजाने के बाद माता रानी ने फिर से पूजा पाठ को लेकर एक आदेश देते हुए कहा कि उनकी पूजा ओडिशा के जगन्नाथ पुरी के पुजारी के द्वारा ही कि जाएगी। इस पर अमल करते हुए कुल्लू से पैदल यात्रा कर लोग हजारों किलोमीटर की यात्रा कर तय कर ओडिशा पहुंचे और वहां से पुजारी को अपने साथ लेकर आए, तब से लेकर अब तक उन्हीं पुजारी के वंशज माता रानी की पूजा पाठ का जिम्मा उठाए हुए अपनी हजारों साल पुरानी प्रथा का निर्वहन कर रहे हैं।

## देवता लक्ष्मी नारायण ने माता को भेंट की अपनी जमीन

पुजारी ने बताया कि माता रानी के इस स्थान पर प्रकट होने से पहले ये स्थान देवता लक्ष्मी नारायण के अधीन था और जब माता इस स्थान पर प्रकट हुई, तो देवता लक्ष्मी नारायण ने इस पूरे स्थान को अपनी बहन यानी माता भुवनेश्वरी को भेंट की। तब से लेकर अब तक इस स्थान को माता भुवनेश्वरी के नाम से भी जाना और पहचाना जाता है।

## तीन मेलों का होता है आयोजन

भेखली में माता रानी के मंदिर परिसर में पूरे साल के अंदर तीन मेलों का आयोजन किया जाता है और सभी मेलों में माता रानी की भागीदारी होती है और सिर्फ इसी मेले के दौरान ही माता रानी अपने रथ पर सवार होकर निकलती हैं। तीनों मेलों का आयोजन अष्ठमी के दिन होता है। बैशाख, शानू और अशोज मेले के दौरान माता रानी गांव की परिक्रमा करती हैं।

## माता भुवनेश्वरी कुल्लू की कुल देवी



माता भुवनेश्वरी को पूरे कुल्लू जिले की कुल देवी माना जाता है और कुल्लू का सुप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय दशहरा मेला भी माता रानी के आदेशानुसार ही हर साल शुरू किया जाता है। माता रानी को बुद्धि पको बल देने वाली, पुत्र प्रदायनी एवं हर प्रकार के कष्टों का निवारण करने वाली माना जाता है। माता रानी पुरानी परंपराओं ओर मान्यताओं से छेड़छाड़ को पसंद नहीं करती हैं। इसके साथ ही माता रानी कभी भी दिन के समय में मंदिर से बाहर नहीं निकलती, सूर्य अस्त होने के बाद पांच बजे के बाद ही माता रानी मेलों के दौरान बाहर निकलती है।

# अटल टनल और कोकसर में गिरे बर्फ के फाहे

## कुल्लू व मनाली में बारिश से मौसम कूल-कूल, सप्ताहांत के चलते बढ़ी पर्यटकों की आमद, पहुंचे एक हजार वाहन

**कमलेश वर्मा, केलांग**

कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में शुक्रवार को एक बार फिर मौसम ने करवट बदली है।

दोनों जिले की ऊंची चोटियों पर जहां एक बार फिर से बर्फबारी हुई है। वहीं, निचले क्षेत्रों में हल्की बारिश होने से पर्यटन नगरी मनाली सहित कुल्लू में मौसम सुहावना होने के साथ-साथ कूल-कूल हो गया है। उधर, बर्फ के दीदार करने लाहौल के पर्यटन स्थल अटल टनल व कोकसर गए पर्यटक आसमान से गिरते बर्फ के फाहों को देखकर झूम उठे। पर्यटकों ने बर्फ के फाहों को कैमरे में कैद किया। पर्यटन स्थलों में दोपहर बाद बर्फ के फाहों का दौर रुक-रुक कर जारी रहा। दूसरी और रोहतांग, शिंकुला, बारालाचा व कुंजम दर्रे में भी बर्फबारी हुई है। मनाली के पर्यटन स्थल गुलाबा सहित राहनीनाला, ब्यासनाला, सागू फाल, मढ़ी, राहनीनाला व लाहौल के पर्यटन स्थल कोकसर, ग्रांफू, राक्षी ढांक में बर्फ के फाहे गिरे, जबकि निचले इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई है।





मनाली के अधिकतर होटलों में ऑक्यूपैंसी 60 प्रतिशत से अधिक चल रही है। उधर, पर्यटन नगरी मनाली में सप्ताहांत के चलते पर्यटकों की आमद बढ़ गई है। बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटक वाहनों का आंकड़ा एक हजार के पार हो गया है। पर्यटन कारोबारी दीपक व रोशन ने बताया कि सप्ताहांत के चलते होटलों में आक्यूपेंसी 60 प्रतिशत के पार हो गई है। होटल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि पहाड़ों पर हिमपात का क्रम जारी रहने व घाटी में बारिश होने से मनाली में मौसम कूल-कूल चल रहा है। उन्होंने बताया कि सप्ताहांत में पर्यटकों की आमद बढ़ रही है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने कहा कि कोकसर सहित अटल टनल की ओर पर्यटकों की आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी। (अनंत ज्ञान)

## एसपी लाहौल-स्पीति ने दारचा-सरचू मार्ग का किया निरीक्षण

**केलांग।** एसपी लाहौल-स्पीति ने दारचा सरचू सड़क मार्ग का निरिक्षण किया। शुक्रवार को एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने यातायात के मद्देनजर पुलिस टीम के साथ दारचा, सरचू ओर दीपक ताल सड़क मार्ग का निरीक्षण किया।

इस दौरान एसपी लाहौल-स्पीति ने निरीक्षण के दौरान पाया कि दारचा सरचू ओर दीपक ताल सड़क मार्ग पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों की यात्रा के लिए उपयुक्त स्थिति में नहीं है। इसलिए इस सड़क मार्ग पर यात्रा पर निकलना जोखिम भरा हो सकता है। एसपी लाहौल-स्पीति ने यात्रियों से निवेदन किया है कि बिगड़ते मौसम को देखते हुए इस सड़क मार्ग पर अनावश्यक यात्रा से बचें, ताकि कोई भी अप्रिय घटना या दुर्घटना घटित न हो, जब तक सुरक्षित मार्ग बहाल करने के प्रयास जारी हैं, तब तक कोई भी इस मार्ग पर यात्रा न करें। मौसम पूर्वानुमान विभाग के द्वारा भी आने वाले 2-3 दिनों में जिले में बारिश एवं बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है इस परिस्थिति में कोई भी अनावश्यक यात्रा का जोखिम न उठाएं।



एसपी लाहौल-स्पीति दारचा-सरचू दौरे के दौरान जवानों से बातचीत करते हुए।

# मनाली में तूफान से गिरे देवदार के पेड़, 10 वाहनों को पहुंची क्षति

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली में शाम के समय तेज तूफान के आने से एक पेड़ गिर गया ओर पेड़ के गिरने से यहां पार्क किए गए 10 वाहनों को भारी क्षति पहुंची है। शुक्रवार को घटी इस घटना में एक व्यक्ति भी घायल हुआ है, जिसे तुरंत स्थानीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कर दिया गया है, जहां पर उसकी हालत अभी सामान्य बनी हुई बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार पर्यटन नगरी मनाली में आज शाम चार बजे के बाद काफी तेज हवाएं चलीं, जिस कारण कई स्थानों पर नुकसान होने की जानकारी है और इसी दौरान मनाली के भूतनाथ चौक के साथ लगता एक देवदार का पेड़ भी धाराशाही हो गया। पेड़ के साथ लगते एक भवन को भी नुकसान पहुंचा है, जिसमें ट्राइब इंडिया का शोरूम चल रहा था, जबकि इसके साथ ही पार्क किए गए टैक्सी यूनियन मनाली के



छोटे और बड़े वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। स्थानीय लोगों की माने तो घटना के दौरान इन वाहनों में कोई भी व्यक्ति सवार नहीं था अन्यथा यह हादसा बड़ा रूप ले लेता। इस घटना में वाहन मालिकों को करोड़ों से अधिक नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन के जवान मौके पर पहुंचे और नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि इस घटना में 10 गाड़ियों को क्षति पहुंची है, जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ है जिसे अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कर दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### भाईया नाग देवता ने जीती दौड़ प्रतियोगिता

**मनाली।** मनाली के प्रीणी गांव में नवमी मेले की धूम मची हुई है। वीरवार रात को भाईया नाग और तक्षक नाग के बीच ऐतिहासिक दौड़ हुई, जिसमें भाईया नाग विजयी रहे। इस दौड़ को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हुए। मान्यता है कि जिस गांव के आराध्यदेव विजयी होते हैं, उस गांव में समृद्धि अधिक होती है। प्रीणी गांव में शुक्रवार को बड़ा मेला मनाया गया। घाटी के आधा दर्जन से अधिक देवी-देवताओं की मौजूदगी में माहौल भक्तिमय बन गया। भाईया नाग प्रीणी के कुल पुरोहित हेमराज शर्मा ने बताया कि घाटी के लोगों को सुख व समृद्धि का आशीर्वाद भी इसी स्थान से मिलता है। जमदग्नि ऋषि प्रीणी के कारदार धर्म चंद ने बताया कि यही एकमात्र ऐसा स्थान है, जहां जमदग्नि ऋषि का मोहरा व पालकी विराजमान है। उनके अनुसार विश्व भर में प्रीणी एक ऐसा स्थान है, जहां नाग देवताओं की धार्मिक दौड़ आयोजित की जाती है।

### पेंशनर्स ने समस्याओं के बारे में की चर्चा

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली परिषद् पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन कुल्लू इकाई की मासिक बैठक प्रधान प्रवेश ठाकुर की अध्यक्षता में शाढ़ाबाई भुंतर में की गई। बैठक के दौरान सभी पेंशनर्स ने अपनी समस्याओं के बारे में चर्चा की। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान प्रवेश ठाकुर ने बताया कि सभी सदस्यों को जो जनवरी 2016 के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं व जिनको अब तक उनके सेवालाभ नहीं मिल पाए हैं, उन्हें दिलाने के लिए प्रबंधन वर्ग से आग्रह किया गया। इसके साथ ही पांच मई को सोलन में हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली परिषद पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के स्थापना दिवस समारोह में शामिल कुल्लू इकाई से भाग लेने वाले डेलीगेट्स भेजने पर भी विचार किया गया तथा सभी उचित मांगों को लेकर केंद्रीय कार्यकारिणी के साथ भी चर्चा करने का आश्वासन दिया।

### खलाडा नाला में मॉकड्रिल कर किया जागरूक

**कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित अग्निशमन सेवा सप्ताह के उपलक्ष्य में अग्नि सुरक्षा दृष्टि से मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। शुक्रवार को अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर उसाका हाइड्रो प्रोजेक्ट खलाडा नाला कुल्लू में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हाइड्रो प्रोजेक्ट के 20 कार्यालय स्टॉफ एवं अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। मॉकड्रिल के दौरान आपदा व आगजनी की घटनाओं से होने वाली अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए विस्तार के साथ जानकारी दी गई साथ ही किस तरह से सतर्कता को बरता जाए इस बारे में भी जरूरी जानकारी दी गई।

### आकाश व पूनम सरमेक के गीतों पर झूमे दर्शक

**पतलीकूहल।** राम नवमी दुर्गा अष्टमी मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या जिला लाहौल-स्पीति के युवा लोक गायक आकाश लोंचेनपा व लोक गायिका पूनम सरमेक के नाम रही। लोक गायक आकाश लोंचेनपा ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत भाई साहब जी केलांग का सेला नामक लोकप्रिय गीत से किया। इसके बाद उन्होंने हाथा रुमाला प्यार निशानी, कदों मिलना मेरा दिल कदों मिलना सहित किन्नौरी गीत व कुल्लवी गीतों को गाकर खूब वाहवाही लूटी और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद लोक गायिका पूनम सरमेक ने कुडू मनाली लागा मेला गीत से अपने कार्यक्रम की शुरुआत की।

# आनी के बाड़ी मंदिर में हुई चोरी

**अनंत ज्ञान, आनी**

कुल्लू जिले के उपमंडल आनी में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को आनी के कपड़ा व्यापारी की दुकान में शातिरों ने नकदी को हाथ मारा। अब आनी से छळ किलोमीटर दूर निगान के समीप क्षेत्र की आराध्या देवी मां बाड़ी दुर्गा के दानपात्र को एक युवक द्वारा चुरा कर ले जाने का मामला सामने आया है।

चोरी की यह वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसको लेकर बाड़ी माता मंदिर कमेटी द्वारा इस बारे में आनी पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई है और जल्द ही आरोपी को भी गिरफ्तार करने की मांग की है। वहीं, आनी पुलिस की टीम ने भी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश



शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार आनी के बाड़ी में माता दुर्गा के मंदिर में बीती रात के समय एक चोर अंदर आया। थोड़ी देर मंदिर परिसर में टहलने के बाद वह दान पात्र के पास गया और दान पात्र को लेकर रफू चक्कर हो गया। वहीं, मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरा में चोर कैद हो गया है। चोर ने अपने मुंह को ढक रखा है, जिसके चलते उसका चेहरा साफ नजर नहीं आया है। वहीं, पुलिस की टीम ने दावा किया कि वह जल्द ही फुटेज के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लेंगे। बीते माह ही एक बाइक आनी के किरण बाजार से चोरी हुई, जो करीब डेढ़ सप्ताह बाद शिमला के लक्कड़ बाजार में लावारिस हालत में बरामद की गई।

## रात्रि गश्त बढ़ाई जाएगी

एसपी कुल्लू ने कहा कि आनी पुलिस की टीम मामले की जांच कर रही है और जल्द ही चोर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आनी में चोरियों पर लगाम लगाने को लेकर रात्रि गश्त बढ़ाई जाएगी और शरारती तत्वों पर नजर रखने और नुकेल कसने के लिए सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जाएगी।

# मां और भाई से आशीर्वाद लेकर देवालय लौटे महर्षि मार्कंडेय पेड़चा

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार उपमंडल की प्रसिद्ध तीन कोठी सराज से संबंधित महर्षि मार्कंडेय पेड़चा ने अपने बड़े भाई महर्षि मार्कंडेय थरास के सम्मान में आयोजित थरास मेले में विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज की।

तीसरे दिन दोनों ऋषियों के देवरथ सुबह ऐतिहासिक एवं देव स्थल मकराहाड़ में पहुंचे, जहां एक घंटे तक मंदिर में ऐतिहासिक देव संस्कृति की रस्म को निभाया गया। इसके बाद महर्षि मार्कंडेय पेड़चा अपने सैकड़ों हरियानों के लाव लश्कर एवं परंपरागत वाद्ययंत्रों की थाप के साथ शाही स्नान करने के बाद अपने मूल स्थल मकराहाड़ के समीप एक खेत में जहां कालांतर में महाऋषि मार्कंडेय मुख रूप में प्रकट हुऐ थे, उस भूमि पर लेट कर तीन बार अपनी धरती मां से भावनात्मक मिलन कर अपनी हजारों हरियानों और भक्तों को भाव विभोर किया। इस दौरान मार्कंडेय ऋषि थरास के कारकूनों एवं देवता कमेटी सदस्यों कारदार जीवन प्रकाश और प्रधान पृथि सिंह पाल, इंदर सिंह, शिवराम शर्मा, बलदेव शर्मा बालमुकुंद नेगी, मार्कंडेय ऋषि पेड़चा के कारदार रमेश शर्मा, कमली राम गुर मीने राम पुजारी आदि ने भाग लिया।



देवता के मिलन के दौरान देवकार्य का निर्वहन करते हुए लोग।

# जहां सड़क क्षतिग्रस्त, प्राथमिकता के आधार पर करें मरम्मत : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने शुक्रवार को भुंतर-मणिकर्ण सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़क के मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि स्थानीय लोगों सहित मणिकर्ण आने वाले पर्यटकों को किसी भी तरह की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विशेषकर ऐसे स्थानों जहां सड़क अधिक क्षतिग्रस्त है उनको चिन्हित करने तथा ऐसे स्थलों की मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटन सीजन आरंभ होने से पूर्व सड़क का मरम्मत कार्य पूरा करने को कहा साथ ही ऐसे स्थानों जहां आए दिन ट्रैफिक जाम लगता है वहां सड़क को चौड़ा करने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ लोकनिर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता व तहसीलदार भुंतर साथ थे। आपदा के 10 माह बाद भी भुंतर-मणिकर्ण सड़क की हालत खस्ता है।



# कमलेश ठाकुर मेला कमेटी के अध्यक्ष

## बीडीओ कार्यालय में मेला कमेटी की बैठक एसडीएम बंजार की अध्यक्षता में संपन्न

**शीला कौल, बंजार**

पांच कोठी के आराध्य देवता श्री श्रृंगा ऋषि के सम्मान में जिला स्तरीय मेला बंजार के सफल आयोजन को लेकर बैठक की गई।

खंड विकास कार्यालय बंजार में एसडीएम बंजार पंकज शर्मा की अध्यक्षता में सभी विभागाध्यक्ष एवं देवता श्री श्रृंगा ऋषि कमेटी चेहणी व पंचायत समिति के सभी सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए एसडीएम बंजार पंकज शर्मा ने बताया कि सर्व सहमति से कमलेश ठाकुर सदस्य पंचायत समिति को सर्वसम्मति से मेला कमेटी का अध्यक्ष तथा इंद्र देव शर्मा सदस्य देवता श्री श्रृंगा ऋषि समिति चेहणी को मेला कमेटी का उपाध्यक्ष चुना गया। बैठक में एसडीएम बंजार पंकज शर्मा ने मेला समिति को निर्देश दिए कि बंजार मेले के सफल आयोजन के लिए जल्द उपसमितियों का गठन करें व मेले के दौरान आचार संहिता के नियमों का भी पालन करें। एसडीएम बंजार पंकज शर्मा की ओर से मेले के दौरान बंजार क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के प्रदर्शन करने के लिए भी निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)



मेले के सफल आयोजन को लेकर बैठक करते एसडीएम बंजार सहित मेला समिति सदस्य।

# खुशबू भारद्वाज बनी कुल्लू की उपप्रधान

**कुल्लू।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जहां भाजपा व कांग्रेस की ओर से चुनावी प्रचार अभियान जारी है। वहीं, जिला, मंडल व बूथ स्तर पर भी विभिन्न कार्यकारिणी का विस्तार कर लोगों को साथ जोड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में युवा कांग्रेस ने कार्यकारिणी का विस्तार किया है। राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के महासचिव और हिमाचल प्रभारी विनीत कंबोज ने सह प्रभारी योगेश हांडा और प्रदेश अध्यक्ष निगम भंडारी के साथ मिलकर कार्यकारिणी का विस्तार किया। इस दौरान 'सुपर शक्ति शी' के तहत कुल्लू की युवा खुशबू भारद्वाज को कुल्लू का उपप्रधान बनाया गया।

**दौरा**

## सहायक निर्वाचन अधिकारी ने किया विश्व के सबसे ऊंचे पोलिंग स्टेशन टशीगंग का दौरा

# 100 प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र को करें मजबूत : नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

विश्व के सबसे ऊंचे पोलिंग स्टेशन टशीगंग का शुक्रवार को सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्ष नेगी ने दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने यहां के स्थानीय मतदाताओं के साथ विशेष बैठक की और उनकी मांगें सुनी। लोगों को लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन के पक्ष पर विचार करने का आश्वासन दिया। बैठक में टशीगंग गांव के लोक निर्माण विभाग के अस्थायी तौर पर काम करने वाले 13 पूर्व दैनिक वेतन भोगी मजदूर और उनके परिजन विशेष तौर पर मौजूद रहे। सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्ष नेगी ने स्थानीय लोगों के साथ-साथ पूर्व दिहाड़ीदार मजदूरों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि दिहाड़ीदार मजदूरों ने भी प्रशासन के पक्ष में विचार करने का आश्वासन दिया। हमने लोगों को बताया कि पूरी दुनिया में टशीगंग में 100 प्रतिशत मतदान के लिए जाना जाता है। इस परंपरा को जीवित रखते हुए है एक फिर इतिहास रचते हुए लोकतंत्र को मजबूत करेंगे।



सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्ष नेगी विश्व के सबसे ऊंचे पोलिंग।

## टशीगंग समुद्र तल से 15,256 फुट की ऊंचाई पर स्थित

टशीगंग समुद्र तल से 15,256 फुट की ऊंचाई पर स्थित विश्व का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र है। टशीगंग शीत मरुथल के नाम से विख्यात लाहौल-स्पीति जिले की स्पीति घाटी में स्थित है। साल में छह माह बर्फ से ढका रहता है व यहां आक्सीजन की कमी होती है। 2019 से पहले विश्व का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र लाहौल-स्पीति जिले में स्थित हिक्किम था, लेकिन 2019 में टशीगंग को मतदान केंद्र बना दिया गया। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां 45 मतदाता थे। इनमें 27 पुरुष और 18 महिला मतदाता थे। मंडी संसदीय क्षेत्र के उपचुनाव में 48 मतदाता थे, जिनमें 29 पुरुष और 22 महिलाएं शामिल थी। 2022 के विधानसभा चुनावों में 52 मतदाता थे इनमें 30 पुरुष और 22 महिलाएं हैं। इस बार भी यहां पर 52 मतदाता हैं।

# बजौरा स्थित शाढ़ी नाले में सीवरेज के गंदे पानी की बदबू से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

कुल्लू में स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाई जा रही इसका ताजा उदाहरण आपको मंडी-कुल्लू नेशनल हाइवे रोड़ बजौरा के पास देखने को मिल जाएंगी। बजौरा पंचायत के अंतर्गत पड़ने वाली हाऊसिंग कॉलोनी का सेफ्टी टैंक लीकेज हो रहा है।

सीवरेज का गंदा बदबूदार पानी रोड़ के साथ लगे मकान मालिकों व दुकानदारों के लिए सिरदर्द बन गया है। इस एरिया में चारों ओर गंदी बदबू फैली है और बीमारी का खतरा बना हुआ है। वहीं ग्राम पंचायत बजौरा के प्रधान रमेश कुमार का कहना है कि हमने इस समस्या का समाधान निकालने बारे गत वर्ष डीसी कुल्लू को ज्ञापन दिया था, लेकिन अभी कोई कर्रवाई सामने नजर नहीं आई। अब दोबारा पंचायत की ओर से नई डीसी से मुलाकात कर सीवरेज की गंदगी का स्थायी हल निकालने बारे आग्रह किया जाएगा। वहीं सहायक अधिशाषी अभियंता हिमुंडा रवि कुमार का कहना है कि हमने लोकनिर्माण विभाग को सड़क किनारे ड्रेन का प्रावधान करने को कहा है। साथ ही एसडीएम कुल्लू को भूमी प्रदान के लिए कहा है, ताकि सीवरेज लीकेज की समस्या को जड़ से समाप्त किया जा सके।



बजौरा पंचायत के अंतर्गत पड़ने वाली हाऊसिंग कॉलोनी में लीक हो रहा सेफ्टी टैंक।

# 'डाइट' जुखाला में प्रशिक्षणार्थियों ने सीखे आग बुझाने के तरीके

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



प्रशिक्षणार्थियों को आग बुझाने का प्रशिक्षण देते हुए अग्निशमन विभाग के कर्मचारी।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर स्थित जुखाला में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ संस्थान के कार्यवाहक प्रधानाचार्य संजय सामा द्वारा किया गया। उन्होंने आपदाओं से निपटने के लिए सभी प्रशिक्षणार्थियों को सजग रहने बारे प्रेरित किया।

जिला आपदा प्रबंधन समन्वयक राकेश ठाकुर ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र में आपदा प्रबंधन का परिचय मूल नियम, खतरों और जोखिम की पहचान, हिमाचल प्रदेश के संदर्भ में कमजोरियां एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के बारे में प्रशिक्षणार्थियों के साथ परिचर्चा की। उन्होंने न केवल आपदा प्रबंधन के बारे में विस्तार से चर्चा की, परंतु आपदा से पहले और आपदा के बाद एक जागरूक नागरिक की तरह हमें किस तरह से अपना कर्तव्य निभाना चाहिए इस बारे में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर उनके विभाग के सरवन कुमार, संजय एवं राजकुमार ने भी भाग लिया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सुनील और ज्योति ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपनी भूमिकाओं का निर्वहन किया। इस अवसर पर संस्थान के द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## डेमो देकर छात्रों को किया जागरूक

**इस** कार्यक्रम में अग्निशमन विभाग के स्रोत व्यक्ति अनिल कुमार ने आग के विभिन्न प्रकारों तथा उनका बुझाने के तरीकों के बारे में प्रतिभागियों के समक्ष डेमो दिया। अग्नि से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रदर्शन के माध्यम से आग बुझाने के बारे में प्रशिक्षित किया।

# घुमारवीं में भरे साबूदाना और आटे के सैंपल

## खबर छपने के बाद हरकत में आया फूड सेफ्टी विभाग, तीन दुकानों में की छापामारी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

खबर छपने के बाद फूड सेफ्टी विभाग बिलासपुर हरकत में आया है। बीते रविवार को घुमारवीं बाजार में व्रत के दौरान खाए जाने वाले चावलों की खीर का सेवन किया था, जिससे दर्जनों लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए थे। ऐसे में अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया, जिसके बाद विभाग कार्रवाई और जांच करने के लिए अपनी टीम के साथ शुक्रवार को घुमारवीं बाजार में पहुंचा।

यहां पर पहुंचने पर उन्होंने घुमारवीं बाजार की दो से तीन दुकानों में छापामारी की है। इसके बाद मौके पर ही साबूदाना और कुट्ठ के आटे के सैंपल भरे हैं। विभाग इन सैंपल को जांच के लिए कंडाघाट जिला सोलन लैब में भेजने जा रहा है।

- खीर खाने के बाद दर्जनों लोग हो गए थे बीमार
- विभाग ने जांच के लिए कंडाघाट लैब में भेजे सैंपल

### शिकायत आने के बाद की कार्रवाई : महेश

**सहायक** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा विभाग बिलासपुर महेश कश्यप ने कहा कि विभाग द्वारा शिकायत मिलने के बाद शुक्रवार को घुमारवीं शहर में कुछ दुकानों पर छापेमारी करते हुए कुछ खाद्य पदार्थों के सैंपल भरे गए। हालांकि जिस दुकान से मिलावटी खाद्य पदार्थ की शिकायत आई थी उसे दुकान पर वह सामग्री नहीं मिली इसके बाद विभाग द्वारा कुछ अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल भरे गए। वहीं, जिन खाद्य पदार्थों के खाने से लोगों की तबीयत खराब हुई थी पुलिस ने उसे अपनी कस्टडी में ले लिया है। वहीं, सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### समय पर छापामारी करते तो रिजल्ट कुछ और होते

**इस** बात की आशंका पहले ही जताई गई थी इतने दिनों तक विभाग द्वारा कार्रवाई न करने के कारण दुकानदारों को मिलावटी खाद्य पदार्थ को ठिकाना लगाने का मौका मिल जाएगा और आखिर में वहीं हुआ की विभाग ने छापेमारी तो की लेकिन उन्हें वह खाद्य पदार्थ दुकान में मिला ही नहीं। जबकि घुमारवीं पुलिस द्वारा इस मामले में गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए बाजार से ऐसे ही चावलों की एक बोरी अपने कब्जे में ले ली थी।



घुमारवीं। दुकानों में छापेमारी के दौरान एक दुकान में सैंपल भरता हुआ फूड सेफ्टी विभाग का कर्मी।

### विभाग ने की पांच दिन के बाद कार्रवाई

**बताते** चले कि बीते रविवार को घुमारवीं क्षेत्र में तीन-चार अलग-अलग मामलों में व्रत के चावलों से बनाई गई खीर खाने से कई लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए थे। इसके बाद इनमें से कुछ लोगों को तत्काल अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा था। जहां पर उपचार करने के बाद उनकी तबीयत में सुधार हुआ था। क्योंकि नवरात्र में लोग अकसर ऐसे चावलों की खीर खाते हैं। हालांकि ऐसा माना जा रहा था की सारे घटनाक्रम की गंभीरता को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग तुरंत सक्रिय होकर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगा। लेकिन विभाग द्वारा पांच दिनों के बाद कार्रवाई अमल में लाई गई और इस कार्रवाई के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थ की शिकायत की गई थी उसी के सैंपल नहीं भरे गए।

## न्यूज ब्रीफ

### बिलासपुर में बास्केटबाल के ट्रायल कल से

**बिलासपुर।** 26 से 28 अप्रैल में साई विजन पब्लिक स्कूल भरेड़ी हमीरपुर में होने वाली अंडर-19 पुरुष व महिला वर्ग की होने वाली राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला बिलासपुर बास्केटबॉल टीम के ट्रायल 21 अप्रैल को बास्केटबाल खेल स्टेडियम ब्वायज स्कूल बिलासपुर में सुबह नौ बजे होंगे। यह जानकारी देते हुए संघ के प्रधान डॉ. प्रवीण रनौत और कोषाध्यक्ष अभिषेक टेस्सू ने बताया कि पहली जनवरी 2006 के बाद जन्मे पुरुष और महिला खिलाड़ी इसमें भाग ले सकते है। उन्होंने बताया कि सभी खिलाड़ियों को अपना जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो के साथ-साथ अपने माता-पिता का आधार कार्ड लाना भी आवश्यक है। इस चयन प्रक्रिया में अश्वनी कुमार, संजय कुमार, विमल कुमार, विशाल शर्मा, राजकुमार राठौर सम्मलित होंगे।

### सिहड़ा में विश्व हीमोफीलिया दिवस का आयोजन

**घुमारवीं।** हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सिहड़ा में विश्व हीमोफीलिया दिवस के अवसर पर खंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया। स्वास्थ्य शिक्षक विजय कुमारी ने बताया कि हीमोफीलिया एक आनुवंशिक बीमारी है। इसमें रक्त के थक्के बनने की क्षमता कम हो जाती है, जिससे मामूली चोट में भी गंभीर रक्तस्राव हो सकता है। हीमोफीलिया जीन में उत्परिवर्तन या परिवर्तन के कारण होता है। यह परिवर्तन या उत्परिवर्तन क्लॉटिंग प्रोटीन को ठीक से कार्य करने या पूरी तरह समाप्त होने से रोक सकता है। हीमोफीलिया के लक्षण नाक से लगातार खून बहना, मसूड़ों से खून निकलना, त्वचा का आसानी से छिल जाना, शरीर में आंतरिक रक्तस्राव के कारण जोड़ों में दर्द होना है। हीमोफीलिया के मरीज आयरन से भरपूर खाद्य संसाधन, सी-फूड, पोल्ट्री प्रोडक्ट्स और हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करें। इस कार्यक्रम को अधिक फलदायक बनाने के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें छह प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता बबीता, सीएचओ यामिनी, आशा वर्कर सरोज, सुरेंद्र, माया सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सत्ता से बाहर होने पर कुछ लोग बौखला गए: प्रदीप

**घुमारवीं।** बीडीटीएस के महासचिव प्रदीप ठाकुर ने कहा कि सत्ता से बाहर होने पर कुछ लोग बौखला गए हैं और झूठी बयानबाजी कर रहे हैं। विस्थापितों को पहले 25 गेट पास जारी किए गए थे। बाद में प्रधान जीतराम गौतम की ओर से करीब 40 गेट पास जारी किए गए। उन्होंने कहा कि गोशाला में वर्तमान में करीब 250 गाय हैं। बीडीटीएस की ओर से गायों को हरा चारा, दवा, गेहूं आदि दिया जा रहा है। साथ ही वहां काम करने वाले विस्थापित कामगार की भी हर सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है। यदि किसी को कोई शंका हो तो वह गोशाला में जाकर स्थिति को देख सकता है। कहा कि किसी कामगार को नौकरी से निकालना या रखना कंपनी का अंदरूनी मामला है। उसमें बीडीटीएस की कोई भूमिका नहीं होती है। कहा कि झूठी बयानबाजी करने वाले यह चंद लोग खुद प्लांट प्रबंधन से भरपूर लाभ ले रहे हैं और दूसरों को बीडीटीएस के खिलाफ भड़का रहे हैं। दरअसलए वह लोग बीडीटीएस में हो रहे सुधारों को पचा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने चेताया कि यदि यह लोग झूठी बयानबाजी से बाज नहीं आए तो उनके खिलाफ सख्त कदम उठाया जाएगा।

### श्री श्री रविशंकर 27 से हिमाचल प्रवास पर

**बिलासपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक और प्रख्यात धर्म गुरु श्री श्री रविशंकर आगामी 27 अप्रैल को हिमाचल प्रवास पर रहेंगे । इस मौके पर धर्मशाला स्थित पुलिस मैदान में उनके भव्य स्वागत में शाम छह बजे महासत्संग का आयोजन किया जा रहा है । संस्था की प्रदेश मीडिया समन्वयक तृप्ता शर्मा तथा जिला मीडिया समन्वयक अरुण डोगरा रीतू ने बताया कि गुरुदेव के आगमन को लेकर संस्था के सभी सदस्यों में भारी उत्साह व जोश है । उन्होंने बताया कि गुरुदेव करीब 13 वर्ष बाद धर्मशाला आ रहे हैं । उन्होंने कहा कि गुरदेव के आगमन को लेकर संस्था ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है और उनके दर्शनाभिलाषी सभी श्रद्धालुओं को प्रदेश के हर कोने से गंतव्य स्थल तक पहुंचाने के लिए सारी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जो भी भक्तगण धर्मशाला जाने के इच्छुक हैं उनके आने-जाने और ठहरने व खान पान की व्यवस्था भी की जाएगी जिसके लिए वे अपना पंजीकरण करवा सकते हैं ताकि उन्हें किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े । पंजीकरण व अन्य किसी भी तरह की जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9459195073, 9418377073, 9418699442 और 9418035431 पर संपर्क कर सकते हैं

# प्रदेश चयन समिति ने स्क्रीनिंग कमेटी को भेजा तीन नामों का पैनल: धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस हाई कमान द्वारा हिमाचल प्रदेश की शिमला व मंडी लोकसभा सीट पर ही अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर पाई है। वहीं, अब हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार की घोषणा को लेकर प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी का कहना है कि प्रदेश चयन समिति द्वारा गहन चर्चा के बाद स्क्रीनिंग कमेटी को तीन नामों का पैनल भेजा गया है, जिसे शॉर्टलिस्ट कर कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति को प्रस्ताव भेज दिया गया है।

इसपर जल्द अंतिम निर्णय लेकर उम्मीदवार की घोषणा कर दी जाएगी। वहीं, प्राप्त जानकारी के अनुसार हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी प्रदेश चयन समिति द्वारा जिन तीन नामों का पैनल भेजा गया था उसमें हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, उनकी बेटी आस्था अग्निहोत्री और ऊना से पूर्व विधायक सतपाल रायजादा का नाम शामिल है। इसके साथ ही हमीरपुर सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चाओं की बीच कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि उन्होंने चुनाव लड़ने को लेकर कोई भी दावेदारी पेश नहीं की है और न ही उनके नाम की कोई चर्चा चली है।

इसके साथ ही केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा आचार संहिता से पूर्व लाहौल-स्पीति की महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि के तहत पात्र महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह दिए जाने को आगे जारी रखने के आदेश का कैबिनेट मंत्री राजेश धर्मानी ने स्वागत किया है व प्रदेश भाजपा द्वारा इस योजना से बौखला कर इसे बंद करने के लिए हर तरह का हथकंडा अपनाने का आरोप लगाया है।

## घुमारवीं अस्पताल में सुरक्षा गार्ड द्वारा मरीज को ग्लूकोज ड्रिप लगाने का मामला

# पांच दिन के बाद भी नहीं मिली सीएमओ को रिपोर्ट

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

स्वास्थ्य विभाग बिलासपुर मरीजों के स्वास्थ्य के लिए कितना सजग है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पांच दिन बीत जाने के बाद भी सीएमओ बिलासपुर को घुमारवीं अस्पताल में लापरवाही के मामले की रिपोर्ट नहीं पहुंची है। अब यह इतनी लापरवाही कौन बरत रहा है या फिर क्या इस मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है, यह कहना मुश्किल हो गया।

घुमारवीं अस्पताल में मरीजों के साथ लापरवाही के मामले में बीते रविवार को अस्पताल में भर्ती एक मरीज को यहां के सुरक्षा गार्ड द्वारा ग्लूकोज ड्रिप लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। ऐसे में इस सभी मामले की शिकायत बिलासपुर सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार के पास भी पहुंची और इस मामले पर कार्रवाई करते हुए तुरंत प्रभाव से सीएमओ ने बीएमओ घुमारवीं से इसकी सारी रिपोर्ट मांगी। लेकिन हैरान करने की बात यह है पांच दिन बीत चुके हैं, परंतु अभी तक भी सीएमओ के पास रिपोर्ट नहीं सौंपी गई हैं। इस संदर्भ में जब सीएमओ से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वह अभी भी रिपोर्ट आने का इंतजार कर रहे हैं, अगर लापरवाही हुई है तो निश्चित रूप से विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जानकारी के अनुसार बीते रविवार को घुमारवीं क्षेत्र में एक भंडारे के दौरान फलाहार खाने से कुछ लोगों की अचानक तबियत बिगड़ गई थी। इसके बाद उन्हें सिविल अस्पताल घुमारवीं में दाखिल करना पड़ा था। ऐसे में मरीज के साथ आए तीमारदार उस वक्त हैरान रह गए जब उनके उपचार के लिए डॉक्टर तथा नर्सों की जगह सिक्योरिटी गार्ड ने उपचार करना शुरू कर दिया। उसने पहले मरीज को ग्लूकोज ड्रिप लगाना शुरू कर दिया। शिकायतकर्ता का कहना है इस पर जब मरीज के साथ आए सभी तीमारदारों ने विरोध किया तो उस सुरक्षाकर्मी का कहना था कि उसे उस रात अस्पताल में मौजूद चिकित्सक तथा नर्सों द्वारा ड्रिप लगाने के आदेश दिए गए हैं। सुरक्षा कर्मी का कहना था कि वह उन्हें आदेशों का पालन कर रहा है। तथा इससे पहले भी वह ड्रिप निकालता है तथा वहीं लगता है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं सीएमओ डॉक्टर प्रवीण कुमार





**बिलासपुर** सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार का कहना है कि वह रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। अभी तक उनके पास रिपोर्ट नहीं आई है। अगर मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हुआ है तो कार्रवाई जरूर की जाएगी। लापरवाही बरतने वालों को बिलकुल भी बख्शा नहीं जाएगा।

### बीएमओ घुमारवीं के रिपोर्ट सौंपने का इंतजार

**गौरतलब** है कि वैसे तो सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का बखान आए दिन करती है, परंतु धरातल की रिपोर्ट हैरान करने वाली सामने आती है। एक सुरक्षा गार्ड द्वारा ड्रिप लगाना और उतारना है तो फिर नर्सों व चिकित्सक के पद की प्रतिष्ठता कहां पर बचती है। वहीं, अब इंतजार बीएमओ घुमारवीं द्वारा रिपोर्ट सौंपने का है। रिपोर्ट आने के बाद ही सीएमओ बिलासपुर इस सारे मामले पर गहनता से कार्रवाई करेंगे।

# दिव्यांग पुनर्वास समितियों का किया जाए गठन : डीसी

## बिलासपुर में बैठक के दौरान उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक।

जिला दिव्यांगजन पुर्नवास केंद्र की प्रबंधन समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में शुक्रवार को उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने समिति के सदस्यों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला स्तर की तरह ही उपमंडल स्तर पर भी दिव्यांग पुर्नवास एंव प्रबंधन समितियों का गठन किया जाए, ताकि ग्रामीण स्तर तक पंहुच बढ़ाकर दिव्यांगजनों को विस्तृत जानकारी प्रदान कर और अधिक सुविधांए प्रदान की जा सकें। लेकिन इस प्रकिया को प्रदेश में लागू आचार संहिता की अवधि पूर्ण होने के पश्चात प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने समिति के सदस्यों से पिछले वर्ष की भांति जागरूकता शिविरों का आयोजन पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होने जिला दिव्यांग पुर्नवास एंव प्रबंधन केंद्र बिलासपुर की पिछले वर्ष की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए बताया कि अभी तक जागरूकता शिविरों के माध्यम से कुल 834 दिव्यांगजनों की पहचान की जा चुकी है। गत वर्ष जिला में 23 जागरूकता शिविर, 14 आंकलन शिविर, पांच मेडिकल जांच शिविर, एक रक्त दान शिविर, दो प्रदर्शिनियां, 31 दिव्यांगता प्रमाणपत्र सहित 40 यूडीआईडी आवेदन के साथ साथ 23 दिव्यांगजनों को स्वरोजगार प्रारंभ करने हेतू 25 हजार रुपए प्रति दिव्यांगजन वित वर्ष में सहायता राशि एवं 327 दिव्यागजनों को कृत्रिम अंग उपकरण प्रदान किए गए। उपायुक्त महोदय द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर यह निर्देश भी दिए गए कि आवश्यक कर्मचारियों का ही योजना के अनुरूप तय की गई योग्ताओं अनुसार पुनः वर्ष 2024-2025 हेतू नवीनीकरण किया जाए।

### कार्यक्रम में इन अधिकारियों ने लिया हिस्सा

**इस** अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीन चैधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस हरीश मिश्रा, प्रोजेक्ट आफिसर डीआरडी, यशपाल सिंह, नोडल अधिकारी डीडीआरसी अरुण कुमार गौतम सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय बैसाखी नलवाड़ मेला 23 अप्रैल से

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

उपमंडल झंडूता में तीन दिवसीय जिला स्तरीय बैसाखी नलवाड़ मेला 23 से 25 अप्रैल तक मनाया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर मेला कमेटी अध्यक्ष एवं एसडीएम झंडूता योगराज धीमान की अध्यक्षता बैठक हुई। मेले के शुभारंभ पर 23 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा झंडूता के प्राचीन ठाकुरद्वारा नर सिंह मंदिर से मेला मैदान तक निकाली जाएगी।

मेले का शुभारंभ खूंटा गाड़कर और पूजा-अर्चना से किया जाएगा। 23 और 24 अप्रैल को महिला मंडल की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इसी दिन विभिन्न सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि इस बार सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं, मेले के समापन समारोह पर 25 अप्रैल को छिंज का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेले को सफल बनाने के लिए सभी विभागों, पंचायत प्रतिनिधियों, समाजसेवी संस्थाओं सहित स्थानीय लोगों का सहयोग चाहिए। उन्होंने विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को मेला कमेटी की विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारी सौंपने की बात कही। इस मौके पर सहायक आयुक्त एवं तहसीलदार झंडूता अर्शिया शर्मा, जिला खेल अधिकारी रविशंकर, जिला पार्षद प्रोमिला वसु सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 25 अप्रैल को होगा छिंज का आयोजन

**एसडीएम** ने बताया कि इस बार सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं, मेले के समापन समारोह पर 25 अप्रैल को छिंज का आयोजन किया जाएगा।

# 21 अप्रैल को रियाणा में होगा विशाल दंगल का आयोजन



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

लखदाता छिंज कमेटी की बैठक बलोह पंचायत में कमेटी प्रधान राजपाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक में निर्णय लिया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी 21 अप्रैल को विशाल दंगल राजकीय प्राथमिक पाठशाला रियाणा के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। दंगल में चार वर्गों में कुश्तियां होंगी। बाल केसरी में झंडूता तहसील क्षेत्र के स्थायी निवासी 12 साल से कम आयु के नन्हे पहलवान जिनका जन्म 21 अप्रैल 2012 के बाद हुआ हो, वे भाग ले सकते हैं। अंडर-20 वर्ग में 20 साल से कम आयु के वे पहलवान, जिनका जन्म 21 अप्रैल 2004 के बाद हुआ हो, भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन दोनों वर्गों के पहलवानों को आयु प्रमाण के लिए अपना आधार कार्ड लेकर आना होगा, ताकि आयु को लेकर कोई विवाद न हो।

### रेनबो हॉस्पिटल घुमारवीं में शिविर आज

**बिलासपुर।** लाडली फाउंडेशन के राज्य अध्यक्षता शालू अख्तर एवं राज्य उपाध्यक्ष मोनिका शर्मा ने बताया कि लाडली फाउंडेशन हिमाचल प्रदेश एवं रेनबो हॉस्पिटल घुमारवीं द्वारा 20 अप्रैल क निशुल्क आंखों के चेकअप हेतु रेनबो हॉस्पिटल घुमारवीं के परिसर में शिविर लगाया जाएगा। लाडली फाउंडेशन के राज्य अध्यक्षता शालू अख्तर एवं राज्य उपाध्यक्ष मोनिका शर्मा ने ने बताया कि आंखों के विशेषज्ञ डॉक्टर निशुल्क सभी लोगों के आंखों का चेकअप करेंगे इस दौरान निशुल्क दवाइयां भी बांटी जाएंगी। शिविर में जिला बिलासपुर एवं हिमाचल प्रदेशवासियों के आंख से संबंधित आंख का लाल होना, आंख से पानी गिरना, आंखों से कम दिखाई देना, मोतियाबिंद, काला मोतियाबिंद इत्यादि रोगों की जांच भी की जाएगी।

**आरोप** | बिलासपुर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

# कांग्रेस को ले डूबेंगी उसकी झूठी गारंटियां: त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने समेत अन्य गारंटियों को लेकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने पर एक जनवरी 2023 से महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने की गारंटी दी थी।

अपनी इस गारंटी को लेकर भाजपा के खिलाफ दुष्प्रचार करने वाले कांग्रेस नेता बताएं कि उन्हें अपने वादे के अनुरूप महिलाओं को यह पेंशन देने से किसने रोका था। सच्चाई यह है कि कांग्रेस सरकार लगभग 16 माह के कार्यकाल में एक भी गारंटी पूरी नहीं कर पाई है। उसकी दुविधा यह है कि किस मुंह से वोट मांगने जनता के पास जाएं। इसी वजह से उसके नेता चुनाव लड़ने से इंकार कर रहे हैं। कांग्रेस की झूठी गारंटियां ही उसे ले डूबेंगी। त्रिलोक जमवाल ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने 10 गारंटियां दी थीं। सत्ता में आने पर अपनी गारंटियां पूरी करने के बजाए उसने भाजपा की पूर्व सरकार द्वारा जनहित में खोले गए 1000 से अधिक संस्थान बंद कर दिए। महिलाओं को एक जनवरी 2023 से प्रतिमाह 1500 रुपए देने के मुद्दे पर कांग्रेस ने सवा साल तक चुप्पी साधे रखी। अब लोकसभा चुनाव में उसने महिलाओं से दोबारा फॉर्म भरवाकर उन्हें ठगने का प्रयास किया। कांग्रेस की नीयत में खोट को देखकर ही भाजपा ने इस पर आपत्ति जताई। अब कांग्रेस नेता कह रहे हैं कि भाजपा महिलाओं की 1500 रुपए की पेंशन रोक रही है, लेकिन सवाल यह है कि उन्हें जनवरी 2023 से महिलाओं को यह पैसा देने से किसने रोका था। वे यह भी कह रहे हैं कि जून 2024 में महिलाओं को दो माह के 3000 रुपये एक साथ दिए जाएंगे, लेकिन वे बताएं कि उसकी गारंटी के लिहाज से इससे पहले के 16 माह के पैसे कहां गए। जाहिर है कि यह भी केवल चुनावी शिगूफा है।

### आज दिन तक युवाओं को नहीं मिल पाया एक लाख नौकरियों का तोहफा

**त्रिलोक** जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस ने सरकार बनने पर कैबिनेट की पहली बैठक में युवाओं को एक लाख नौकरियों की गारंटी भी दी थी, लेकिन अभी तक एक भी युवा को नौकरी का तोहफा नहीं मिल पाया है। किसानों और पशु पालकों से 80 व 100 रुपए प्रति लीटर की दर से दूध और 2 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से गोबर खरीदने तथा 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने जैसी अन्य गारंटियां भी पूरी नहीं हुई हैं। इस अवधि में सरकार 15 हजार करोड़ रुपए का ऋण ले चुकी है। यह सारा पैसा उसने अपनी ऐश-परस्ती पर ही खर्च किया है। अपना एक भी वादा पूरा नहीं कर पाने की वजह से कांग्रेस नेता जनता से वोट मांगने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि वे चुनाव लड़ने से इंकार कर रहे हैं। आलम यह है कि लोकसभा की दो और विधानसभा उपचुनाव की छह सीटों पर कांग्रेस को चिराग लेकर ढूंढने के बावजूद प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं। हर वर्ग के साथ छल-कपट करने का खामियाजा कांग्रेस को भुगतना ही पड़ेगा।

## परवाणू-सोलन और चंबाघाट-कैथलीघाट फोरलेन स्ट्रैच से मलबा हटाने का आदेश, चालक परेशान

# प्रशासन की चेतावनी, सुबाथू चौक से हटाया मलबा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नेशनल हाईवे-5 के परवाणू-सोलन और चंबाघाट-कैथलीघाट फोरलेन स्ट्रेच में पिछली बरसात के दौरान हुए लैंडस्लाइड के मलबे को हटाने के लिए प्रदेश हाईकोर्ट की फटकार के बाद एनएचएआई हरकत में आया है।

कोर्ट की सख्ती के बाद जिला प्रशासन ने भी संबंधित विभाग को सड़क किनारे पड़े मलबे और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। फोरलेन निर्माण का कार्य कर रही कंपनियों ने भी सड़कों पर गिरे मलबे को हटाने में तेजी दिखाई है। इस कड़ी सोलन के सपरून में दोहरी दीवार के नजदीक सुबाथू चौक में लैंड स्लाइड से आए मलबे को हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। (अनंत ज्ञान)


सोलन के सपरून में सुबाथू चौक पर गिरे मलबे को हटाते हुए।

### सिंगल लेन से वाहनों को आवाजाही से खतरा

मानसून विदा हुए लंबा वक्त गुजर जाने के बावजूद परवाणू-सोलन, चंबाघाट-कैथलीघाट फोरलेन में मलबा पड़ा होने के चलते अभी भी सिंगल लेन के सहारे ही वाहनों की आवाजाही हो रही है। इससे वाहन दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। फोरलेन पर अब भी कई जगह पर एनएचएआई डबललेन सड़क को नहीं खोल पाया है, जबकि अब मानसून को विदा हुए नौ महीने का समय बीत चुका है। परवाणू से सोलन तक भी कई जगह सिंगल लेन ही चल रही है। इन जगहों पर सड़क हादसों का खतरा तो बना ही है साथ ही चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### बरसात ने मचाई थी तबाही

पिछले वर्ष मानसून ने हिमाचल में कोहराम मचाया था। इससे फोरलेन भी अछूता नहीं है। परवाणू से सोलन तक मानूसन की बारिश ने कई जगह पर लैंडस्लाइडिंग से सड़क बंद रही। हालांकि एनएचआई ने अधिक्तर जगहों पर सड़क से मलबा हटाया है। बावजूद इसके कुमारहट्टी के पट्टामोड़, धर्मपुर पुलिस स्टेशन के पास, सनवारा ट्रिपल ए होटल, दत्यार, कोटी मोड सहित चंबाघाट से कंडाघाट के बीच कई जगहों पर काफी समय से सिंगल लेन ही यातायात चलाया जा रहा है। यहां से मलबा नहीं हटा गया है , इससे हादसों का खतरा बना हुआ है। इन दिनों बाहरी राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक हिमाचल पहुंच रहे हैं। सड़क में सही दिशा-निर्देश नहीं होने से वाहन चालक कई बार धोखा खा जाते हैं।





नेशनल हाईवे-5 के परवाणू-सोलन और चंबाघाट-कैथलीघाट फोरलेन स्ट्रेच में सड़क किनारे पड़े मलबे को हटाने के लिए एनएचएआई को निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अतिक्रमण हटाने के भी आदेश हैं।
**मनमोहन चौहान, डीसी सोलन।**

# नेशनल हाईवे से हटाया जाएगा अतिक्रमण

## रेहड़ी-फड़ी चालकों को रोजीरोटी की चिंता, समिति ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

नेशनल हाईवे के फोरलेन के तहत सपरून में लगी रेहड़ियों को हटाने को लेकर प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश के बाद सैकड़ों रेहड़ी-फड़ी चालकों को रोजीरोटी की चिंता सताने लगी है।

डीसी की तरफ से गठित टीम शनिवार से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगी। इसका संज्ञान लेते हुए मां शूलिनी रेहड़ी-फड़ी विकास समीति सपरून बाईपास सोलन ने शहरी निदेशालय को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार रेहड़ी-फड़ी चालकों को स्थायी ठिकाना दिलाने की मांग की है। इसकी एक प्रति राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भी भेजी गई है। ज्ञापन में हाईवे से विस्थापित करने से पहले रेहड़ी-फड़ी चालकों को मिले स्थायी ठिकाना दिए जाने की मांग की गई है। इसके तहत विस्थापित किए जाने से पूर्व में स्ट्रीट वेंडर कमेटी की तरफ से नोटिफाईड वेडिंग जोन से व्यवसायिक वाहनों का अतिक्रमण हटवा कर रेहड़ी-फड़ी धारकों को स्थापित करने का आग्रह किया गया है।

रेहड़ी-फड़ी विकास समीति के प्रधान महिताप सिंह का कहना है कि रेहड़ी चालक सपरून बाईपास से हटने के लिए तैयार हैं, परंतु उन्हें भारत सरकार की स्ट्रीट वेंडर एक्ट (जीविका संरक्षण और पथ विक्रेता विनियमन अधिनियम) 2014 के तहत एवं हिमाचल प्रदेश (जीविका संरक्षण और पथ विक्रेता विनियमन अधिनियम) स्कीम 2016 के तहत नगर निगम की तरफ से घोषित 10 वैंडिंग जोन में विस्थापित किया जाए।


सपरून में नेशनल हाईवे किनारे लगी रेहड़ियां।

### वेंडर मार्केट में 54 बूथ

**निगम** सोलन ने कुछ समय पहले सपरून में बनी वेंडर मार्केट में 54 बूथों का आवंटन किया है, जबकि रेहड़ी चालकों की संख्या सैकड़ों में है। ऐसे में रेहड़ी-फड़ी विकास समीति बचे इच्छुक व लाइसेंस धारकों को वैंडिंग जोन संख्या 4 व 5 नजदीक बस स्टॉपेज सपरून और वेली साईड सपरून में स्थापित करने की मांग कर रहे हैं। नेशनल हाईवे के तहत सोलन-परवाणू फोरलेन में लगी रेहड़ियों को हटाने के आदेश हैं। डीसी की तरफ से गठित टीम शनिवार से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### भैला में मतदान के लिए दिखा पूर्ण उत्साह

**पांवटा साहिब।** लोकसभा के आम चुनाव के लिए मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए उपमंडल पांवटा साहिब की स्वीप टीम सहायक निर्वाचन अधिकारी गुंजित सिंह चीमा के निर्देशन में शुक्रवार को भैला पंचायत पहुंची। भैला पंचायत में गेहूं कटाई एवं विवाह की व्यस्तता के बावजूद भारी संख्या में ग्राम वासियों ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जोगिंदर शर्मा ने सभी का अभिवादन करते हुए अपनी पहाड़ी भाषा में रचित 'सबे जुणे वोट पाए' कविता से किया। स्वीप टीम के नोडल ऑफिसर धनवीर चौहान ने सभी उपस्थित मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि आप आगामी लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करके लोकतंत्र में अपनी भागीदारी जरूर सुनिश्चित करें। 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाता और दिव्यांग मतदाता के लिए निर्वाचन आयोग ने घर से ही मतदान की व्यवस्था की है। सिरमौर निर्वाचन आईकॉन जीवन प्रकाश जोशी ने कहा कि एक जून को आप सभी मतदाता अभियान केंद्र पर जाकर हर्षोल्लास के साथ लोकतांत्रिक पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाएं। इस कार्यक्रम में पंचायत प्रधान मनीष तोमर, ग्राम विकास अधिकारी अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

### 171 ने मतदान में सहभागिता की ली शपथ

**नाहन।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत शुक्रवार को नाहन के तहत कालाआम, सैनवाला और सलाणी कटोला पंचायतों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया और मतदान करने की शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम के अवसर पर मतदाताओं को गीत और संगीत के माध्यम से जागरूक किया गया। इस अवसर पर चूल्हा चोका छाड अड़िए, चल वोट देणे चलिए, सुण मेरी गल सुण अडिए चल वोट देणे चलिए... गीत की प्रस्तुति भी दी गई। मतदाताओं के लिए सिग्नेचर अभियान जो कि 27 मार्च से चलाया जा रहा है, जिसमें आज रिकॉर्ड तोड़ 214 व्यक्तियों ने सिग्नेचर अभियान का हिस्सा बनकर मतदान करने की अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है। हिमालय संस्थान कालाआम में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के 171 प्रबुद्ध मतदाताओं ने मतदान में सहभागिता की शपथ ली।

### दीक्षा भारद्वाज का पहला भजन रिलीज

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट निवासी दीक्षा भारद्वाज का पहला भजन रिलीज हो गया। भजन रिलीज होते ही यूट्यूब व अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से इसे खूब पसंद किया जा रहा है। गायकी के क्षेत्र में अपना नाम कमा रही दाड़लाघाट क्षेत्र की दीक्षा भारद्वाज पिछले कई सालों से जागरण व लाइव शो भी कर रही है। दीक्षा का पहला भजन नंदनी प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले दीदार मां दा गाना रिलीज होते हुए दीक्षा भारद्वाज ने माता-पिता का आभार जताते हुए वह इस मुकाम पर पहुंची है। बचपन से ही गाने का शौक रखने वाली दीक्षा भारद्वाज को पिता ने गायकी के लिए प्रेरित किया। गुरु विनोद चन्ना गायकी के क्षेत्र में उनके प्रेरणा स्त्रोत बने। दीक्षा भारद्वाज को विश्वास है कि दर्शक इस खूबसूरत भजन को अपना प्यार व आशीर्वाद देंगे।




### प्रतिबंधित दवाइयां/कैप्सूल बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**सोलन।** शहर के युवाओं को नशीली/प्रतिबंधित दवाइयां बेचने के आरोपी को सोलन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक सोलन पुलिस की एक स्पेशल टीम शहर सोलन में गश्त पर रवाना थी।

इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि जितेश कुमार व राजेश कुमार जो विवांता माल के पास रहते हैं, प्रतिबंधित दवाइयां/कैप्सूल बेचने का धंधा करते हैं और शहर के नव-युवकों को नशे का सामान उपलब्ध करवाते हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए इस टीम ने जितेश कुमार पुत्र मंगल सिंह निवासी सोलन, उम्र 27 साल तथा राजेश कुमार निवासी तहसील भोरंज जिला हमीरपुर उम्र 32 साल को नशीली/प्रतिबंधित दवाइयों की कुल 3400 टेबलेट्स सहित गिरफ्तार किया। इस संदर्भ में मामला आगामी जांच के लिए औषधी निरीक्षक ड्रग इंस्पेक्टर सोलन को सौंपा गया है। एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि जांच के दौरान ज्ञात हुआ है कि इन आरोपियों के विरुद्ध पहले भी मादक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत थाना सदर सोलन में मामले दर्ज हैं।

# हाईकोर्ट ने जिला कोर्ट कांप्लेक्स के विस्तारीकरण के दिए आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

प्रदेश हाईकोर्ट ने सोलन के जिला कोर्ट कांप्लेक्स के विस्तारीकरण के लिए अधिसूचित भूमि का तुरंत अधिग्रहण करने के आदेश जारी किए। कोर्ट ने सरकार को 2 माह के भीतर अधिगृहीत भूमि का कब्जा जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोलन को सौंपने के आदेश भी दिए।

मुख्य न्यायाधीश एम एस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने जिला बार एसोसिएशन सोलन की याचिका को स्वीकारते हुए यह आदेश दिए। सरकार ने अपनी तंगहाली का हवाला देते हुए मौजूदा कोर्ट कांप्लेक्स के साथ लगती भूमि का अधिग्रहण करने में असमर्थता जताते हुए कहा था कि इस भूमि की कीमत 2 करोड़ के आसपास होगी, जो बहुत अधिक है। इसलिए उन्होंने कोर्ट कांप्लेक्स सोलन के लिए बेर खास नामक स्थान पर भूमि का चयन किया है। कोर्ट ने कहा कि अपने नागरिकों को न्यायिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार वित्तीय संसाधनों की कमी का रोना नहीं रो सकती। यह सरकार का संवैधानिक दायित्व है।

### 2023-24 का बजट 53 हजार करोड़ से अधिक

कोर्ट ने सरकार के कुछ कार्यों का हवाला देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 का बजट 53 हजार करोड़ रुपए से अधिक था। मौजूदा वित्त वर्ष के लिए बजट 58 हजार करोड़ रुपए से अधिक है, जो पिछले वर्ष से 5 हजार करोड़ रुपए अधिक है। सरकार ने 2000 करोड़ रुपए गगल एयरपोर्ट के विस्तार के लिए चिन्हित किए हैं। 250 करोड़ रुपए के सालाना खर्चे वाला प्रशासनिक ट्रिब्यूनल खोलने की तैयारी भी सरकार ने कर रखी है। 5 मार्च को सरकार ने 800 करोड़ के खर्चे वाली स्कीम की घोषणा करते हुए 18 से 60 वर्ष की 5 लाख पात्र महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह देने की घोषणा की है। इतना ही नहीं भारी भरकम राशि खर्च कर पुरानी पेंशन योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। कोर्ट ने उपरोक्त तथ्यों का हवाला देते हुए सरकार की मंशा पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि सरकार के पास विभिन्न कार्यों के लिए करोड़ों रुपए तो हैं, परंतु वह यह समझ पाने में असमर्थ है कि सरकार के पास न्यायिक परिसर सोलन के विस्तार के लिए मात्र 2 करोड़ रुपए की राशि नहीं है।

# कानून व्यवस्था और मतदान जागरूकता के लिए निकाला मार्च


कानून व्यवस्था व मतदान जागरूकता के लिए पुलिस मार्च निकालते हुए।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

लोकसभा चुनाव को देखते हुए उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के साथ लगते पांवटा साहिब में सिरमौर पुलिस ने मार्च निकाला।

पुलिस ने यहां लोगों को कानून व्यवस्था और मतदान को जागरूक करने के लिए मार्च निकाला। एएसपी सिरमौर योगेश रोल्टा व एसडीपीओ पांवटा अदिति सिंह की अगुआई में मार्च उत्तराखंड बॉर्डर पर गोविंदघाट नाके से शुरू हुआ। पांवटा के मुख्य चौराहों से होते हुए एसडीपीओ कार्यालय में खत्म हुआ, जिसके बाद एएसपी योगेश रोल्टा ने मार्च में मौजूद सभी पुलिस जवानों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। साथ ही चुनावों के दौरान शहर में शांति बनाए रखने के लिए लोगों से अपील की। बता दें कि तीन राज्यों की सीमाओं से लगते सिरमौर के अंतरराज्यीय बैरियरों पर विशेष सख्ती बरती जा रही है। प्रदेश में आने वाले वाहनों की जांच की जा रही है।

## नाहन के अरिहंत स्कूल परिसर में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

# बच्चों के समग्र विकास पर दिया बल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

शिक्षा समर्पित शिक्षकों, प्रेरित छात्रों और उच्च उम्मीदों वाले उत्साही अभिभावकों के बीच एक प्रतिबद्धता है। इसी सोच के साथ एआईएस, नाहन के स्कूल परिसर में एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

लगभग 125 अभिभावकों की उल्लेखनीय उपस्थिति ने ओरिएंटेशन को एक सफल आयोजन बना दिया। स्कूल की निदेशक प्रधानाचार्य दविंदर के साहनी ने अभिभावकों का स्वागत किया और उन्हें संस्थान में प्रचलित उच्च शैक्षणिक मानकों से परिचित करवाया। उन्होंने स्कूल के दृष्टिकोण और मिशन को साझा किया। नेहा राठौर ने अभिभावकों को स्कूल के बुनियादी ढांचे, सुविधाओं, नियमों और विनियमों के बारे में जानकारी दी। शैक्षिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की गई, जिससे अभिभावकों को पाठ्यक्रम और शिक्षण पद्धति का पता चला। स्कूल ने माता-पिता से अपनी अपेक्षाएं साझा कीं और इस बात पर भी जोर दिया कि शिक्षण स्कूल में किया जाना चाहिए और माता-पिता को बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों के साथ हाथ मिलाने की जरूरत है। अभिभावकों को उन ऐप्स से भी परिचित करवाया, जिनका उपयोग शिक्षक स्मार्ट कक्षाओं के दौरान करते हैं। एआईएस माता-पिता को बहुत सम्मान देता है और उन्हें हमारे साझा दृष्टिकोण को साकार करने में अमूल्य भागीदार मानता है।


अरिहंत स्कूल परिसर में ओरिएंटेशन कार्यक्रम के आयोजन पर मौजूद लोग।

# दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, अर्की**

पुराने बस अड्डे अर्की के समीप कल रात साढ़े आठ बजे के करीब कपड़े की दुकान में आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया। जानकारी देते हुए सागर क्लॉथ हॉउस के मालिक सागर ने बताया कि कल रात उन्हें दुकान बंद किया हुए अभी पंद्रह से बीस मिनट ही हुए कि उन्हें फोन द्वारा सुचित किया कि उनकी दुकान से धुआं उठ रहा है।

वह उसी समय अपनी दुकान में पहुंचे तो देखा कि उनकी दुकान में रखा कपड़ा जल रहा है तभी आस-पास के लोगों ने अग्निशमन केंद्र में फोन कर दिया व आग पर काबू पा लिया गया व आज सुबह स्थानीय विधायक सीपीएस संजय अवस्थी भी मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया व कहा कि इनकी जो भी मदद होगी की जाएगी।


दाड़लाघाट में मकान को लगी आग।

### मकान में आग लगने से रसोई घर को नुकसान

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट के एक मकान में आग लग गई। सायं 4 बजे के करीब एक मकान की रसोई घर में बने चूल्हे से अचानक आग भड़क गई, जिससे रसोई घर जल कर राख हो गया।

दाड़लाघाट के प्यारे लाल शर्मा के मकान की रसोई घर में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगने से रसोई घर में रखे हुए कीमती सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार वीरवार शाम करीब चार बजे रसोईघर में बने चूल्हे ने अचानक आग पकड़ ली। आग पर काबू पाने के लिए पड़ोसियों ने हिम्मत कर पानी की बाल्टियां व पाइपों से आग पर काबू पा लिया। जिस कारण बड़ा हादसा हाने से टल गया। डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने मामले की पुष्टि की।

### सिरमौर पुलिस ने देहरादून से दबोचा उद्घोषित अपराधी

**नाहन।** सिरमौर पुलिस द्वारा उद्घोषित अपराधियों की धर पकड़ के विशेष अभियान के तहत गठित सेल ने देहरादून से एक उद्घोषित अपराधी मोहम्मद हारून, निवासी गांव डेरा सराय, तहसील संभल,जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश को दबोच लिया है। जिले के एसपी रमन मीणा ने बताया कि दबोचा गया अपराधी पुलिस थाना पांवटा साहिब के अभियोग संख्या 144,2012, निम्न धारा 429, 34 भारतीय दंड संहिता तथा पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 8, 11 में वांछित उद्घोषित अपराधी है। एसपी ने बताया कि इस वर्ष चार उद्घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है ।

# शोरूम से सामान चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

थाना धर्मपुर के तहत शोरूम से सामान चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक 13 अप्रैल को राज आनंद हाल मालिक प्यूमा शोरूम जाबली जिला सोलन थाना धर्मपुर में शिकायत दर्ज करवाई कि यह जाबली में प्यूमा और अन्य ब्रांड का शोरूम चलाते हैं।

लगभग डेढ़ महीना पहले उन्होंने अपने शोरूम में तुषार व साहिल नामक दो लड़कों को हेल्पर रखा था। 10 अप्रैल को जब तुषार व साहिल शोरूम बंद करके अपने घर जा रहे थे तो तुषार का बैग सामान से भरा था, जिस पर इनके मैनेजर रजत ने तुषार के बैग को चैक किया, तो उसमें शोरूम के अंदर से चुराया गया सामान कपड़े, जूते व जुराबें आदि बरामद हुई, जिसे ये लोग चोरी करके ले जा रहे थे। इसके उपरांत जब इन्होनें अपने स्टाफ को चैक किया, तो इनके शोरूम से लगभग 95,000/ रुपए के कपड़े/सामान चोरी होना पाया गया, जिस पर 13 अप्रैल को थाना धर्मपुर में चोरी की धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था।



### सामान का मूल्य 95000

इस अभियोग के अंवेषण के दौरान 16 को थाना धर्मपुर की टीम द्वारा वारदात में संलिप्त आरोपी तुषार निवासी गांव मंझौल तहसील कसौली जिला सोलन, उम्र 20 साल को गिरफ्तार किया गया था, जिसे माननीय अदालत में पेश किया गया था । आरोपी पुलिस हिरासत रिमांड पर है। इस आरोपी से चोरी शुद्धा सामान, जिसकी कीमत करीब 95,000/-रुपए है, बरामद कर लिया गया है। एसपी गौरव सिंह ने बताया कि आरोपी के पहले के अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है।

### साइबर गैंग का शातिर पुलिस ने दबोचा

**नाहन।** शहर के नया बाजार क्षेत्र से लाखों रुपए की ऑनलाइन ठगी के मामले में पुलिस ने साइबर गैंग के एक और शातिर को दबोच लिया है।

जिले के एसपी रमन मीणा ने बताया कि शहर में हुई लाखों की ठगी के मामले में पुलिस थाना सदर नाहन में दो अप्रैल को मामला दर्ज किया गया था। मामले में गठित एसआईटी ने बीते दिन उक्त मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी मुन्ना सक्सेना, निवासी देउचेरा, तहसील आमला, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश को बरेली से दबोचने में सफलता प्राप्त की है। उक्त आरोपी को वीरवार को अदालत में पेश किया गया अदालत ने आरोपी समेत पूर्व पुलिस रिमांड में चल रहे अफ्रीकी मूल के दो आरोपियों 20 अप्रैल तक पुलिस रिमांड में रखने के आदेश दिए हैं। एसपी ने बताया कि मामले में जांच जारी है।

## तुलाराम व संजय की ईमानदारी के कायल हुए लोग

# पर्स व मोबाइल लौटाने पहुंचे नाहन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर के लोगों में ईमानदारी जिंदा है। इस बात का सबूत यहां के लोग कई बार दे चुके हैं।

ताजा मामले में रुखड़ी गांव के लोगों ने एक महिला के पैसों से भरे पर्स को लौटाकर अपनी ईमानदारी का परिचय दिया है। दरअसल, विक्रमबाग की महिला मंजू देवी का पर्स नाहन के समीप दो सड़कां के पास कहीं खो गया था। पर्स में 10,000 रुपए की नकदी के साथ एक मोबाइल और आधार कार्ड जैसे कई दस्तावेज भी थे। महिला को अपना पर्स खोने का पता तब चला जब वह घर के पास पहुंचीं। इसके बाद वह पर्स खोजने दो सड़कां के पास उस स्थल पर पहुंचे, जहां वह गाड़ी से बाहर निकले थे, लेकिन यहां पर्स नहीं मिला। मंजू देवी मोबाइल और दस्तावेज खोने से ज्यादा परेशान हो गईं। इसी बीच उनके परिजन को किसी ने फोन पर सूचित किया कि पर्स उनके पास है। इसके बाद रूखडी के तुलाराम और संजय पर्स लेकर नाहन के एक पेट्रोल पंप के पास पहुंचे और उन्हें पर्स लौटा दिया। इसमें सभी तरह के दस्तावेज, नकदी और मोबाइल भी था। बता दें कि रूखड़ी नाहन-पांवटा साहिब नेशनल हाईवे पर शंभूलाल गांव के साथ सटा है। महिला के देवर रोहित पंडित ने बताया कि रूखड़ी के लोगों ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है। उन्होंने उनकी भाभी का खोया हुआ पर्स नाहन में लौटाया।


तुलाराम और संजय।

**आयोजन** रक्त की कमी को देखते हुए शिविर आयोजित करते रहना चाहिए : सोनाक्षी

# 70 लोगों ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

शिवालिक नगर के शिव मंदिर परिसर में राजेंद्र कौशल मेमोरियल कल्याण ट्रस्ट झाड़माजरी की ओर से तीसरे रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

रक्तदान शिविर में 70 लोगों ने रक्तदान करके पुण्य कमाया। शिविर का शुभारंभ बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोनाक्षी सिंह तोमर ने किया। उन्होंने रक्तदान शिविर के आयोजकों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि सामाजिक संस्थाओं को रक्त की कमी को देखते हुए इस तरह के शिविर आयोजित करते रहना चाहिए। सीईओ ने रक्तदाताओं की रक्तदान के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष अच्छर पाल कौशल ने बताया कि राजेंद्र कौशल की तृतीय पुण्यतिथि पर झाड़माजरी में आयोजित किया गया। इस शिविर में पीजीआई ब्लड बैंक चंडीगढ़ की डॉक्टर एकता सिंह की अगुआई में 15 सदस्यीय टीम ने रक्त एकत्रित किया। इस अवसर पर हरिओम योगा सोसायटी बद्दी के अध्यक्ष डॉ. श्रीकांत शर्मा, बलविंद्र ठाकुर, हिल व्यू अपार्टमेंट्स झाड़माजरी के अध्यक्ष एमपी टंडन, बीडीसी राम रत्न चौधरी, मुस्ताक मोहम्मद, सूर्यकांत शर्मा, संजीव भटोली के उपप्रधान बिल्लु खान सहित कई मौजूद रहे।


बीबीएनडीए की सीईओ रक्तदान आयोजकों व रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए।

# स्टूडेंट्स की सुविधा को खुला गैलेक्सी प्रिंट स्टूडियो

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए गैलेक्सी प्रिंट स्टूडियो का उद्घाटन किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश की ओर से रिबन काट कर साइबर कैफे का उद्घाटन किया गया।

कॉलेज प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने कहा कि साइबर कैफे के खुलने से विद्यार्थियों को सभी डिजिटल सुविधाएं आसानी से कॉलेज परिसर में उपलब्ध होंगी।

**साइबर कैफे के खुलने से डिजिटल सुविधाएं आसानी से कॉलेज परिसर में होंगी उपलब्ध**

ध्यातव्य हो की कॉलेज में विद्यार्थियों को ऑनलाइन एडमिशन फॉर्म भरने से लेकर एग्जामिनेशन फॉर्म भरने में तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

संचालक मदन लाल शर्मा ने कॉलेज परिसर में इस साइबर कैफे को खोलकर विद्यार्थियों को तमाम सुविधाएं देने का भरोसा जताया।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों को प्राप्त होगी पोस्टल बैलेट सुविधाः मनीष गर्ग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने आज यहां आवश्यक सेवाओं की श्रेणी के विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आगामी लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्गीकृत आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्ति अनुपस्थित मतदाताओं के रूप में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने के लिए पात्र होंगे। इस सुविधा के लिए आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों को नोडल अधिकारियों द्वारा प्रमाणित किया जाना आवश्यक होगा कि मतदान के दिन वे ड्यूटी पर तैनात हैं।

इस सुविधा के लिए उन्हें संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को 12 मई तक फार्म 12डी जमा करवाना होगा। उन्होंने कहा कि इस श्रेणियों में चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ और एंबुलेंस सेवाएं, अग्निशमन विभाग के आवश्यक डयूटी कर्मचारी, लंबे रूटों पर तैनात चालक और परिचालक, दुग्ध प्रसंघ और सहकारी समितियों के दूध आपूर्ति सेवा में तैनात कर्मचारी,



अधिकारियों से चर्चा करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग।

मीडियाकर्मी, पंप ऑपरेटर और टर्नर, इलेक्ट्रीशियन और लाइन-मैन के अलावा आवश्यक सेवा पर तैनात जेल कर्मचारी भी शामिल हैं जिन्हें पहली मर्तबा आवश्यक सेवाओं के तहत लाया गया है। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इन श्रेणियों के अधिकारियों व कर्मचारियों को फार्म 12-डी भरना होगा और नोडल अधिकारी फार्म के भाग-2 में अपना प्रमाण पत्र भी देंगे। नोडल अधिकारी इसे संबंधित रिटर्निंग अधिकारी या सहायक रिटर्निंग अधिकारी को प्रेषित करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि अनुपस्थित मतदाताओं को फार्म पर हस्ताक्षर और मोबाइल नंबर लिखना अनिवार्य होगा जिसे पोस्टल बैलेट सेंटर पर तैनात राजपत्रित अधिकारी सत्यापित करेंगे। पोस्टल बैलेट सेंटर प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में निर्धारित तीन दिन तक खोले जाएंगे।

## जल्द नियुक्त करें राज्य व जिला नोडल अधिकारी

**उन्होंने** कहा कि जिन विभागों ने राज्य नोडल अधिकारी और जिला नोडल अधिकारी नियुक्त नहीं किए हैं, वे शीघ्र उनकी नियुक्ति सुनिश्चित कर निर्वाचन विभाग को सूचित करें। उन्होंने कहा कि विगत विधानसभा चुनाव-2022 में आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों के लिए 1181 पोस्टल बैलेट जारी किए गए थे, जिसमें से 872 पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी दलीप नेगी, संबंधित विभागों के अधिकारी और राज्य नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## आपदा के समय गायब हो गए थे भाजपा नेता

**शिमला।** सातवें राज्य वित्तायोग के अध्यक्ष नंद लाल व मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा ने भाजपा से पूछा है कि वह आपदा में अपना योगदान प्रदेश की जनता को बताए। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश के लोग मुश्किल वक्त से जूझ रहे थे, तो भाजपा नेता कहां गुम थे। आपदा के दौरान पहले भाजपा नेता विधानसभा सत्र बुलाने की मांग करते रहे और हिमाचल की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का प्रस्ताव विधानसभा में आया तो भाजपा का कोई भी विधायक प्रभावितों के साथ खड़ा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आपदा में हिमाचल प्रदेश के लोगों के साथ खड़ा न होना, भाजपा की सबसे बड़ी उपलब्धि थी। यही नहीं, प्रदेश के भाजपा नेता केंद्र सरकार से मिलने वाली आर्थिक सहायता में रोड़े लटकाते रहे। नंद लाल और मोहन लाल ब्राक्टा ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने आपदा प्रभावितों के जख्मों पर मरहम लगाने के लिए अपना खजाना खोल दिया और अपने सीमित संसाधनों से 4500 करोड़ रुपए का विशेष राहत पैकेज दिया। उन्होंने कहा कि असहायों का दर्द समझते हुए राज्य सरकार ने प्रभावित परिवारों को राहत देने के लिए नियमों में बदलाव किया। बिना केंद्र सरकार की सहायता के प्रदेश सरकार ने पूरी तरह क्षतिग्रस्त मकान की सहायता राशि को 1.50 लाख से बढ़ाकर 7 लाख रुपए किया।

# एचआरटीसी के सभी डिपो में एकत्रित होने वाले राजस्व की मॉनिटरिंग शुरू

### शिमला-हमीरपुर और धर्मशाला डिवीजन का प्रदर्शन अच्छा, मंडी डिवीजन पिछड़ा




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्य में परिवहन सेवाओं के लिए निर्भर एचआरटीसी के राजस्व में बढ़ौतरी करने के लिए अब परिवहन निगम ने एक नया तरीका ढूंढ निकाला है।

प्रतिदिन होने वाले राजस्व की निगम ने मॉनिटरिंग शुरू कर दी है, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश के चार डिवीजनों के तहत आने वाले 29 डिपुओं के तहत कई डिपो अपने टारगेट को अचीव करने में सफल भी हो रहे हैं। जिन डिपुओं में राजस्व में कमी आ रही है और टारगेट पूरे नहीं हो रहे हैं, उन डिपुओं के यूनिट प्रबंधकों को राजस्व गिरने की भिन्नताओं और इसके कारणों के सूक्ष्म विशलेषण करने के निर्देश जारी किए गए हैं। यूनिट प्रबंधकों को प्रत्येक रूट और कंडक्टरों की मॉनीटरिंग करने को कहा गया है, ताकि इन रूटों पर होने वाले राजस्व में इजाफा हो सके।

## परिवहन निगम का दैनिक लक्ष्य 2.52 करोड़

**परिवहन** निगम ने अपनी इकाइयों द्वारा दैनिक लक्ष्यों की निगरानी की एक प्रणाली शुरू की है। परिवहन निगम का दैनिक लक्ष्य 2.52 करोड़ है, जिससे निगम को प्रतिमाह 75 करोड़ से अधिक का राजस्व जुटाना है। इस माह मात्र 15 दिनों में इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए निगम सफल भी रहा है। 13 और 15 अप्रैल को 2.52 करोड़ के प्रतिदिन आय के लक्ष्य के अनुरूप इससे अधिक राजस्व एकत्रित किया गया है। धर्मशाला डिवीजन के तहत नौ अप्रैल से लगातार प्रतिदिन निर्धारित 62.20 लाख के लक्ष्य के विपरीत इससे अधिक का राजस्व जुटाया जा रहा है। हमीरपुर डिवीजन में 12 अप्रैल से लगातार वृद्धि हो रही है। शिमला डिवीजन के तहत कई डिपुओ में बेहतरीन प्रदर्शन हो रहा है और निर्धारित प्रतिदिन के राजस्व के अनुसार यहां इससे अधिक आय अर्जित की जा रही है। मंडी डिवीजन में अभी सुधार की आवश्यकता है, जिसके लिए परिवहन निगम लगातार प्रयासरत है।

## डिपुओं में लाया जाएगा सुधार

**एचआरटीसी** के प्रबंध निदेशक रोहन चंद ठाकुर ने कहा कि निगम की प्रतिदिन आय की मॉनिटरिंग की जा रही है और जो डिपो पीछे चले हुए हैं, उसमें सुधार लाया जा रहा है। शिमला, हमीरपुर और धर्मशाला डिवीजन अब अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन मंडी डिवीजन पिछड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यूनिट प्रबंधकों को हर मार्ग के लिए आय की निगरानी करने के लिए कहा गया है, ताकि राजस्व गिरने पर भिन्नताओं और कारणों का सूक्ष्म विश्लेषण किया जा सके और निगम की प्रतिदिन होने वाली आय बरकरार रखी जा सके। उन्होंने कहा कि अब प्रतिदिन आय की हो रही मॉनीटरिंग।

## न्यूज ब्रीफ

### आज यहां-यहां बंद रहेगी बिजली

**नेरवा।** विद्युत उपमंडल नेरवा के तहत हुली-झिकनीपुल मुख्य लाइन के अंतर्गत आने वाली खैल, टिपरा, कुंबड़ा, देवत, टोंची और जड़ाना क्षेत्र की लाइन के रखरखाव के चलते बीस अप्रैल शनिवार को प्रातः नौ बजे से शाम तीन बजे अथवा कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। मौसम खराब होने अथवा कार्य समाप्त न होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। कनिष्ठ अभियंता नेरवा भारत भूषण ने क्षेत्र के समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग का आग्रह किया है।

### जखार गांव पहुंचे शिकड़ू देवता महाराज

**रोहडू।** शिकडू देवता महाराज पांच बासे के दौरे के दौरान शुक्रवार को जखार गांव में पंहुच गए है। गांव के लोंगों ने देवता महाराज का फूल-मालाओं से एवं धूप-धीया जलाकर भव्य स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि शिकडू देवता महाराज पांच बासे के देवता हैं। इसमें थमटाडी, जखार, मांदली, दशालनी व रोहडू शामिल है। शिकडू देवता महाराज राज्य स्तरीय रोहडू मेले से पहले पांच बासे के दौरे पर हैं। श्रद्धालुओं ने इस दौरान देवता महाराज के दर्शन किए। सदियों से चले आ रहे कारे के अनुसार देवता महाराज पिछले कई दिन से क्षेत्र के दौरे पर निकले हुए हैं। इस दौरान क्षेत्र के लोंगों के द्वारा (चरुआ) भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है।

### बच्चों की एनरोलमेंट बढ़ाने के प्रयास तेज

**शिमला।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कितने नए दाखिले हुए हैं और इससे कितनी एनरोलमेंट बढ़ी है, इसकी रिपोर्ट स्कूलों को 30 अप्रैल तक भेजने को कहा गया है। हालांकि समर वेकेशन स्कूलों में बीते पांच अप्रैल से नया सेशन शुरू हुआ है। ऐसे में इन स्कूलों को एनरोलमेंट बढ़ाने को कहा गया है। विशेष रूप से नर्सरी और प्री-नर्सरी कक्षाओं में छात्रों के ज्यादा से ज्यादा दाखिला करवाने के निर्देश स्कूलों को दिए गए हैं, जिससे कि स्कूलों में एनरोलमेंट बढ़े। इसके बाद स्कूलों को 30 अप्रैल तक एनरोलमेंट की रिपोर्ट विभाग को देनी होगी। गौर हो कि स्कूलों में इस दौरान एनरोलमेंट घटी है, ऐसे में विभाग ने नए सत्र से स्कूलों को एनरोलमेंट बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही इनरोलमेंट बढ़ने पर पाठ्यपुस्तकों की डिमांड भी स्कूलों को भेजने को कहा गया है। बुक डिपो को भी स्कूलों को यह डिमांड भेजनी होगी।

### कंपनी को भेजा छह करोड़ का डिमांड नोटिस

**शिमला।** नगर निगम प्रशासन ने अपने सबसे बड़े टैक्स डिफाल्टर आईएसबीटी प्रबंधन कंपनी को साढ़े छह करोड़ रुपए का डिमांड नोटिस भेजा है। निगम को वर्षों से इस कंपनी से लंबित प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवरी करनी है। आईएसबीटी से टैक्स वसूली का मामला काफी पुराना है और कंपनी की ओर से पहले बस अड्डा प्राधिकरण से टैक्स वसूली करने का पक्ष निगम के समक्ष रखा गया था, लेकिन बस अड्डा प्राधिकरण ने देने से साफ इन्कार कर दिया था क्योंकि बस अड्डे बनाने वाली कंपनी एक निजी कंस्ट्रक्शन कंपनी है और इसी कंपनी ने आगे इस प्रॉपर्टी को किराए पर दे रखा है, ऐसे में निगम को टैक्स भी इसी कंपनी से वसूल किया जाना चाहिए। इसके बाद मामला प्रदेश सरकार को भेजा गया था। काफी लंबे समय से मामले पर स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण निगम को करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा था लेकिन राज्य सरकार के पास से व मंडलायुक्त के पास चल रहे इस मामले का फैसला अब नगर निगम के पक्ष में आया है। नगर निगम आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने कहा कि शहर के केंद्रीय कार्यालयों व कालोनियों से प्रॉपर्टी टैक्स वसूल किया जाना है। इसको लेकर निगम ने छह करोड़ से ज्यादा का डिमांड नोटिस विभागों को भेजा है। इसके अलावा आईएसबीटी कंपनी को भी साढ़े छह करोड़ रुपए के प्रॉपर्टी टैक्स का डिमांड नोटिस भेजा गया है। सरकार ने नए बस अड्डे बनाने वाली कंपनी से टैक्स रिकवरी के निर्देश दिए हैं।

# खुले में कूड़ा-कचरा फेंका तो खैर नहीं

### नेरवा को साफ-सुथरा बनाने को नगर पंचायत ने शुरू की मुहिम, पकड़े जाने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, नेरवा**

नगर पंचायत नेरवा ने चेतावनी जारी की है कि यदि किसी ने खुले में कूड़ा-कचरा बिखेरा तो उसके खिलाफ नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

नगर पंचायत ने नेरवा को साफ-सुथरा बनाने के लिए छेड़ी गई मुहिम के तहत कुछ कड़े निर्णय लिए है, जिसका लोगों ने स्वागत किया है। नगर पंचायत अध्यक्ष बबिता तंगड़ाईक ने कहा कि बाजार में रोजाना झाड़ू लगाया जाता है तथा झाड़ू लगाने वाले कर्मचारी दुकानों के बाहर से कूड़ा उठाते हैं।

घरों से भी तीसरे दिन कूड़ा उठाने की व्यवस्था की गई है। भविष्य में इस व्यस्था को सुदृढ़ करने के लिए भी कदम उठाए जाएंगे। यदि सभी दुकानदार एवं नेरवावासी थोड़ा सा सहयोग करें तो नेरवा को साफ-सुथरा बनाया जा सकता है। बबिता तंगड़ाईक ने कहा कि अकसर ऐसी शिकायतें आम हो गई है कि दुकानदार और कुछ लोग घरों का कूड़ा बाहर खुले में डाल रहे हैं।

इस समस्या को लेकर नेरवा बाजार में ढाबे, बार और सब्जी विक्रेताओं की सबसे ज्यादा शिकायतें हैं। नेरवा बाजार में दुकानदार दुकानों का कूड़ा और प्लास्टिक की पन्नियां आदि, ढाबे एवं बार वाले बार और ढाबों में इस्तेमाल किए गए डिस्पोजल गिलास प्लेटें आदि शाम को दुकाने और ढाबे के बंद करने के बाद बाजार में सड़क किनारे खुले में फेंक रहे हैं।

## घरों का कूड़ा डस्टबिन में ही रखें : बबिता



**बबिता** तंगड़ाईक ने कहा कि सब्जी विक्रेताओं की दियांडली नाला में सड़ी-गली सब्जिया फेंकने की सबसे अधिक शिकायतें हैं। रात को पूरे नेरवा बाजार में सड़क पर कूड़ा बिखरा रहता है। उन्होंने अपील की है कि दुकानदार, बार, ढाबे और सब्जी वाले गार्बेज बैग्स का इस्तेमाल कर कूड़ा-कर्कट इसमें भरकर दुकानों के बहार रख दें। झाड़ू वाले सुबह इन बैग्स को उठा लेंगे। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी आग्रह किया है कि घरों का कूड़ा डस्टबिन में रखें तथा इसे कूड़ा एकत्रित करने वालों को ही दें, कूड़े को बाहर खुले में न फेंकें। बबिता तंगड़ाईक ने चेतावनी दी है कि खुले में कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# विक्रमादित्य सिंह बोले-कंगना कर रही देवी-देवताओं का तिरस्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मंडी से लोकसभा की उम्मीदवार और वॉलीवुड़ अभिनेत्री कंगना रनौत को लेकर विक्रमादित्य सिंह ने फिर जुबानी हमला किया है। शिमला में विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कंगना सनातन धर्म और देवी-देवताओं का तिरस्कार कर रही हैं। इस तरह के खान-पान से सनातन धर्म का रिश्ता नहीं है, उसको बढ़ावा दे रही हैं।



भाजपा सनातन धर्म पर प्रहार कर रही है। आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद को इस पर संज्ञान लेना चाहिए। भाजपा की प्रत्याशी सनातन पर प्रहार कर रही है। भाजपा ने इस मुद्दे पर अपने मुंह पर टेप लगा दी है। इस पर मोहन भागवत और प्रांत प्रमुख से अपील की जाएगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल में सनातन को बचाना जरूरी है। सनातन धर्म की रक्षा करना मेरा दायित्व है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मेरे लिए मंडी हॉट सीट नहीं। सभी क्षेत्र महत्वपूर्ण हैं। मुद्दों पर चुनाव लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर आज मजबूरी में कर्मचारियों का समर्थन कर रहे हैं। भाजपा पूरे देश में ओपीएस खत्म कर रही है। वहीं, प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव मैदान में है। हमारी तैयारी पूरी है। चुनाव में जीत के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी।






**जुन्गा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग शिमला के सौजन्य से शुक्रवार को विश्व हीमोफिलिया दिवस सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला विकास नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी शिमला डॉ. राकेश प्रताप ने बताया कि इस वर्ष विश्व हीमोफिलिया दिवस पर सभी को समान पहुंच और रक्त से संबंधित विकारों को पहचानना विषय रखा गया है। उन्होंने बताया कि हीमोफिलिया एक जेनेटिक रक्त विकार रोग है जोकि माता-पिता से बच्चों में स्थानान्तरित होता है। इस बीमारी में चोट लगने पर खून बहता ही रहता है। बताया कि हीमोफिलिया खून में क्लोटिंग फैक्टर के न होने के कारण होता है। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओशिन और स्वास्थ्य शिक्षिका संजना दफराईक ने भी बच्चों और उपस्थित लोगों का हीमोफिलिया रोग बारे विस्तार से जानकारी दी।

# कोई भी देश आज भारत को आंख दिखाने की हिम्मत नहीं करता : कश्यप


जनता को संबोधित करते सांसद

**दशमी रावत, रोहडू**

भारतीय जनता पार्टी मंडल रोहडू के मीडिया प्रभारी सुमेश चौहान ने जारी प्रेस बयान के माध्यम से बताया कि शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व सांसद सुरेश कश्यप ने रोहडू विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे के दौरान जनसंवाद कार्यक्रम छौहारा के दूरदराज क्षेत्र तांगनू से प्रारभ किया। दो दिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने तांगनू, दाऊदी, पेखा, रमई, धमवाड़ी, खरशाली, टिक्करी, गुम्मा, खशधार व चिलाला के लोगों से संवाद किया।

कार्यक्रम के दूसरे दिन उन्होंने रोहल, आंध्रा, चिढ़गांव बाजार, ब्रासली, अढ़ाल व बशला के स्थानीय लोंगों से संवाद किया। भाजपा प्रत्याशी व सांसद सुरेश कश्यप ने जनता से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए जनसमर्थन देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मुझे भाजपा ने शिमला संसदीय क्षेत्र से दूसरी बार आपकी सेवा करने मौका दिया है। इसके लिए मैं पार्टी का अभारी हूं। आपके द्वारा भाजपा को दिए गए एक एक मत से आप मोदी सरकार को तीसरी बार मजबूती देंगे। इससे देश में कड़े और साहसिक फैसले लिए जाएंगे। मोदी सरकार ने अपने इन दस सालों के कार्यकाल मे जम्मू और कश्मीर से धारा 370, उत्तरप्रदेश के अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण, (सीएए) नागरिक संशोधन अधिनियम, महिलाओं को विधानसभा व लोकसभा में 33 फीसदी आरक्षण, भारत को आर्थिक दृष्टि से 11वें स्थान से पाचवीं विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाया है। कोई भी देश आज भारत को आंख दिखाने की हिम्मत नहीं करते हैं।

भारत आज दुश्मन को उसकी मांद में घूस कर मारता है। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा जिला महासू के ऊर्जावान अध्यक्ष अरुण फाल्टा, भाजपा नेत्री एवं पूर्व भाजपा प्रत्याशी शशि बाला, मंडल अध्यक्ष शशि रावत, मंडलमहामंत्री राजकुमार शरवाण व विजय मेहता आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# बिंदल ने कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान, रामपुर**

रामुपर में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि महिला उत्थान की दृष्टि से जो कार्य नरेंद्र मोदी की सरकार ने विगत दस वर्षों में किए वो कांग्रेस पार्टी 50 वर्षों के शासन में भी नहीं कर पाई। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में स्वयं सहायता समूहों को भारी मात्रा में सहयोग करते हुए एक करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाया गया और चार करोड़ बहनों को इस आगामी समय में लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। दस करोड़ बहनों को स्वयं सहायता समूहो के माध्यम से सर्विस सेक्टर में शामिल करते हुए आत्मनिर्भर करने का प्रयास जारी है।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी महत्वकांक्षी योजना को चलाकर जनसंख्या अनुपात को बराबर करने में अहम भूमिका निभाई गई है। महिलाओं को सिविल ऐवियेशन सेक्टर में, रक्षा क्षेत्र में, वायु सेना में, नेवी में महत्वपूर्ण स्थान देते हुए महिलाओं का सम्मान बढ़ाया। लोकसभा व विधानसभाओं में 33



प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण का प्रावधान करना बदलते भारत की नींव साबित होगा। डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने और इनके इंडी गठबंधन के साथियों ने महिला आरक्षण विधेयक को अटकाया, लटकाया व भटकाया जिसके कारण 40 वर्ष पहले जो विधेयक पारित होना चाहिए था वह न हो पाया और इसका संपूर्ण दोष कांग्रेस पार्टी, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और स्व. राजीव गांधी को जाता है और इसे पारित कराने के लिए नरेंद्र मोदी का सदा आभारी रहेगा। डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश के मान बिंदुओं के साथ खिलवाड़ किया। देश के इतिहास को गलत तरीके से प्रस्तुत किया।

## जनता को भ्रमित कर रही कांग्रेसः रणधीर

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुक्खू के बयान को विधायक रणधीर शर्मा ने हास्यास्पद बताया जिसमें उन्होंने कहा कि सरकार के 15 महीने के कार्यकाल को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रश्न करते हुए कहा कि ऐसी कौन सी उपलब्धि है जिसे लेकर वो जनता के बीच जा रहे हैं। उन्होंने ऐसा कौन सा काम किया है जिसे लेकर जनता के बीच जा रहे है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि इन 15 महीनों में मात्र जनता को तंग किया, परेशान किया चुनावी वादे व गारंटीया पूरे करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया। महिलाओं को 1500 रुपए देने के वादे पर सरकार बनाने वाली कांग्रेस डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी वादे को पूरा नहीं कर पाई है। जनता को भ्रमित कर रहे हैं कि मई से यह राशि महिलाओं को दी जाएगी।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अब छह मई को आएंगी शिमला

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शिमला दौरे को लेकर बदलाव हुआ है। राष्ट्रपति भवन से प्राप्त सूचना के मुताबिक राष्ट्रपति अब छह मई को शिमला आएंगी।

पहले ये दौरा 30 अप्रैल को प्रस्तावित था। ऐसे में सरकार नए शेड्यूल के अनुसार तैयारियों में जुट गई है। शिमला के छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास रिट्रीट में भी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

हिमाचल आने पर राष्ट्रपति रिट्रीट में भी ठहरते हैं। बता दें कि पिछले साल भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गर्मियों में शिमला आईं थी। इस बार भी राष्ट्रपति के सम्मान में एट होम का आयोजन किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## पिछले साल पहली बार शिमला आईं थीं द्रौपदी मुर्मू

**शिमला** दौरे के दौरान राष्ट्रपति छराबड़ा स्थित अपने सरकारी निवास रिट्रीट में रुकेंगी और प्रबुद्ध लोगों से मुलाकात भी करेंगीण् गौरतलब है कि श्द रिट्रीटश् देश में मौजूद तीन राष्ट्रपति के आधिकारिक निवासों में से एक हैण् इसमें एक दिल्ली का राष्ट्रपति भवनए दूसरा हैदराबाद का राष्ट्रपति निलायम और तीसरा शिमला का रिट्रीट है।

## दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल

**हिमाचल** दौरे के दौरान राष्ट्रपति का धर्मशाला जाने का भी कार्यक्रम तय है। जहां वह कंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी। वहीं, राष्ट्रपति का वानिकी विश्वविद्यालय सोलन के दीक्षांत समारोह में जाने का कार्यक्रम रद्द हो गया था। राष्ट्रपति भवन से पहले जो टेंटेटिव शेड्यूल आया था। उसमें उनका 30 अप्रैल से पांच मई तक शिमला का कार्यक्रम निर्धारित था। ऐसे में राष्ट्रपति के डिप्टी सेक्रेटरी मिलिट्री शिमला में अधिकारियों के साथ बैठक भी कर ली थी लेकिन अब दौर को बदलाव को लेकर राष्ट्रपति भवन से नया शेड्यूल जारी हुआ है। वहीं, अब राष्ट्रपति छह मई से दस मई तक हिमाचल में रहेंगी।

**समापन** युवक मंडल ठंगी में आयोजित सेवन बद्रर्ज मेमोरियल कप हुआ संपन्न, विजेताओं को किया सम्मानित

# शंकर इलेवन की टीम ने चूमी क्रिकेट ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

सांस्कृतिक युवक मंडल ठंगी द्वारा आयोजित छह दिवसीय सेवन बर्द्रज मेमोरियल कप 2024 क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन बतौर मुख्यातिथि जनजातीय सलाहकार परिषद सदस्य डॉ. सूर्या बोरस ने किया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ. बोरस ने युवक मंडल को प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी व कहा कि प्रतियोगिता का आयोजन युवक मंडल के स्वर्गीय सात सदस्यों की याद में किया गया जो उन के लिए श्रदांजलि है। बोरस ने कहा कि राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के आशीर्वाद से क्लब को एक लाख व मैदान निर्माण के लिए 15 लाख रुपए की सहायता मिल चुकी है। इसके लिए राजस्व मंत्री का आभार व्यक्त किया। इस प्रतियोगिता में शंकर इलेवन ठंगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम को एक लाख, जबकि रनरअप रारंग क्रेजी ब्वायज की टीम को पच्चास हजार, तीसरे स्थान पर रही पांगी की टीम को पच्चीस हजार रुपए नकद ईनाम तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।


क्रिकेट टीम के विजेता खिलाड़ी ट्रॉफियां के साथ सामूहिक चित्र में।

फाइनल मैच शंकर इलेवन ठंगी व क्रेजी ब्वायज रारंग के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रारंग की टीम में 10 ऑवर में 93 रन बनाए। जबकि शंकर इलेवन 94 रन का पीछा करते हुए 9 ओवर 3 बोल में लक्ष्य को प्राप्त कर जीत हासिल की। इस मैच में शंकर इलेवन के टीम के दो भाइयों शक्ति चारस व कमल चारस ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत दिलाई।

## कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

**इस** अवसर पर सांस्कृतिक युवक मंडल ठंगी के अध्यक्ष विजय दीप, पंचायत प्रधान ठंगी रूपा खोजान, उपप्रधान अदित कुमार, महिला मंडल प्रधान बुद्धा देवी, पूह ब्लॉक उपाध्यक्ष बंसी लाल नेगी, उपाध्यक्ष पंचायत समिति अनिता देवी, देवता रपुक शंकर के कारदार सहित पंचायत वार्ड सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

## विकास विरोधी है कांग्रेसः सुखराम

**शिमला।** भाजपा के पूर्व मंत्री एवं संसदीय क्षेत्र प्रभारी सुखराम चौधरी ने कांग्रेस नेता संजय अवस्थी को जवाब देते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी युवा, किसान, विकास विरोधी हैं। कांग्रेस नेता द्वारा लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद और निराधार है। उन्होंने कहा की हिमाचल के आर्थिक सर्वेक्षणरिपोर्ट 2022-23 के अनुसार प्रदेश की बेरोज़गारी की दर 4.4 प्रतिशत हो गई है, प्रदेश के रोजगार कार्यालयों में 7,42,845 आवेदक पंजीकृत हैं। यह बेरोजगारी कांग्रेस राज में बढ़ती दिखाई दे रही है। जब से कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई है तब से कांग्रेस सरकार ने 10 हजार नौकरियां जरूर छीन ली है। कोविड संकटकाल के समय जनता की सेवा कर रहे 10 हजार लोग है जो आउटसोर्स में काम कर रहे थे और उनको भी इस कांग्रेस सरकार में नौकरी से निकाल दिया था।

## न्यूज ब्रीफ

### एशियाई क्वालीफायर नहीं खेल सकेंगे पहलवान पूनिया-सुजीत

**नई दिल्ली।** बिश्केक में एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय कुश्ती दल को करारा झटका लगा क्योंकि देश के दो सर्वश्रेष्ठ पहलवान दीपक पूनिया और सुजीत कलाकल समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण टूर्नामेंट नहीं खेल सकेंगे। दुबई में खराब मौसम के कारण उनकी फ्लाइट देर से बिश्केक पहुंची।



भारी बारिश और बाढ़ के कारण दोनों दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंसे रहे और वजन कराने के समय पर नहीं पहुंच सके।सूत्रों ने कहा कि भारतीय कोचों के अनुरोध के बावजूद आयोजकों ने उन्हें अनुमति नहीं दी। पूनिया (86 किलो) तोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने के करीब पहुंचे थे। वह और सुजीत (65 किलो) पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने बिश्केक पहुंचे, जबकि दुबई से जाने वाली अधिकांश उड़ानें हवाई अड्डे पर पानी भरा होने के कारण या तो रद्द हो गई या देर से पहुंची।

### पीएम मोदी ने अमरोहा में क्रिकेटर मोहम्मद शमी को किया याद

**अमरोहा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां चुनावी रैली के दौरान भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को याद किया जो घुटने की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर हैं। लोकसभा चुनाव में अमरोहा में भाजपा के करन सिंह तंवर का मुकाबला कांग्रेस गठबंधन के दानिश अली से हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को अमरोहा की रैली में कहा कि क्रिकेट वर्ल्ड कप में भाई मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया, वह पूरी दुनिया ने देखा है। खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार ने शमी को अर्जुन पुरस्कार दिया है। उन्होंने कहा, ''योगी की सरकार दो कदम आगे बढ़ी है। योगी यहां के युवाओं के लिए स्टेडियम भी बनवा रहे हैं।'' गौरतलब हैं कि शमी अमरोहा के ही रहने वाले हैं।

### हार्दिक पांड्या पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना

**मुंबई।** पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच जीतने के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या को तगड़ा झटका लगा है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में हुई बड़ी गलती के चलते हार्दिक पर जुर्माना लगा है। पंजाब के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के चलते 12 लाख रुपए जुर्माने के तौर पर देने पड़े। 18 अप्रैल को मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को उसके नए घर मुल्लांपुर में हराकर जीत हासिल की थी। मैच के दौरान स्लो ओवर रेट की वजह से पांड्या को 12 लाख रुपए का नुकसान झेलना पड़ेगा। अगर हार्दिक पांड्या एक बार और स्लो ओवर रेट की गलती करते हैं तो उन पर लगने वाला जुर्माना डबल हो जाएगा।



### तुर्किए में लगे भूकंप के झटके, इमारतों को हुआ नुकसान

**अंकारा।** तुर्किए में गुरुवार को 5.6 तीव्रता के भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया। देश की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने यह जानकारी दी। आपदा प्रबंधन एजेंसी के मुताबिक, राजधानी अंकारा से लगभग 450 किलोमीटर पूर्व में स्थित टोकाट प्रांत के सुलुसराय शहर में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे कुछ इमारतें जमींदोज हो गईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। किसी के हताहत होने के बारे में अभी तक कोई सूचना नहीं है। तीन सप्ताह पहले शक्तिशाली भूकंप से तुर्किये-सीरिया क्षेत्र में भीषण तबाही हुई थी।




### भारतीय मूल के प्रोफेसर उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित

**ह्यूस्टन।** ह्यूस्टन विश्वविद्यालय के 'कुलेन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग' में सेवारत, 'ग्लोबल एनर्जी' पुरस्कार विजेता, भारतीय मूल के प्रोफेसर कौशिक राजशेखर को जापान की इंजीनियरिंग अकादमी के अंतरराष्ट्रीय फेलो के रूप में चुना गया है। विश्वविद्यालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इस संबंध में कहा गया कि मूल रूप से कर्नाटक के एक छोटे से गांव के रहने वाले प्रोफेसर कौशिक राजशेखर को बिजली रूपांतरण और परिवहन के विद्युतीकरण में उनके योगदान के लिए चुना गया हैं। अंतरराष्ट्रीय फेलो के रूप में राजशेखर का चयन विशेष रूप से ''उस ऊर्जा में उनके उत्कृष्ट वैज्ञानिक अनुसंधान और वैज्ञानिक-तकनीकी क्षेत्र में उनके योगदान का सम्मान करता है।

### दुबई में आई बाढ़ तो लोगों ने भारत से जोड़ा इसका कनेक्शन

**दुबई।** यहां लगातार हुई बारिश के बाद हर तरफ पानी ही पानी जमा हो गया। इस बीच बारिश को लेकर अलर्ट भी जारी किया गया था। दुबई तो दुनिया के बेहतरीन जगहों में से एक माना जाता है, यहां पर दुनियाभर से लोग घूमने आते हैं, लेकिन इस दुबई में अभी लोगों के हाल बेहाल हैं। दुबई में आई इस बाढ़ का कनेक्शन भारत से जोड़ा जा रहा है। सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें पीएम मोदी का नाम भी इसमें सामने आ रहा है। सऊदी अरब के अबू धाबी में पहले मंदिर का निर्माण हो चुका है, जिस जगह पर यह मंदिर बना है उस जगह का नाम 'अल विकबा' है, जो सऊदी अरब के अबू धाबी में स्थित है। हाइवे से लगी यह जगह अबू धाबी से करीब 30 मिनट की दूरी पर है।

### पाकिस्तान के कराची में आत्मघाती हमले में बाल-बाल बचे जापानी

**कराची।** पाकिस्तान में सिंध प्रांत के कराची में शुक्रवार को आतंकवादियों ने जापान के नागरिकों के एक वाहन को निशाना बनाते हुए आत्मघाती हमला किया, लेकिन गनीमत यह रही कि वाहन सवार जापानी नागरिक हमले में बाल-बाल बच गए। उप महानिरीक्षक (पूर्व) अजफर महेसर ने कहा कि मोटरसाइकिल सवार आतंकवादियों ने लांधी में मुर्तजा चौरंगी के पास जापानी नागरिकों की वैन को टक्कर मारने का प्रयास किया।



## आईपीएल-2024

### ऋषभ पंत की भावुक घर वापसी, लेकिन उनकी टीम को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

# दिल्ली के सामने सनराइजर्स हैदराबाद की चुनौती

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पिछले साल अरुण जेटली स्टेडियम पर बैसाखियों के सहारे चलते नजर आए ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में लौटेंगे तो यह उनके लिए भावुक पल होगा, लेकिन उनकी टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी करना होगा।

दिल्ली ने अब तक मिलाजुला प्रदर्शन किया है, हालांकि लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस को हराकर वे दौड़ में बने हुए हैं। अब तक सात मैचों में से दिल्ली ने तीन जीते और चार हारे हैं। आईपीएल अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज सनराइजर्स की टीम दो बार टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर (तीन विकेट पर 277 रन और तीन विकेट पर 287 रन) बना चुकी है । ऐसे में कप्तान पंत को कोटला की घरेलू पिच पर अपने संसाधनों का चतुराई से इस्तेमाल करना होगा।



सनराइजर्स के ट्रेविस हेड (235 रन) 39 मैच में शतक जड़ने का कारनामा कर चुके हैं। वहीं अभिषेक शर्मा ने भी 211 रन बना लिए हैं। दोनों पावरप्ले में आक्रामक प्रदर्शन करने को बेताब होंगे। दोनों का स्ट्राइक रेट 199 और 197 रहा है जो ईशांत शर्मा, खलील अहमद और मुकेश कुमार की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के लिये कड़ी चुनौती होगा। वहीं हेनरिच क्लासेन का भी स्ट्राइक रेट 199 के करीब रहा है और वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर्स में से एक हैं। ये तीनों मिलकर सनराइजर्स की बल्लेबाजी को खतरनाक बनाते हैं। कुलदीप यादव के रूप में दिल्ली के पास ट्रंपकार्ड है जिनका इकॉनामी रेट छह के करीब है। स्पिन गेंदबाजी में उनका साथ देने के लिये अक्षर पटेल के अलावा तीसरा विकल्प ट्रिस्टन स्टब्स हैं। पंत अगर टॉस जीतते हैं तो बल्लेबाजी चुन सकते हैं। वैसे डेविड वॉर्नर की चोट उनके लिए चिंता का विषय है, हालांकि पहले दो मैचों में जैक फ्रेसर मैकगुर्क ने प्रभावित किया है। सनराइजर्स की बल्लेबाजी जहां बेहतरीन रही है, वहीं उसके गेंदबाजों ने निराश किया है। सिर्फ कप्तान पैट कमिंस (7.87) का इकॉनॉमी रेट ही आठ से नीचे रहा है जो टी-20 क्रिकेट में अच्छा माना जाएगा।

#### संभावित टीमें

**सनराइजर्स हैदराबाद**
जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक।

**दिल्ली कैपिटल्स**
ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी शा, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स ।

### धाविका शालू चौधरी को मिली क्लीन चिट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधी एजेंसी की अपील पैनल ने मध्यम दूरी की धाविका शालू चौधरी को डोपिंग के आरोपों से बरी करके चार साल का प्रतिबंध हटा दिया है, क्योंकि डीएनए टेस्ट में पता चला कि उनके मूत्र के नमूने से या तो छेड़छाड़ की गई या नमूने लेते समय वह दूषित हो गया था। तीस वर्ष की चौधरी पर पिछले साल प्रतिबंध लगाया गया था और वह नाडा की अनुशासन समिति के सामने अपील हार गई थी। उन्हें दो प्रतिबंधित दवाओं के कथित इस्तेमाल के कारण प्रतिबंध झेलना पड़ा था। आठ सौ मीटर में राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता चौधरी ने मूत्र के नमूने के डीएनए टेस्ट की मांग की जिसे अनुशासन समिति ने तो खारिज कर दिया लेकिन अपील पैनल ने मान लिया। डीएनए जांच लंदन के किंग्स कॉलेज स्थित फोरेंसिक विभाग द्वारा कराई गई।



# गुकेश को फिर संयुक्त बढ़त

### प्रज्ञानानंदा और गुजराती दौड़ से बाहर

**एजेंसी, टोरंटो**

भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए अजरबैजान के निजात अबासोव को हराकर कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढत बना ली, लेकिन आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती 12वें दौर के बाद दौड़ से बाहर हो गए।



अमेरिका के हिकारू नकामूरा ने फ्रांस के फिरोज अलीरजा को हराया। गुकेश और नकामूरा अब रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ शीर्ष पर है जिन्होंने प्रज्ञानानंदा से ड्रॉ खेला। इन तीनों के 7-5 अंक हैं, जबकि अमेरिका के फेबियानो कारूआना उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा छह अंक लेकर पांचवें स्थान पर हैं, जबकि गुजराती के पांच अंक हैं। आठ खिलाड़ियों के दोहरे राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के दो दौर बाकी हैं और उनके लिए शीर्ष तीन में जगह बनाना नामुमकिन है। अलीरजा और अबासोव के 4-5 अंक हैं। महिला वर्ग में चीन की झोंग्यी तान ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा से ड्रॉ खेला।

### बुमराह के खिलाफ स्वीप शॉट खेलना मेरा सपना था: आशुतोष

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के आक्रामक बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने कहा कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को स्वीप शॉट खेलना हमेशा से उनका सपना था जो मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मैच में पूरा हुआ। आशुतोष ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 28 गेंद में 61 रन बनाए लेकिन उनकी टीम नौ रन से हार गई। आशुतोष ने मैच के बाद मीडिया से कहा, ''बुमराह को स्वीप शॉट लगाना मेरा सपना था। मैं उस शॉट का अभ्यास कर रहा था और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज के सामने वह शॉट खेला।'' उन्होंने कहा, ''मुझे भरोसा था कि मैं टीम को मैच जिता सकूंगा।'' टीम की हार के बावजूद उन्होंने कहा, ''जीत और हार खेल का हिस्सा है।



# बारिश में धुला पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी-20

**एजेंसी, रावलपिंडी**

तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी टल गई क्योंकि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी-20 मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय एक विकेट पर दो रन था जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। शाहीन शाह अफरीदी ने न्यूजीलैंड के लिए पदार्पण कर रहे टिम रॉबिनसन को बोल्ड कर दिया था। बारिश के कारण मैच प्रति टीम पांच ओवर का कर दिया गया था लेकिन दो ही गेंद डाली जा सकी । टॉस भी हल्की बूंदाबांदी के कारण आधा घंटे देर से हुआ। दूसरा टी-20 मैच शनिवार को खेला जाएगा। आमिर और हरफनमौला इमाद वसीम संन्यास का फैसला बदलकर इस शृंखला में लौटे हैं। दोनों ने जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भी खुद को उपलब्ध बताया है।



# नीता अंबानी ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में माथा टेका

**अमृतसर।** रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष नीता अंबानी ने अमृतसर में स्थित स्वर्ण मंदिर में माथा टेका। स्वर्ण मंदिर के प्रबंधक इकबाल सिंह मुखी ने शुक्रवार को बताया कि वह शाम करीब 7.30 बजे यहां पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने स्वर्ण मंदिर के गर्भगृह में मत्था टेकने से पहले पवित्र मंदिर की 'परिक्रमा' की। यहां मत्था टेकने के बाद उन्होंने कड़ा प्रसाद खाया। वह स्वर्ण मंदिर के पवित्र 'सरोवर' के चारों ओर बने संगमरमर के गलियारे में बैठीं और गुरबानी कीर्तन भी सुना। मुखी ने बताया, वह रात 11.30 बजे तक स्वर्ण मंदिर परिसर में रहीं और इस दौरान उन्होंने 'लंगर' में भोजन भी किया। उन्होंने कहा कि नीता अंबानी हर साल स्वर्ण मंदिर में मत्था टेकने आती हैं।



# पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में शुक्रवार को तेजी का रुख रहा। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड 2 डॉलर प्रति डॉलर से ज्यादा उछलकर 90 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है।




सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए, डीजल 87.62 रुपए, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए, डीजल 92.15 रुपए, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपए, डीजल 90.76 रुपए, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपए और डीजल 92.34 रुपए प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 2.29 डॉलर, यानी 2.63 फीसदी की उछाल के साथ 89.40 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है।

# सिपला को झटका, जीएसटी प्राधिकरण ने लगाया 1.83 करोड़ रुपए का जुर्माना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उत्पाद शुल्क से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर अमान्य क्रेडिट (ट्रांजिशनल) का दावा करने के लिए जीएसटी प्राधिकरण ने उस पर 1.83 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है।

सिप्ला ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी को सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई, महाराष्ट्र के प्रधान आयुक्त से 1,83,17,388 रुपए का जुर्माना लगाने का आदेश मिला है। यह आदेश केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 और महाराष्ट्र माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के तहत जारी किया गया। यह आदेश जारी करते हुए जीएसटी प्राधिकरण ने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2017-18 में उत्पाद शुल्क व्यवस्था से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर संक्रमणकालीन 'ट्रांजिशनल' क्रेडिट का दावा किया है, जो मान्य नहीं था। प्राधिकरण ने जुर्माने के साथ इसकी वसूली का आदेश दिया है।

# वोटिंग के दिन सोने की फीकी पड़ी चमक, चांदी में कोई बदलाव नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण की वोटिंग के दिन शुक्रवार को घरेलू सर्राफा बाजार में कमजोरी नजर आ रही है। सोने की कीमत में आज 200 से 300 रुपए प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है, जिसके कारण चेन्नई के अलावा शेष ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना टूट कर 74 हजार रुपए के स्तर से नीचे आ गया है।



चांदी के भाव में शुक्रवार को कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी भी 86,400 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना शुक्रवार को 73,940 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,790 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,790 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,690 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,550 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,340 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

### यूक्रेन का दावा रूस का स्ट्रेटेजिक बॉम्बर मार गिराया

**कीव।** यूक्रेन ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने रूस के स्ट्रेटेजिक बांबर को मार गिराया, लेकिन मॉस्को अलग तरह की बात कह रहा है। दरअसल, मॉस्को के अधिकारियों का कहना है कि स्ट्रेटेजिक बांबर विमान एक मिशन के बाद आई खराबी की वजह से कम आबादी वाले इलाके में क्रैश हो गया। रूस और यूक्रेन के बीच दो साल से भी ज्यादा समय से युद्ध छिड़ा हुआ है। ऐसे में किसी भी दावे की पुष्टि नहीं की जा सकती है। इस युद्ध के बीच रूसी फाइटर जेट्स को मार गिराने के यूक्रेन के पिछले दावों का मॉस्को ने या तो खंडन किया था या उस पर चुप्पी साधी थी।

## बाजार

### सात हफ्ते की बढ़त के बाद दर्ज की गिरावट, गोल्ड रिजर्व बढ़ा

# देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लगातार सात हफ्ते की बढ़त के बाद देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट दर्ज की गई है। 12 अप्रैल 2024 को समाप्त सप्ताह में यह 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.16 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 5 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में यह 2.98 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 648.56 अरब डॉलर के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया था।

रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के मुताबिक, 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.51 अरब डॉलर घटकर 564.65 अरब डॉलर रह गई। इससे ठीक पहले, यानी 5 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में यह 54.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 571.17 अरब डॉलर पर पहुंच गई थी।

डॉलर में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में घट-बढ़ के प्रभावों को शामिल किया जाता है। आरबीआई के अनुसार गोल्ड रिजर्व 1.2 अरब डॉलर बढ़कर 55.7 अरब डॉलर हो गया।

इससे ठीक पहले सप्ताह, यानी 5 अप्रैल को गोल्ड रिजर्व 54.5 अरब डॉलर के स्तर पर था।

### भारत में गेहूं का भंडार 16 साल के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली ।** पिछले दो सालों में कम फसल के कारण, सरकारी गोदामों में गेहूं का भंडार 16 सालों में सबसे कम हो गया है। बीते सालों के दौरान घरेलू सप्लाई बढ़ाने और कीमतों को कम करने के लिए, भारत सरकार ने रिकॉर्ड मात्रा में गेहूं बेचा है। आंकड़ों के अनुसार, 1 अप्रैल को सरकारी भंडार में गेहूं का भंडार केवल 7.5 मिलियन मीट्रिक टन रह गया था, जो पिछले साल के 8.35 मिलियन मीट्रिक टन से कम है।

## लोकतंत्र का महापर्व



साउथ के सुपर स्टार रजनीकांत, कमल हासन व अजित कुमार ने किया मतदान।



बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने उत्तराखंड के कोटद्वार में डाला वोट।



हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र से त्रिवेंद्र रावत ने परिवार के साथ किया मतदान।



उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने डाला वोट।



मुजफ्फरनगर में केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने किया मतदान।



दक्षिण चेन्नई से भाजपा उम्मीदवार तमिलिसाई सौंदर्याराजन ने डाला वोट।



योगगुरु बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने डाला वोट।



दुनिया की सबसे छोटे कद वाली महिला ज्योति आमगे ने किया मतदान।



भाजपा नेता मुरुगन ने चेन्नई में किया मतदान।



केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने किया मतदान।



भाजपा उम्मीदवार बिप्लब कुमार देब ने भी डाला वोट।